सुप्रभात
रांची, गुरुवार
22.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 337

12 पोते की शादी में पहली पत्नी के साथ नजर आये धर्मेंद्र


झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

## पंचायती राज, राजस्व, वित्त एवं खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत
# 2,550 पद हेतु नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
## श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज तथा संसदीय कार्य विभाग

**डॉ. रामेश्वर उराँव**
माननीय मंत्री, योजना एवं विकास, वित्त, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

### नियुक्तियों का विवरण -

पंचायती राज विभाग अंतर्गत
**1,633 पंचायत सचिव**

राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत
**707 निम्न वर्गीय लिपिक**

वित्त विभाग अंतर्गत
**166 निम्न वर्गीय लिपिक**

खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत
**44 निम्न वर्गीय लिपिक**




**दिनांक : 22 जून, 2023 | समय : अपराह्न 01:00 बजे**
**स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची**

PRNO 300591 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

खबर एक नजर में

## सीएम से मिले केरल के पूर्व वित्त मंत्री



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केरल के पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इस्साक एवं पूर्व मुख्य सचिव केरल एसएम बिजयानंद ने मुलाकात की। संयुक्त रूप से उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वे झारखंड भ्रमण पर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ राज्य में विकास की संभावनाओं को लेकर कुछ अहम सुझाव साझा किये। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पीपुल्स प्लानिंग पुस्तक सप्रेम भेंट की। मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, वंदना डाडेल भी उपस्थित थे।

## राज्य के स्कूलों में आज से पढ़ाई शुरू

**रांची।** गर्मी छुट्टी के बाद आज गुरुवार से राज्य के स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो जायेगी। पहली से 8वीं तक की कक्षाएं बुधवार तक गर्मी छुट्टी के कारण बंद कर दी गयी थी। हालांकि सूचना के अभाव में बुधवार को भी बारिश में भींगकर कुछ बच्चे स्कूल पहुंच गये थे। वहीं बच्चे स्टॉप पर भी खड़े देखे गये। हालांकि बाद में जानकारी मिलने के बीद सभी वापस अपने घर लौट गये।

## रांची जिला कांग्रेस कमिटी की अनुशासन समिति गठित

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के अनुशासन से संबंधित मामलों से निपटने के लिए एक अनुशासन समिति का गठन किया गया है। कमिटी में नागेन्द्र नाथ गोस्वामी को अध्यक्ष तथा सदन साहू, अशोक मिश्रा, विनोद कुमार सिंह एवं अकलीमा खातून को सदस्य बनाया गया है। यह जानकारी रांची जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह कार्यालय प्रभारी संजय कुमार ने दी।

## सारंडा जंगल में अवैध खनन मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी प्रगति रिपोर्ट

**रांची।** सारंडा के जंगल में अवैध खनन और प्रदूषण के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार को प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने सरकार से यह बताने को कहा है कि सारंडा में रखे हुए खनिज पदार्थों को हटाया गया है या नहीं। सारंडा के जंगल में अवैध खनन से हो रहे प्रदूषण के खिलाफ विधायक सरयू राय ने जनहित याचिका दायर की है।

## विभावि में वीसी कोटे से नामांकन पर रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में चल रहे वाइस चांसलर कोटे से दो सीटों के नामांकन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। मोहम्मद अख्तर की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंदा सेन ने पाया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में अवैध प्रैक्टिस चल रही है। सामान्य कोटे से दो सीटों को काटकर उसे वीसी कोटा का नाम देकर खरीद-फरोख्त का खेल चल रहा था। लगभग सभी विभागों में दो सीट वीसी कोटा के माध्यम से बिना किसी प्रक्रिया के नामांकन लिये जाते थे। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में वर्ष 2009 से सीटों के खरीद-फरोख्त का खेल चल रहा है।

## मांगें जल्द नहीं पूरी हुई तो आंदोलन : झासा

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ झासा ने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों के प्रति संवेदनशील रूख नहीं अपनाती है, तो संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा। संघ की ओर से बताया गया कि आंदोलन की रणनीति अगली बैठक में तय की होगी। झासा कार्यकरिणी की अगली बैठक शीघ्र ही बुलायी जायेगी और उसमें आंदोलन की रणनीति तय की जायेगी।

**क्या है संघ की मांगें** : राज्य प्रशासनिक सेवा को प्रीमियर सर्विस घोषित की जाये। झारखंड प्रशासनिक सेवा के लगभग 300 पदाधिकारियों को प्रोन्नत पद पदस्थापन हो। सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा को लागू करने के लिए गठित फिटमेंट कमेटी की अनुशंसा की स्वीकृति संबंधी अधिसूचना जारी हो। झाप्रसे के सभी पदाधिकारियों का कार्मिक विभाग से पहचान पत्र निर्गत हो। प्रशासनिक पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए पूर्व निर्धारित नियमों एवं समय सीमा का अनुपालन हो और पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत पदाधिकारियों का पदस्थापन किया जाये।

## आजसू का आज सभी विस क्षेत्र में संकल्प सभा

**रांची।** आजसू पार्टी आज आज पूरे राज्य में संकल्प दिवस मनाएगी। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि संकल्प दिवस के अवसर पर सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में मिलन समारोह का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे। संकल्प दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी एवं पार्टी की अनुषंगी इकाई के सभी नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक राज्य की मर्यादा एवं जनमन की सुरक्षा के संकल्प के साथ-साथ वैचारिक मूल्यों को बचाने का संकल्प लेंगे। साथ ही साथ झारखंड अलग राज्य गठन के उद्देश्यों का मूल्यांकन और राज्य की वर्तमान दशा एवं दिशा पर चर्चा की जाएगी।

## महाराष्ट्र के डॉक्टर पवन बजाज को जेल

**रांची।** रांची पुलिस ने महाराष्ट्र के जलगांव जिले के डॉक्टर पवन बजाज को गिरफ्तार किया है। डॉ. पवन बजाज पर दहेज उत्पीड़न का आरोप है। उनके खिलाफ रांची के लालपुर थाना में दीप्ति धनानी ने साल 2019 में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद निचली अदालत ने पवन बजाज को अग्रिम बेल देने से इनकार कर दिया था। डॉक्टर पवन बजाज की गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

### भाजपा सांसद ने केंद्र की मोदी सरकार की गिनायी नौ साल की उपलब्धियां

# बिजली-पानी को लेकर मची है हाहाकार, सरकार देख रही मुंगेरी लाल के हसीन सपने : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने राज्य सरकार पर केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं को राजनीतिक विद्वेष की वजह से लटकाने का आरोप लगाया है। श्री सेठ बुधवार को अपने अरगोड़ा स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धि बेशुमार है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में जिस तरह से जल जीवन मिशन की स्थिति बनी हुई है उससे साफ लग रहा है कि राज्य सरकार इसके प्रति जान-बूझकर उदासीन है। बिजली पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है लेकिन, सरकार मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखने में लगी है। उन्होंने राजधानी सहित राज्यभर में बिजली-पानी को लेकर मची हाहाकार के लिए हेमंत सरकार को दोषी माना है। उन्होंने कहा है कि इससे अच्छी बिजली संयुक्त बिहार के समय रांची में बिजली मिलती थी। आज हालात ऐसे हैं कि राजधानी में 10-10 घंटे बिजली कटती है। ग्रामीण क्षेत्रों का तो और बुरा हाल है। इसी तरह पानी को लेकर आम लोगों को हो रही परेशानी पर नाराजगी जताते हुये उन्होंने कहा है कि एक तरफ पार्षदों को अधिकार नहीं देकर राज्य सरकार ने बड़ी गलती की है। वहीं, दूसरी तरफ पिछली सरकार में बनी पानी टंकी को अभी तक चालू नहीं कर जल जीवन मिशन को बुरी तरह से प्रभावित किया है।



उन्होंने राज्य सरकार पर मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने का आरोप लगाते हुये कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं राज्य में चल रही हैं, उसे जान बूझकर वर्तमान राज्य सरकार ठंडे बस्ते में डाल रही है।

केंद्र में मोदी सरकार के 9 साल को बेमिसाल बताते हुए श्री सेठ ने कहा है कि मोदी सरकार में देश का हर नागरिक सुरक्षित है। जिसमें गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्र के नवनिर्माण तक का कार्य हुआ है। देश के विद्यार्थी, मजदूर, किसान, महिला, उद्यमी, वैज्ञानिक, श्रमिक सहित हर वर्ग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सीधा संवाद किया है। यही वजह है कि 9 वर्षों में ना सिर्फ हमारा देश मजबूत हुआ बल्कि हमारे देश के गरीबों के कल्याण हुआ। वैश्विक स्तर पर हमारी पहचान बहुत मजबूत हुई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। पहले बैंकों में खाता खुलवाना बहुत बड़ी बात होती थी। इसकी प्रक्रिया बड़ी जटिल होती थी परंतु मोदी जी ने इसे सरल बनाया और अब बैंक घर-घर जाकर सबके खाते खोल रहे हैं। जनधन योजना का जिक्र करते हुए कहा कि 40 करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते खोले गये। किसानों को हर वर्ष 6000 की आर्थिक सहायता ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। इसी तरह से महिला उद्यमियों को केंद्र सरकार के द्वारा ऋण प्रदान किये गये हैं। आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का मुफ्त उपचार और 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त अनाज जैसी योजनाओं ने गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में देश में हुए 9 वर्षों में विकास का दावा करते हुए कहा कि अब भारत दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक मोबाइल क्षेत्र में बन गया है।

## बहुचर्चित बकोरिया कांड को लेकर पीड़ितों को नोटिस

**रांची।** झारखंड के बहुचर्चित बकोरिया मुठभेड़ मामले में सीबीआई की से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ पीड़ित पक्ष की याचिका पर सुनवाई अब 27 जुलाई को होगी। बुधवार को सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण उरांव की अदालत में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। पीड़ित परिवारों को अदालत में क्लोजर रिपोर्ट पर पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया गया। उनलोगों की दलीलें सुनने के बाद ही अब अदालत मामले में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय लेगी। केस बंद किया जाये या जारी रखा जाये। मुठभेड़ में कुल 12 लोग मारे गए थे। इसमें एक मृतक के पिता ही क्लोजर रिपोर्ट की सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद थे। अन्य 11 लोगों के परिजनों को नोटिस भेजा गया है। पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में 8 जून 2015 को मुठभेड़ में डॉ अनुराग समेत 12 लोग मारे गये थे।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी रांची हिंसा मामले में स्टेटस रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में 10 जून को हुई हिंसा मामले पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में बुधवार को हस्तक्षेपकर्ता और प्रार्थी द्वारा उठाए गए सवालों पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। घटना में मृतक दो युवक के पिता की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल की गई है। उनकी ओर से अधिवक्ता मुख्तार खान ने कोर्ट से आग्रह किया कि मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए क्योंकि इस मामले में पुलिस ने ही भीड़ पर गोली चलाई थी जिससे दो युवकों की मृत्यु हुई थी। इसलिए पुलिस की जांच निष्पक्ष नहीं हो सकती है। मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। मामले की सुनवाई बुधवार को वर्चुअल मोड में हुई।

बता दें कि रांची हिंसा मामले में दायर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआईए, ईडी को प्रतिवादी बनाया है। अदालत से मामले की एनआईए जांच कराकर झारखंड संपत्ति विनाश और क्षति निवारण विधेयक-2016 के अनुसार आरोपियों के घर को तोड़ने का आदेश देने का आग्रह किया है। याचिका में रांची की घटना को प्रायोजित बताते हुए एनआईए से जांच करके यह पता लगाने का आग्रह किया है कि किस संगठन ने फंडिंग कर घटना को अंजाम दिया। नुपुर शर्मा के बयान पर जिस तरह से रांची पुलिस पर पत्थर बाजी हुई, प्रतिबंधित अस्त्र शस्त्र का प्रयोग हुए, धार्मिक स्थल पर पत्थरबाजी की गए यह प्रायोजित प्रतीत होता है।

## चेक बाउंस के मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल दस जुलाई को होंगी पेश

**रांची।** चेक बाउंस के एक मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल अदालत के आदेश को ठुकराते हुए बुधवार को उपस्थित नहीं हुई। अमीषा की ओर से उनके वकील ने कोर्ट में उपस्थित दर्ज कराई और अर्जी दाखिल कर कोर्ट को बताया कि किसी अनिवार्य काम से उन्हें चड़ीगढ़ और मोहाली जाना है। इसलिए निर्धारित तारीख को कोर्ट नहीं आ सकेंगी। उन्हें दूसरी तारीख दी जाये। न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत ने अर्जी मंजूर करते हुए मामले में अगली सुनवाई की तारीख 10 जुलाई निर्धारित की है। उस दिन आरोपी को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश है। मालूम हो कि चेक बाउंस के मामले में वारंट जारी होने के बाद अमीषा पटेल ने 17 जून को कोर्ट में सरेंडर किया। अदालत ने जमानत की सुविधा प्रदान की थी। अदालत ने 21 जून को अदालत में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने को कहा था।

## फर्जी मर्डर केस में जेल में रहे युवक को पांच लाख हर्जाना दे सरकार : हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने प्रीति हत्याकांड के फर्जी केस में जेल में रहे युवक की याचिका पर सुनवाई की। प्रार्थी अजीत कुमार की ओर से मुआवजा दिए जाने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि बिना सही जांच के किसी को जेल में रखना सही नहीं है। अदालत ने राज्य सरकार के गृह विभाग को यह निर्देश दिया है कि पीड़ित युवक को हर्जाने के तौर पर पांच लाख रुपये का भुगतान करें।

गौरतलब है कि 15 फरवरी 2014 को रांची के चुटिया की प्रीति नाम की एक युवती लापता हो गई थी। घटना के दूसरे दिन 16 फरवरी 2014 को बुंडू थाना क्षेत्र स्थित मांझी टोली पक्की रोड के समीप उसका शव बरामद हुआ था।

**धुर्वा के तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया था**



पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ था कि उस युवती की हत्या के बाद अपराधियों ने उसे जला दिया था। शव अज्ञात था। पुलिस ने प्रीति के परिजनों को पहचान करने को कहा। कद-काठी लगभग एक जैसी होने के कारण परिजनों ने प्रीति के शव होने की आशंका जताई थी। जिसके बाद पुलिस ने डीएनए मैच कराए बिना मान लिया की शव प्रीति का है। जिसके बाद पुलिस ने धुर्वा के तीन युवकों को गिरफ्तार किया। उनका नाम अजित कुमार, अमरजीत कुमार व अभिमन्यु उर्फ मोनू है। तीनों युवकों को 17 फरवरी 2014 को जेल भेज दिया गया।

### आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया था

15 मई 2014 को रांची पुलिस ने तीनों के खिलाफ अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और हत्या कर जलाने के मामले में आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया था। तीनों युवक इनकार करते रहे कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। सीआइडी की जांच के बाद इस केस के अनुसंधानकर्ता सुरेंद्र कुमार, तत्कालीन चुटिया थाना प्रभारी कृष्ण मुरारी और तत्कालीन बुंडू थाना प्रभारी संजय कुमार को निलंबित किया गया था। साबित हुआ था कि इन तीनों ने बिना सही अनुसंधान के तीनों छात्रों को गिरफ्तार किया और उन्हें जेल भिजवा दिया।

### गौ सेवा आयोग में राजीव रंजन व राजू गिरी ने पदभार संभाला

# गौ हत्या कानून का राज्य में सख्ती से कराया जायेगा पालन : राजीव रंजन



**खबर मन्त्र ब्यरो**

**रांची।** झारखंड गौ सेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद एवं उपाध्यक्ष राजू गिरी ने बुधवार को पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण के बाद राजीव रंजन प्रसाद ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता राहुल गांधी और प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के प्रति आभार जताया। कहा कि गौ हत्या निषेध कानून का पूरे राज्य में सख्ती के साथ पालन होगा। सरकार के साथ समन्वय बैठाकर यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होगी। राज्य की सभी गौशालाओं का निरीक्षण किया जायेगा।

मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर तथा अन्य भी मौजूद थे। इस दौरान राजू गिरी ने शिबू सोरेन एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया। कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे हरसंभव निभाने का प्रयास रहेगा। आयोग के कार्यों के बारे में डॉ अपर्णा पांडे (निबंधक, झारखंड गौ सेवा आयोग) ने जानकारी दी।

मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा कि पहली बार गौ सेवा आयोग और हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन हुआ है। अच्छे और कर्मठ लोगों को जिम्मेवारी मिली है। मुझे पूरी उम्मीद है महागठबंधन सरकार में संबंद्ध विभाग में अच्छा कार्य होगा।

### राजीव रंजन को गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने का विरोध

**रांची।** कांग्रेस नेता सुनील सिंह, सलीम खान, राजेश चंद्रा राजू और इश्तियाक अहमद ने राजीव रंजन प्रसाद को गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि राजीव रंजन प्रसाद को गौ सेवा का अध्यक्ष बनाकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जुझारू संघर्षशील ऊर्जावान और पूरे जीवन पार्टी को समर्पित कर देने वाले कांग्रेसियों का घोर अपमान है। नेताओं ने कहा कि झारखंड के सभी प्रमंडल से, सभी जाति धर्म से और जो 15 वर्षों से पार्टी की जिम्मेवारी का निर्वहन करते आ रहा है, उन्हें ही झारखंड बोर्ड निगम में जगह मिलनी चाहिए।

## गंभीर बीमारी व पति-पत्नी के मामले में ही मिलेगा अंतर जिला स्थानांतरण

### डीएसइ ने अधिकारियों को लिखा पत्र, 30 तक मांगे शिक्षकों के आवेदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** असाध्य रोग से ग्रसित और पति-पत्नी सरकारी सेवा में अगर अलग-अलग जिलों में कार्यरत हैं तो उन्हें अंतर जिला स्थानांतरण का लाभ मिलेगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र लिखकर प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का अंतर जिला स्थानांतरण से संबंधित इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र लेने को कहा है। इसमें कहा गया है कि विभाग के निर्देश के आलोक में अंतर जिला स्थानांतरण के लिए दो मामले पर ही विचार किया जाएगा। इनमें पहला असाध्य रोग से ग्रसित शिक्षक शिक्षिकाओं से संबंधित मामले पर विचार किए जाएंगे। इसके अलावा पति-पत्नी सरकारी सेवा में पृथक जिला में कार्यरत रहने से संबंधित मामलों पर भी विचार किया जाएगा। डीएसई मिथिलेश केरकेट्टा ने सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, विद्यालय निरीक्षक और निकासी एवं ब्रायन पदाधिकारियों को पत्र लिखकर इससे संबंधित आवेदन दिलाने को कहा है। उन्होंने कहा है कि अंतर जिला स्थानांतरण के लिए प्राप्त आवेदनों को अनुशंसा के साथ 30 जून की शाम 5 बजे तक उपलब्ध करा दें, ताकि जिला स्थापना समिति की बैठक में उनके अंतर जिला स्थानांतरण पर विचार किया जा सके।



## जेपी नड्डा का आज गिरिडीह दौरा

**रांची।** भाजपा ने मिशन 2024 का आगाज कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज झारखंड आ रहे हैं। इस दौरे को लेकर झारखंड भाजपा उत्साहित है। आज 10 बजे पूर्वाह्न गिरिडीह के झंडा मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। नड्डा नई दिल्ली से रांची पहुंचेंगे, फिर हेलीकॉप्टर से गिरिडीह जायेंगे। अब सवाल है कि नड्डा गिरिडीह के दौरे पर क्यों हैं। रांची आ सकते थे या राज्य के किसी और हिस्से में भी दौरा कर सकते थे। पिछले विधानसभा चुनाव में गिरिडीह की 6 विधानसभा सीटों में भाजपा के खाते में सिर्फ 1 सीट आयी। इस इलाके में भाजपा के प्रदर्शन में सुधार लाना जनाधार मजबूत करना पार्टी की बड़ी चिंता है। जेपी नड्डा गिरिडीह दौरे पर जिले की 6 विधानसभा सीट सहित आसपास की 10 से 12 विधानसभा सीटों को भी साधने की कोशिश करेंगे।

## झारखंड पुलिस का ध्रुव हेलीकाप्टर उड़ाने के लिए होगी पायलट की भर्ती

**रांची।** झारखंड पुलिस का ध्रुव हेलीकाप्टर उड़ाने के लिए दो पदों पर अनुबंध के आधार पर पायलट की भर्ती होगी। इसे लेकर झारखंड गृह कारा विभाग की ओर से इच्छुक पायलट से आवेदन पत्र मांगे गए हैं। पायलट की नियुक्ति तीन साल के लिए होगी और इसके एवज में प्रति माह पांच लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। आपको बता दें कि झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को मदद पहुंचाने के लिए इसी हेलीकॉप्टर का उपयोग किया जाता है। गौरतलब है कि संविदा के आधार पर कार्यरत पायलट कैप्टन एसआई कुमारन की प्रतिनियुक्ति की संविदा अवधि चार सितंबर 2023 तक या नई नियुक्ति होने तक जो पहले हो, विस्तारित है। चीफ पायलट कैप्टन शीलप्रिय वर्मा का कार्यकाल दस जून 2023 को समाप्त होने वाला है।

## संजीवनी बिल्डकॉन घोटाला मामले में ईडी कार्यालय पहुंची अनामिका नंदी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बहुचर्चित संजीवनी बिल्डकॉन घोटाला मामले में अनामिका नंदी बुधवार को इडी कार्यालय पहुंची। बता दें कि रांची के सैकड़ों लोगों को ठगने वाले संजीवनी बिल्डकॉन पर एक ही जमीन को कई लोगों के बेचने का मामला 2012 में सामने आया था। उस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) जांच सालों से चल रही है। मामले में संजीवनी बिल्डकॉन कंपनी से जुड़े जयंत दयाल नंदी, अनीता दयाल नंदी, अनामिका दयाल नंदी, श्याम किशोर गुप्ता और रंजना श्रीवास्तव से इडी ने पूछताछ की। आधे घंटे के बाद वह इडी कार्यालय से बाहर निकल गई।

**इडी ने मई 2018 में की थी पूछताछ** : इडी ने मई 2018 में संजीवनी बिल्डकॉन और उसके निदेशक जयंत दयाल नंदी, उसकी दूसरी पत्नी अनामिका नंदी, पहली पत्नी अनिता, कंपनी के निदेशक श्याम किशोर गुप्ता, डायरेक्टर तकनीक अरविंद सिंह, ऑपरेशनल मैनेजर आरपी वर्मा से पूछताछ की थी. पूछताछ में रांची, रायपुर, मुंबई, पुणे में अचल संपत्ति होने की जानकारी मिली थी।

**संजीवनी बिल्डकॉन घोटाला-2012 में हुआ था उजागर** : रांची के विभिन्न थानों में इन आरोपियों के खिलाफ कुल 33 केस दर्ज हुए थे। एफआइआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने जयंत दयाल नंदी, अनामिका नंदी, अनिता नंदी, अरविंद सिंह, आरपी वर्मा, पीके गुप्ता, अब्दुल वहाब, मो. शमीम समेत कई को आरोपी बनाया था। साल 2014 में सीबीआई ने सभी 33 केस टेकओवर कर जांच शुरू की थी। सीबीआई ठगी के साथ-साथ जमीन घोटाले में मददगार सरकारी कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर रही थी। सीबीआई अधिकांश मामलों में जांच पूरी कर चार्जशीट फाइल कर चुकी है। कुछ मामलों का ट्रायल शुरू हो चुका है।

### झामुमो ने विभिन्न जिलों में राज्यपाल के धुंआधांर भ्रमण कार्यक्रम पर उठाया सवाल

# फिर बढ़ रही राजभवन-सीएमओ के बीच सियासी खटास

**उदय चौहान**

**रांची।** फिर एक बार राजभवन व मुख्यमंत्री कार्यालय के बीच सियासी खटास बढ़ता जा रहा है। दरअसल, झामुमो ने राज्यपाल के धुंआंधार राज्यव्यापी भ्रमण कार्यक्रम पर सवाल उठाया है। दूसरी ओर, भाजपा ने राज्यपाल की कार्यशैली का समर्थन किया है। सत्तारूढ़ दल झामुमो ने राज्यपाल की भूमिका पर सवाल उठाते हुये सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया है।

दरअसल, इसके पीछे का वजह राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के द्वारा हाल के दिनों में धुआंधार हो रहे क्षेत्र भ्रमण और इस दौरान अधिकारियों को दिये जा रहे निर्देश हैं। जिसने सरकार के अंदर बेचैनी बढ़ा दी है। राजभवन की ओर से आपत्तियों के साथ डोमिसाइल बिल और ओबीसी आरक्षण संबंधी विधेयक को वापस किया जाना भी खटास बढ़ने का मुख्य कारण माना जा रहा है। साथ ही, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बोले कि सही समय पर लिफाफे का राज खोलने की बात कह कर सरकार को बेचैन कर दिया है।



डोमिसाइल बिल और ओबीसी आरक्षण संबंधी विधेयक झामुमो की चुनावी घोषणा पत्र में था और विधानसभा से पारित होने के बाद आम जनमानस में इसको लेकर काफी चर्चा हो रही थी। शायद यही वजह है कि झामुमो ने राज्यपाल की भूमिका पर सवाल खड़ा कर रही है। झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भप्ताचार्य ने झारखंड के अलावा बंगाल का उदाहरण देते हुए कहा है कि वहां तो राजभवन में कंट्रोल रूम तक खोलने की बात की गई है। ऐसे में जिस उद्देश्य के साथ राज्यपाल को भेजा गया है, उन उदेश्यों को पूरा करने के लिए वे तन मन धन से सहयोग करने के लिये ये तत्पर दिख रहे हैं। इधर, राज्यपाल की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल को खारिज करते हुये भाजपा ने कहा है कि जो सरकार खुद संवैधानिक मयार्दाओं को तार.तार करने का काम कर रही है, वह क्या सवाल करेगी। भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने झामुमो के आरोप की आलोचना करते हुए कहा है कि राज्यपाल को पूरे राज्य में भ्रमण के साथ साथ योजनाओं की जमीनी हकीकत को जानने का अधिकार है।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार राजभवन और सरकार के बीच टकराव की स्थिति उस समय अधिक होती है जब केंद्र और राज्य में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें होती हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण पंजाब, केरल, बिहार की तरह झारखंड भी रहा है। वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से पहले झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस के कार्यकाल में खतियानी विधेयक सहित विभिन्न विधेयकों के लौटाये जाने और चुनाव आयोग के लिफाफा प्रकरण से उपजा विवाद सार्वजनिक हो गया था। खुद मुख्यमंत्री ने राजभवन की भूमिका पर गंभीर टिप्पणी कर संवैधानिक मूल्यों के हनन का आरोप लगाये थे। बहरहाल रमेश बैस के बाद 18 फरवरी 2023 को झारखंड के 11वें राज्यपाल के रूप में बने सीपी राधाकृष्णन की कार्यशैली पर सियासत जारी है।

**राजभवन में एक ऐसा लिफाफा, जो कभी भी मचा सकता है सियासी हलचल** : झारखंड के तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस तो महाराष्ट्र चले गये। लेकिन अपने पीछे एक ऐसा लिफाफा छोड़ गये जो झारखंड की राजनीति में बवंडर ला सकता है। हालांकि, इस बंद लिफाफे में क्या है, ये किसी को नहीं पता है। चर्चा है कि इस लिफाफे में सीएम हेमंत सोरेन की किस्मत का फैसला छिपा है।

सुप्रभात
रांची, गुरुवार
22.06.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 337

12 पहली पत्नी के साथ नजर आये धर्मेंद्र

# योगमय हुई दुनिया, यूएनओ में बोले मोदी- जिंदगी जीने का तरीका है योग

■ वैश्विक आंदोलन बना योग, भारत से आया, पर कॉपीराइट पेटेंट और रायल्टी से मुक्त है

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत समेत पूरी दुनिया योगमय बन गयी। संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) मुख्यालय में बुधवार को दुनिया के विभिन्न देशों के लोगों ने भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी के साथ योग किया। इस दौरान प्राचीन भारतीय परंपरा वसुधैव कुटुंबकम का भाव जाग्रत दिखा। मोदी ने भी कहा कि सभी देशों के लोगों का योग करना सुखद है। पीएम मोदी ने योग की तारीफ करते हुए कहा कि योग जिंदगी जीने का एक तरीका है। यह कोई मैट पर करने वाली एक्सरसाइज है। यह अपने साथ कई अन्य संदेश भी देता है।

पीएम मोदी बोले- योग भारत से आया, लेकिन यह कॉपीराइट से मुक्त है। योग आपकी आयु, लिंग और फिटनेस स्तर के अनुकूल है। योग पोर्टेबल है। वैसे भी योग का मतलब है जोड़ना, इसलिए योग के लिए आप साथ आ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परंपराओं को पोषित किया है और योग के माध्यम से विरोधाभाषों, बाधाओं और प्रतिरोधों को खत्म करने का आह्वान किया है।

(शेष पेज 11 पर)

## प्राणी मात्र से प्रेम का आधार है योग



योग भारत से आया है और यह बहुत पुरानी परंपरा है। सभी प्राचीन भारतीय परंपराओं की तरह यह भी जीवंत और गतिशील है। योग जीवन, विचारों और कार्यों में सावधानी बरतने का एक तरीका है। ये स्वयं, दूसरों और प्रकृति के साथ सद्भाव से जीने का तरीका है। योग कॉपीराइट, पेटेंट और रॉयल्टी से मुक्त होता है। योग आपकी आयु, लिंग और फिटनेस स्तर के अनुकूल है। योग पोर्टेबल है। हम योग की शक्ति का उपयोग न केवल स्वस्थ, खुश रहने के लिए करें बल्कि स्वयं और एक-दूसरे के प्रति दयालु होने के लिए भी करें। योग हमारी अंतः दृष्टि को विस्तार देता है, उस चेतना से जोड़ता है जो जीव मात्र की एकता का अहसास कराता है और प्राणी मात्र से प्रेम का आधार देता है।

# तन-मन दोनों को स्वस्थ करता है योग : राज्यपाल

›› यह दुनिया को भारत का अमूल्य उपहार है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि योग भारत का दुनिया को एक अमूल्य उपहार है। योग एक ऐसा साधना है जो शरीर को ही नहीं, मन को भी स्वस्थ बनाता है। योगाभ्यास करने वाले शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। जो करें योग, वह रहें निरोग। योग के माध्यम से व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास होता है। राज्यपाल बुधवार को राज भवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि योग से हम स्वतः स्फूर्त होकर बिना व्यवधान के लगातार कार्य करने में सक्षम होते हैं। योग से शरीर के जोड़ की शिथिलता समाप्त होती है, उनमें रक्त संचार बढ़ता है और वे ज्यादा सक्रिय होकर कार्य करती है। योग को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर इसके कद को ऊंचा करने में हमारे पीएम मोदी का उल्लेखनीय और सराहनीय योगदान है। कोरोना के दौरान पूरी दुनिया ने हमारे योग अभ्यासों को अपनाया और यह संक्रमित व्यक्तियों के उपचार में कारगर साबित हुआ। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने को कहा। (शेष पेज 11 पर)

## राजकीय कार्यक्रम में मंत्रियों समेत हजारों ने किया योगाभ्यास



रांची। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रांची के मेकॉन स्टेडियम में राजकीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे झारखंड में बेहद उत्साह के साथ योग कार्यक्रम मनाया गया। लोगों के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रिमझिम बारिश के बीच भी मेकॉन में आयोजित समारो में हजारों लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरकार स्वस्थ, समृद्ध और उन्नत झारखंड बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि योग ऐसी विधा है जो ना सिर्फ शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी मनुष्य को स्वस्थ रखता है। ऐसे में हर दिन योग करना बहुत जरूरी है। राजकीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री के अलावा राज्यसभा सांसद महुआ माजी, समीर उरांव, विधायक समरीलाल, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, औषधि नियंत्रक ऋतु सहाय, आयुष निदेशक डॉ फजलुस समी सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और एनजीओ से जुड़े। सीएम हेमंत सोरेन भी भाग लेनेवाले थे, पर किन्ही कारणों से नहीं आ सके। उनके प्रतिनिधि के तौर पर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि योग भारत वर्ष की प्राचीन पद्धति है, जिसके बल पर हम स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि दिनचर्या में योग को शामिल करें।

## न्यूज डायरी

### अधिवक्ता निशांत प्रतीक के घर आइटी सर्वे

**रांची।** आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी में अधिवक्ता निशांत प्रतीक के घर आइटी सर्वे किया। आयकर विभाग के अधिकारियों ने जरूरी कागजात खंगाले।

### एटीएस ने पांडेय गिरोह के चार को दबोचा

**रांची।** संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ नकेल कसने को लेकर एटीएस, झारखंड को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। एसटीएस की टीम ने रांची के बरियातू स्थित एक होटल में छापेमारी कर पांडेय गिरोह के चार गुर्गे को गिरफ्तार किया है। जिसमें विकास तिवारी का मुख्य गुर्गा सुधीर कुमार उर्फ टप्पू, सुबोध साहू, टिंकू सिंह और राजेश झा शामिल हैं।

### पैंगोंग त्सो झील में भी जवानों ने किया योग

**लद्दाख।** भारतीय सेना के जवानों ने बुधवार को 9 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लद्दाख के पैंगोंग त्सो झील में योग किया। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भी राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली छावनी में योग किया।

### नड्डा आज गिरिडीह में करेंगे जनसभा

**गिरिडीह।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 जून को झारखंड आयेंगे। वह गिरिडीह में जनसभा को संबोधित करेंगे। वह रांची से सीधे गिरिडीह जायेंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा 30 जून तक का संपर्क अभियान चल रहा है। लोकसभा स्तर पर सभा आयोजित किये जा रहे हैं।

### खूंटी पुलिस को चकमा देकर भागा कंडुलना

**खूंटी।** पुलिस को सूचना मिली थी कि 15 लाख का इनामी नक्सली मार्टिन कंडुलना जंगल में बंकर बनाकर छुपा है। सूचना पर गठित टीम ने जंगलों को घेर कर अभियान चलाना शुरू कर दिया। जरियागढ़ के घने जंगलों से मार्टिन हथियार लेकर घने जंगलों का फायदा उठाकर भाग गया।

### बांग्लादेश को हरा टीम इंडिया ने जीता खिताब

**मोंग कोक।** एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा हांगकांग में आयोजित महिला इमर्जिंग टीम कप 2023 के फाइनल में भारत अ की टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 127 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा कर रही बांग्लादेश अ की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नजर आयी। टीम इंडिया के गेंदबाजों के आगे पूरी टीम 19.2 ओवरों में केवल 96 रनों पर आल आउट हो गयी। जिससे टीम इंडिया ने यह मैच 31 रनों से जीत लिया।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 55,500 रु./10 ग्राम
चांदी : 72,000 रु./प्रति किलो

आज चरही के कोयला कारोबारी से इडी की पूछताछ

# 10 घंटे की पूछताछ में विष्णु अग्रवाल ने खोले कई राज

■ स्वास्थ का हवाला देने पर इडी नें मेडिकल टीम बुलायी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हाई प्रोफाइल जमीन घोटाले व मनी लाउंड्रिंग मामले की जांच में इडी ने न्यूक्लियस मॉल के ऑनर विष्णु अग्रवाल से बुधवार को करीब दस घंटे लंबी पूछताछ की। जानकारी के अनुसार अग्रवाल ने इडी को कई अहम जानकारी दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इडी के पास विष्णु अग्रवाल को गिरफ्तार करने के पूरे सबूत हैं। वहीं 22 जून को इडी, हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी से पूछताछ करेगी। इडी ने समन जारी कर अंसारी को गुरुवार को अपने दफ्तर बुलाया है। हजारीबाग के पेलावल स्थित मिल्लत कॉलोनी में इजहार के घर पिछले दिनों इडी की छापामारी में 3.58 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज भी इडी अपने साथ ले गयी थी।

**इडी ने जारी किया था समन :** झारखंड के बड़े कारोबारियों में शामिल विष्णु अग्रवाल के रांची में कई मल्टीप्लेक्स और मॉल हैं। कुछ और बड़े मॉल और अपार्टमेंट्स बनाने की लालच में विष्णु अग्रवाल फर्जी कागजातों के आधार पर जमीन की खरीद-फरोख्त में शामिल हो गये। जिसके चलते वह भी इडी की रडार पर आ गये।

(शेष पेज 11 पर)

### देर शाम विष्णु अग्रवाल घर निकले



बुधवार को 11 बजे से इडी ने व्यवसायी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ शुरू की। शाम आठ बजे के करीब छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार पूछताछ में अग्रवाल ने इडी को कई अहम जानकारी दी। पूछताछ के दौरान विष्णु ने स्वस्थ्य संबंधित परेशानियां का हवाला दिया। इस पर इडी ने ऑफिस में ही मेडिकल टीम को बुला लिया व उनके स्वास्थ्य की जांच करायी। इडी उनसे रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन व प्रेम प्रकाश से रिश्ते, जमीन की खरीद-फरोख्त के अलावा फर्जीवाड़ा करने में सहयोग करने वालों की जानकारी ले रही है। सेना की कब्जे वाली एक अन्य जमीन की भी जानकारी ली जा रही है। ये जमीन सिरमटोली चौक के पास है, जिसे अग्रवाल ने गलत तरीके से खरीदी थी।

### आज इजहार की बारी

हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी से इडी 22 को रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ करेगी। तीन मार्च को हजारीबाग के पेलावल स्थित मिल्लत कॉलोनी में उसके घर में 22 घंटे तक इडी की छापामारी चली थी। छापामारी में करोड़ों रुपये और संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज इडी को मिले थे। यह मामला कोल लिंकेज प्रकरण से जुड़ा है। बताया जाता है कि पूजा सिंघल जब खनन सचिव थी, उस समय इजहार अंसारी ने बड़े पैमाने पर कोयले से अवैध कमाई की।

# खुशखबरी : 2,550 युवाओं को आज मिलेंगे नियुक्ति पत्र

मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम सौंपेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को पांच विभागों में 2550 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। स्थानीय मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के पांच प्रमुख विभाग पंचायती राज, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग व वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग में युवाओं को सीएम नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

पंचायती राज विभाग सहित रांची जिला प्रशासन नियुक्ति पत्र वितरण समारोह की तैयारी कर रहा है। पंचायती राज विभाग में जिला स्तरीय नियुक्ति होनी है, जबकि अन्य विभाग में राज्य स्तरीय नियुक्तियां की जायेंगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से अनुशंसित नवनियुक्त 1633 पंचायत सचिवों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। रैंकिंग के अनुसार नियुक्ति पत्र वितरित किया जायेगा। इसके अलावा वित्त विभाग में कोषागार पदाधिकारी और निम्नवर्गीय लिपिक की नियुक्ति होगी। अन्य विभागों में भी नौकरी दी जायेगी। सबसे कम नियुक्ति पत्र खाद्य आपूर्ति विभाग में 35 लोगों के बीच वितरित किया जायेगा। भू-राजस्व में लगभग 750, वित्त में 150 को नियुक्ति मिलेगा। सीएम इस दिन राज्य में और भी नई नियुक्ति की घोषणा कर सकते हैं। लगभग 2500 से अधिक पदों पर नियुक्ति पत्र वितरित की जायेगी।

### सभी जिलों को लिखा गया पत्र



पंचायती राज विभाग के सचिव राजीव अरूण एक्का ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के लिए सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखा है। सचिव ने कहा कि वे सुनिश्चित करायें कि 22 जून को सारे पंचायत सचिव समारोह स्थल में उपस्थित हों। इससे पूर्व सारी कागजी प्रक्रिया भी पूर्ण करने को कहा है। मालूम हो कि 2017 में ही राज्य कर्मचारी चयन आयोग से इनकी नियुक्ति की अनुशंसा की गयी थी, लेकिन कार्मिक विभाग के एक पत्र की वजह से नियुक्ति रूकी हुई थी। अब विभाग ने सरकार की अनुमति के बाद नियुक्ति पर लगी रोक को हटा दिया है। इसके बाद ही नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। पंचायत सचिवों की नियुक्ति होने के बाद पंचायत सचिवालय के कार्य बेहतर होंगे।

**कहां कितना योगदान पत्र :** गढ़वा-74, पलामू-74, लातेहार-29, चतरा- 62, हजारीबाग- 117, कोडरमा- 53, गिरिडीह- 121, देवघर- 52, गोड्डा- 80, साहेबगंज- 58, पाकुड़- 34, दुमका- 72, जामताड़ा- 39, धनबाद- 89, बोकारो- 152, रामगढ़- 94, लोहरदगा- 25, गुमला- 34, रांची- 81, सिमडेगा- 22, प.सिंहभूम- 82, सरायकेला-खरसावां- 47, पूर्वी सिंहभूम- 109।

झारखंड में आकाशीय बिजली का कहर जारी

# राज्य के दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मानसून के प्रवेश के साथ बारिश तो शुरू हो गयी, लेकिन वज्रपात से लोगों की मौत भी हो रही। रांची के बुंडू और अनगड़ा में वज्रपात से दो महिलाओं की मौत हो चुकी है। वहीं रामगढ़ के चितरपुर प्रखंड में भी आसमानी बिजली से एक महिला की मौत हुई है। साथ ही खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड क्षेत्र में वज्रपात से 14 लोग झुलस गये हैं। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी समेत झारखंड में अगले दो दिन अच्छी बारिश होने की संभावना जतायी गई है। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की चेतावनी भी जारी की गयी है। इसके साथ ही यहां मानसून के आगे बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हुई है।

**मानसून के अनुकूल मौसम :** मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में मानसून के अनुकूल गतिविधियां जारी हैं। अगले दो से तीन दिनों के अंदर इसके पूरे झारखंड में छाने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार राज्य में अभी हर जगह बारिश हो रही है। राजधानी समेत पूरे झारखंड में मानसून के अनूकूल वातावरण है। अगले दो दिनों के दौरान पूरे राज्य में सभी जगहों पर बारिश होने का पूर्वानुमान है।

# सुखाड़ क्षतिपूर्ति मद में केंद्र से मांगे 9600 करोड़

लू और वज्रपात को भी राष्ट्रीय आपदा में शामिल करें : बन्ना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड ने केंद्र सरकार से सुखाड़ की क्षतिपूर्ति के लिए 9600 करोड़ रुपये मांगे हैं। राज्य सरकार ने केंद्र से पूर्व घोषित सुखाड़ की क्षतिपूर्ति राशि मांगी है। हीट वेब को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया के साथ बुधवार को हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने यह मांग उठायी। उन्होंने कहा कि सुखाड़ के एवज में केंद्र से क्षतिपूर्ति राशि के तौर पर 9600 करोड़ झारखंड को मिलने थे। यह राशि अब तक विमुक्त नहीं की गयी है। इस राशि को देन में सहयोग मिले।



बैठक में बन्ना गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष कई प्रमुख मांगें रखी। मंत्री ने कहा कि लू और वज्रपात को राष्ट्रीय आपदा में शामिल किया जाना चाहिए। लू या शीतलहर के कारण हुई मृत्यु के दौरान मृत्यु के कारण को स्पष्ट करना जरूरी है। केंद्र को इसके लिए स्पष्ट दिशा निर्देश उपलब्ध कराना चाहिए। अगजनी के प्रकार को भी परिभाषित किया जाये कि वह प्राकृतिक आग है या मानव जनित। सभी जिलों में आपदा मित्र की स्वीकृति दी जानी चाहिए आपदा प्रबंधन द्वारा राज्यांश निर्गत करने की अवधि की अधिसीमा को बढ़ाकर 15 दिनों की बजाये 60 दिनों का कर दिया जाये। इस मौके पर आपदा प्रबंधन सचिव अमिताभ कौशल, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, एनएचएच निदेशक भुवनेश प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

# मोदी, शाह और नीतीश को जान से मारने की दी धमकी

दिल्ली पुलिस टीम ने आरोपी का पता लगाया, खोज जारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जान से मारने की धमकी मिली है। राजधानी दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस को किसी शख्स ने दो बार कॉल करके यह धमकी दी। कॉल मिलने के तुरंत बाद जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है। पुलिस कॉल हिस्ट्री के जरिये आरोपी की पहचान करने में जुट गयी है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान कर ली गयी है। उसका नाम संजय वर्मा है। परिवार वालों ने बताया कि संजय ने ही शराब पी रखी थी। पुलिस संजय की तलाश कर रही है। वह दिल्ली के मादीपुर इलाके का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस की बाहरी जिला पुलिस को बुधवार को एक व्यक्ति की दो पीसीआर कॉल प्राप्त हुईं, जिसमें प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी थी। दिल्ली पुलिस का कहना है कि कॉल करने वाले का पता लगाने बनी टीम ने उसकी पहचान कर ली है। इससे पहले भी पीएम सहित कई बड़े नेताओं को जान से मारने की धमकी मिलती रही है। पिछले महीने ही छह साल से बेरोजगार चल रहे एक युवक ने पीएम नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दे दी थी। दिल्ली पुलिस ने आरोपी युवक की कॉल को ट्रेस कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान करोल बाग निवासी हेमंत के रूप में हुई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी युवक नियमित रूप से शराब पीता है और ऐसी हरकतें करता रहता है।

पथ और ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में बोले सीएम हेमंत सोरेन

# कम आबादी वाले गांव में भी एप्रोच रोड बनायें

पुनर्निर्माण कार्य में तेजी लायें, गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पथ निर्माण विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश देते हुये कहा कि राज्य में नये सड़क निर्माण एवं पुराने सड़कों के पुनर्निर्माण योजनाओं को ससमय पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण कार्य विभाग राज्य में 15 हजार किलोमीटर सड़क का पुनर्निर्माण कार्य आने वाले 1 वर्ष के भीतर पूरा करे। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के सड़क, पुल-पुलिया जो जर्जर स्थिति में है, उसे प्राथमिकता के तौर पर लेते हुए मरम्मतीकरण करायें।

(शेष पेज 11 पर)

## गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण राज्य सरकार की प्राथमिकता



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में गुणवत्तापूर्ण और अच्छी सड़कें बनाना सरकार की प्राथमिकता है। सड़कों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सड़क बनाने के समय स्टोन चिप्स सहित अन्य उपयोग की जाने वाली सामग्री की जांच अवश्य करें। अधिकारी राइडिंग क्वालिटी चेकिंग मशीन का भी उपयोग करें। जहां जरूरत पड़े वहां नई तकनीक का भी उपयोग जरूर करें। सड़क निर्माण कार्य में फंड की कमी नहीं होने दी जायेगी। नई एवं पुरानी सड़कों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत के लिए डीपीआर एवं टेंडर प्रक्रिया में तेजी लायें। पुनर्निर्माण कार्यों के लिए चिह्नित रोड का फोटो तथा वीडियो जरूर सॉफ्टवेयर में अपलोड करें। सीएम ने कहा कि कम जनसंख्या वाले गांव में भी एप्रोच रोड बनवायें। विभाग प्रत्येक महत्वपूर्ण रोड का डिजिटल हिस्ट्री बुक तैयार करें।

# छेत्री की हैट्रिक के आगे पाकिस्तान ने घुटने टेके

सैफ चैंपियनशिप में भारत ने पाकिस्तान को 4-0 से हराया

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** सैफ चैंपियनशिप में भारतीय फुटबॉल टीम ने जीत के साथ शुरुआत की है। उसने बेंगलुरु के श्रीकांतीरावा स्टेडियम में बुधवार (21 जून) को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 4-0 से परास्त कर दिया। भारत के लिए इस मैच के हीरो कप्तान सुनील छेत्री रहे। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान पर गोलों की बारिश कर दी। छेत्री ने हैट्रिक गोल दागा। उनके अलावा उदांता सिंह ने एक गोल किया। भारतीय टीम ने शुरू से ही पाकिस्तान पर दबाव बनाये रखा। उसने पहले हाफ में ही दो गोल कर दिए। भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने 10वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद उन्होंने 16वें मिनट में दूसरा गोल पेनल्टी पर किया। हाफटाइम तक स्कोर भारत के पक्ष में 2-0 रहा। टीम इंडिया इतने पर नहीं रुकी। उसने दूसरे हाफ में शुरुआत से ही दबाव बनाये रखा और अंततः पाकिस्तान को 4-0 से हरा दिया।

## स्पीड न्यूज़

### योग दिवस पर तरहसी में हुआ योगाभ्यास



**तरहसी पलामू।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तरहसी के विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों में योगाभ्यास करवाया गया। पतंजलि योग पीठ द्वारा प्रशिक्षित तरहसी शिव मंदिर और एस एस एम एस डिग्री कॉलेज में नियुक्त प्रशिक्षित योग शिक्षक राहुल कुमार ने प्रातःब्रम्हमुर्त काल से ही प्रखंड के दर्जनों संस्थान जैसे प्रखंड कार्यालय, एस एस एम एस डिग्री कालेज, एम वी तरहसी, शिव मंदिर परिसर, में ग्रामीणों और कर्मिकों को योगाभ्यास करवाया, और योग से होने वाले फायदे को विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही कहा कि लंबी जीवन जीने के लिए, पच अपच खान पान में सुधार लाने के लिए, स्वास्थ्य जीवन और रोग से मुक्ति पाने के लिए, तनावमुक्त जीवन जीने के लिए एक ही सुगम मार्ग है और वह है योग मार्ग, इससे कई प्रकार के समस्या का समाधान पाया गया है। प्रखंड कार्यालय में बीडीओ, सीओ सहित कई कर्मी जबकि एस एस एम डी सी कालेज में प्रो प्रभाकर ओझा, व्याख्याता सुषमा कुमारी, अंजनी कुमार पाठक, बजरंग गुप्ता, नेहा कुमारी, सुशीला कुमारी, अनूप कुमार, अमरनाथ, रामजन्म पांडे, सिंपी कुमारी, आशा कुमारी, सबिता पांडे, रामप्रवेश पांडे, प्रशांत सिंह, अनिल यादव, सहित काफी संख्या में छात्र छात्राए शामिल हुए।

### विधायक ने किया जलसहिया संघ अध्यक्ष को सम्मानित



**पाटन पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने अपने क्षेत्र में कार्य करने वाले जल सहिया को सम्मानित कर एक मिशाल कायम किया है। डॉ मेहता ने जल सहिया संघ के जिला अध्यक्ष पिंकी विश्वकर्मा समेत पांच प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष को अंग वस्त्र और हॉट केतली देकर सम्मानित किया। सम्मानित किए जाने पर पिंकी विश्वकर्मा ने विधायक के प्रति आभार जताया है। विश्वकर्मा ने कहा की हम सभी जलसहिया डॉ मेहता के साथ हैं। विश्वकर्मा ने कहा की विधायक डॉ मेहता ने विधानसभा में जोरदार तरीके से जलसहिया संघ की मांगों को रखने का काम करते रहे हैं।

### पंचायत समिति के सदस्यों ने किया बैठक का बहिष्कार



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय में बुधवार को पंचायत समिति सदस्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक शुरू हुआ ही था कि ओडनार पंचायत की पंचायत समिति सदस्य सुमन तिवारी ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कनीय अभियंता को रिश्वत नहीं देने पर उनके पति पर झूठा मामला दर्ज कराया है। बैठक में बिजली विभाग के कनीय अभियंता सहित कई अन्य पदाधिकारी बैठक में अनुपस्थित थे। इसपर बीडीओ सह सचिव गिरीवर मिंज ने कहा कि वे लोग व्यस्त हैं नहीं आऐंगे। इसी पर सभी पंचायत समिति सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया और बैठक छोड़कर निकल गए। प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने बताया कि समीक्षा बैठक में सारे पदाधिकारियों को रहना अनिवार्य होता है लेकिन बैठक में बीपीओ,सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, बन विभाग, बिजली विभाग सहित कई विभाग के पदाधिकारी प्रायः अनुपस्थित रहते हैं और बीडीओ द्वारा अनुपस्थित पदाधिकारियों पर कोई कारवाई नहीं की जाती। उनका कहना है कि बैठक में हुई निर्णय का कोई अनुपालन नहीं होता और ना ही कार्यवाही पुस्तिका की प्रति जिला में भेजा जाता है। बीडीओ सिर्फ दलालों की सुनते हैं और प्रखंड कार्यालय में दलाल हावी हैं। उपप्रमुख सुनील सिंह का कहना है कि मनरेगा के सामग्री भुगतान में पचास प्रतिशत तक रिश्वत लिया जाता है। बीडीओ गिरिवर मिंज ने बताया कि बैठक चल रही थी। पंचायत समिति सदस्यों द्वारा लगाया गया अन्य आरोप निराधार है। कार्यवाही का अनुपालन किया जाता है। बैठक का बहिष्कार करने वालों में नरेश राम, मुरारी सिंह, सकीना बीबी, मुन्ना पाल, शुकुल रवि, प्रभादेवी, सुमन तिवारी, वैवी देवी, वसीम अहमद, फूल कुमारी देवी, सोनी देवी, सविता देवी, चंचला देवी, सरिता देवी, नीतू देवी सहित कई लोग शामिल थे।

### पाकी विधायक के जिला प्रतिनिधि ने आहर जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया



**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ शशि भूषण मेहता के निर्देश पर जिला प्रतिनिधि प्रोफेसर बच्चन ठाकुर ने आहर जीर्णोद्धार के लिए नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस मौके पर ठाकुर ने कहा कि विधायक के अनुपस्थिति में उनके निर्देश पर विकास की गति को बढ़ाया जा रहा है। ताकि लोगों को विकास का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विधायक शशिभूषण मेहता पांकी विधानसभा क्षेत्र में जनता के एक एक जरूरतों को पूरा करने में लगे हुए हैं। इस मौके पर गोपाल शरण सिंह, बम भोला सिंह, मंटू सिंह, सोनू समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### विश्व योग दिवस पर कौशल ने वन्य प्राणियों को कराया फलाहार भोजन



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर बाईपास रोड पर्यावरण भवन में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपने निवास पर्यावरण भवन में योग दिवस पर योगा करने के बाद लातेहार के वन क्षेत्र में वन प्राणियों को फलाहार भोजन कराया। विश्व योग दिवस पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए पर्यावरणविद ने कहा कि योगा से शरीर स्वस्थ रहता है। कभी कोई दवा की आवश्यकता नहीं होगी। कौशल ने कहा कि योगा से स्वस्थ हम रहेंगे परंतु पहले वन एवं वन्य प्राणियों को बचाना होगा। इस अवसर पर छतरपुर के डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, पार्षद अमित कुमार जायसवाल, अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, धर्मेंद्र सिन्हा, हेमा सिन्हा, आराध्या, आशिका, आद्विका, अनुशा, रामू, छोटू, मालदेव चंद्रवंशी, संतोष प्रजापति समेत मौजूद थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन





**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग दिवस का शुभारंभ करते हुए विद्यालय प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि इस वर्ष का योग थीम वसुधैव कुटुंबकम है। तन, मन और मस्तिष्क में नई सोच, नया ज्ञान एवं नए विषय पर ध्यान-केन्द्रित करने के लिए हमें योग करना चाहिए। यह केवल एक दिन करने की क्रिया नहीं है अपितु हर दिन सुबह शाम खाली-पेट रहकर करने से हमारे शरीर से अनेक रोगों का नाश होता है। प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त विद्यालय परिवार को योग दिवस की शुभकामनाएं दी एवं सभी को इसे अपने जीवन में आत्मसात करने को कहा। उन्होंने कहा कि करो योग-रहो नीरोग, प्राणायाम करो सुबह और शाम। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रति दिन कम से कम 30 से 40 मिनट का योग कर स्वस्थ रहने की सलाह दी। इस आयोजन में गणित शारीरिक प्रशिक्षक के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन कराए गए। ओमकार मंत्रोच्चारण के साथ दिन की शुरूआत करते हुए सूर्य नमस्कार, अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, इत्यादि योगासन सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सम्मिलित रूप में किया गया।

---

#### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गांधी मैदान में योग शिविर का आयोजन, अरुणा शंकर ने कहा-योग की शक्ति से जीवन और राष्ट्र दोनो होगा स्वास्थ व समृद्ध

# भारत को विश्वगुरु बन में योग का होगा बड़ा योगदान : सांसद विष्णुदयाल राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** गांधी उद्यान में सांसद बीडी राम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं कार्यक्रम प्रभारी गणेश मिश्रा के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर बुधवार को भव्य योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहर के जाने-माने गायक राम और श्याम द्वारा गाए भजन के बीच महात्मा गांधी के मूर्ति पर सांसद बीडी राम, अरुणा शंकर, गणेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष विजनंद पाठक एवं वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला द्वारा माल्यार्पण कर शुरूआत की गई। कार्यक्रम में लगभग 500 से अधिक महिला, पुरुषों एवं कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कराते हुए शहर के जाने-माने योग प्रशिक्षक राजीव शरण एवं अतुल जी ने लोगों को योग की महत्ता को बताई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बीडी राम ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की महत्ता को बताते हुए कहा आज भारत के योग विद्या सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है जिसके लिए हमारे माननीय प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं हम सबों को निरोग रहने के लिए एकमात्र सरल उपाय अपने दिन की शुरूआत योग से करना होगा। सांसद राम ने कहा की योग से ही व्यक्ति निरोग होगा। सांसद राम ने कहा की भारत को विश्व गुरु बन में योग का बड़ा योगदान होगा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा यह ऋषि मुनि द्वारा मानी गई विद्या है, जिसके बदौलत 100/150 वर्षों से ऊपर वे जीवित रहते थे और इच्छा के अनुरूप प्राण त्यागते थे। हम सबों को अपने ऋषियों द्वारा दी गई इस विद्या को निरोग रहने हेतु अपनाना होगा और अपने भोजन में मोटा अनाज को सम्मिलित करना होगा तब ही हम स्वस्थ रहेंगे और जब हम सब स्वस्थ रहेंगे तब देश स्वस्थ रहेगा। कार्यक्रम प्रभारी गणेश मिश्रा ने कहा की देश के युग पुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरे विश्व में योग को स्थापित कर देश का सम्मान बढ़ाया है। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर एवं सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन चेंबर के वरिष्ठ सदस्य विजय ओझा ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर श्याम मित्र मंडली के सदस्य संजय भगत एवं साथियों द्वारा भजन प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्ति मय कर दिया।

## शुद्ध पानी देना निगम का कर्तव्य : प्रथम महापौर





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेदनी नगर निगम द्वारा15वें वित्त से क्रय की गई 5 आर ओ शीतल वाटर मशीन का शुभारंभ सांसद बीडी राम साथ में प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा समाज को समर्पित किया गया। मशीन का शुभारंभ करते हुए बीडी राम ने अरुणा शंकर के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया और कहा कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी अरुणा जी द्वारा सक्रियता बनाए रखने तथा कई कार्य अपने निजी खर्च से करने को शुभ संकेत बताया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा मैंने अपने कार्यकाल में 5 आरो शीतल मशीन 15वें वित्त की राशि से क्रय की थी इसमें एक गांधी उद्यान दूसरा ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण, कोयल रिवर फ्रंट, चैनपुर मंदिर एवं शाहपुर विवेकानंद चौक पर लगा दि है जहां अब राहगीर ठंडे आर ओ वाटर पी सकेंगे। उन्हें महंगे पानी के बोतल खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रथम महापौर ने कहा मैंने नगर आयुक्त से कहा है और भी मुख्य मुख्य सार्वजनिक स्थान पर इस तरह के आरो वाटर प्लांट लगाई जाए ताकि बाहर से आने वाले ग्रामीणों को स्वच्छ पानी मिल सके।

### योगाभ्यास में ये भी थे शामिल

योग शिविर में विभाकर पांडेय, बिपिन बिहारी सिंह, विनोद कुमार सिंह, अविनाश वर्मा, नरेंद्र पांडेय, शिवकुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, अलख दुबे, धर्मेंद्र उपाध्याय, छोटू सिन्हा, नंदलाल गुप्ता, संजय कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, श्याम जी चौधरी, अमिताभ मिश्रा, रंजीत मिश्रा, अरविंद गुप्ता, निलेश चंद्रा, मनोज दुबे, राकेश दुबे, इंद्रजीत सिंह डिंपल, रिंकू दुबे, रूपा सिंह, लवली गुप्ता, सीटू गुप्ता, साक्षी गुप्ता, अलख दुबे, चेतन चौहान, मनोरंजन दुबे,मनीष भिवानिया, पंकज कुमार व अन्य भाजपा नेता कार्यकर्ता, युवा महिलाएं और काफी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद थे। योगाभ्यास के बाद पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा लोगों को एनर्जी ड्रिंक एप्पल जूस व बिस्कुट चाय पिलाया गया।

---

#### योगा फॉर वसुधैव कुटुंबकम एवं हर आंगन योग की थीम पर पलामू में मना अंतराष्ट्रीय योग दिवस

# निरोग रहने का सरल साधन है योग: सुरजीत

शिवाजी मैदान में सिविल सर्जन, अपर समाहर्ता, एसडीओ सहित अन्य पदाधिकारियों-कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 9 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 2023 के अवसर पर बुधवार को पलामू प्रमंडल मुख्यालय के मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह आदि ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम की शुरूआत की। साथ ही सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक पतंजलि योगपीठ के राजीव शरण ने सभी को इस वर्ष की थीम योगा फॉर वसुधैव कुटुंबकम एवं घरेलू थीम हर आंगन योग पर सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) के साथ सामूहिक योगाभ्यास कराया। उन्होंने सामान्य योग के विभिन्न क्रियाओं को कराया। मंगला चरण वंदन के साथ शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, ताड़ासन, सहित योग के विभिन्न क्रियाओं को कराया। साथ ही योगाभ्यास करने की विधि, उसके फायदे एवं योगाभ्यास के विभिन्न क्रियाओं को करते समय बरती जाने वाली सावधानिओं की जानकारी दी। योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान ही योग प्रशिक्षक अपने मन को हमेशा संतुलित रखने एवं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प कराया। अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने कहा की योग निरोग रहने का सरल सस्ता और सशक्त साधन है। मौके पर जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कपिलदेव ठाकुर, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, डीपीएम स्वास्थ्य दीपक कुमार, सुखराम बाबू सहित जिले के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर योगाभ्यास किया। साथ ही योग के महत्व को जाना और योग को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रण लिया।

#### पांकी विधायक के आवास में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## योग को बनायें जीवन शैली का हिस्सा : डॉ मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता के लेस्लीगंज स्थित आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ मेहता ने कहा कि योग को जीवन शैली का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है। तभी हम तनाव मुक्त जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

विधायक ने कहा कि विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका में योग दिवस का नेतृत्व किए। यह देश के लिए गौरव की बात है। योग हमारे सनातन के ऋषि मुनियों की देन है। कोरोना काल में योग और आयुर्वेद की महत्ता को पूरे विश्व ने लोहा माना।

**विधायक ने योग को जीवन शैली का हिस्सा बनाने का किया आह्वान :** पांकी विधायक ने सभी से योग को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इससे आप खुद को काफी हद तक रोग से ग्रसित होने से बचा सकते हैं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि लाला प्रसाद यादव, ॐ सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, राम प्रकाश तिवारी, राजू राय, वीरेंद्र कुमार, छोटे लाल सोनी, अध्यक्ष चंदन सोनी, सुमित गुप्ता दिलीप महतो, भीम शुक्ला आधे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शाहपुर चैनपुर की जनता के साथ निगम प्रशासन कर रही है सौतेला व्यवहार : प्रमिला



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत मेदनीनगर नगर निगम क्षेत्र शाहपुर का पूर्व वार्ड पार्षद प्रमिला देवी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्र की जनता की समस्याओं को देखा और निगम प्रशासन से उन्होंने तुरंत बात किया प्रमिला देवी ने कहा कि निगम प्रशासन के द्वारा शाहपुर और चैनपुर की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है 2018 में ग्रामीण क्षेत्र से हटाकर हम लोगों को निगम में जोड़ा गया क्षेत्र की जनता को आशा जगी थी कि अब हम सभी को मूलभूत सुविधा मिल पाएगी पर ऐसा लगता है कि आज भी हम लोग निगम से बाहर है 55 ट्रैक्टर पानी बढ़ाई गई शहर के लिए पर सातवां जोन मे एक भी टैंकर पानी नहीं भेजा जा रहा है कुछ दिनों से शाहपुर चैनपुर के चापाकल का लेयर चले जाने के कारण पानी के लिए हाहाकार मची हुई है उसके बाद भी निगम प्रशासन के द्वारा ध्यान ना देना कहीं ना कहीं ऐसा लगता है कि यहां की जनता सिर्फ टैक्स देने के लिए निगम में जुड़ी है जोकि शहरी क्षेत्र की ही तरह ही सारा टैक्स ली जा रही है। मात्र किसी वार्ड में तीन टैंकर किसी वार्ड में चार टैंकर पानी उपलब्ध कराई जाती है जो कि पर्याप्त नहीं है मै मांग करती हूं जिले के उपायुक्त महोदय से कि नगर निगम के नगर आयुक्त महोदय से तथा बिजली विभाग के महाप्रबंधक से बात कर शाहपुर और चैनपुर की जनता को पर्याप्त मात्रा में पानी तथा बिजली का समस्या से दुर किया जाए।

## योग दिवस पर सतबरवा में हुआ योगाभ्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को ट्रेनिंग स्कूल के मैदान में पतंजलि योग समिति प्रखंड इकाई के सौजन्य से योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर सुधा कुमारी ने कहा कि योग निरोग रहने का मूल मंत्र है। स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करना जरूरी है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए अपने दिनचर्या में योग को शामिल करें और स्वस्थ रहें। वहीं योग शिक्षक विजय कुमार राम, राजकुमार प्रसाद के द्वारा प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया। कमलेश प्रसाद, पतंजलि के करमचंद साहू, श्याम प्रसाद, कमलेश प्रसाद, रंजीत प्रसाद, वरीय साधक राम स्वरूप राम, आशीष सिंहा, श्याम बिहारी प्रसाद (शिक्षक) वीरेंद्र कुमार साहू (शिक्षक), गायत्री परिवार के संजय प्रसाद, कंचन देवी, सपना कुमारी, पुष्पा देवी, उषा देवी के अलावा सतबरवा प्रखंड के सभी योग साधक तथा स्कूली छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर योगाभ्यास किया। वहीं बिरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि योग जन-जन और घर-घर तक पहुंचे इसके लिए हम सभी लोग संकल्पित हों। वहीं बकोरिया में सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। जिसमें कई लोगों ने शामिल होकर योगाभ्यास किया।

### अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर न्यायाधीश व न्यायालय कर्मियों ने किया योगाभ्यास



**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर ब्यवहार न्यायालय के परिसर में बुधवार को योगा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी न्यायाधीश ब्यवहार न्यायालय कर्मी योगाभ्यास में भाग लिए। प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के देखरेख में योग का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर पीडीजे प्रदीप कुमार चौबे ने कहा कि योग मन शरीर और आत्मा को सक्षम बनाता है। योग शरीर को सदैव दीघार्यु बनाता है। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डी जे प्रथम संतोष कुमार, अमरेश कुमार, प्रेम नाथ पांडे, अभिमन्यु कुमार, विनोद कुमार सिंह, निरूपम कुमार, आनंदा सिंह, अर्पित श्रीवास्तव, संदीप निशित बारा, शिखा अग्रवाल, रीतू कुजूर, परमानंद उपाध्याय, निशिकांत, मनोज कुमार, प्रतीक राज, रूबी, के अलावे सभी न्यायिक पदाधिकारी व्यवहार न्यायालय कर्मी शामिल थे।

### बाइक दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव के समीप लहलहे लेस्लीगंज मार्ग पर बाइक दुर्घटना में घायल उपेंद्र पासवान उम्र करीब (35 वर्ष) की मौत इलाज के दौरान रांची में हो गई। बताया जाता है कि घटना सोमवार को देर शाम की है जब उपेंद्र पासवान सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान लेस्लीगंज की ओर से आ रही पल्सर मोटरसाइकिल की चपेट में आ गया था। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसे नवजीवन अस्पताल तुम्बागड़ा लाया गया स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रांची रिम्स रेफर कर दिया जिसकी मौत मंगलवार की रात्रि में हो गई। ग्रामीणों ने बाइक पर सवार एक युवक को पुलिस के हवाले कर दिया है।

### प्रमंडलीय आयुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात



**मेदिनीनगर।** नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ जसवाल सहित नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी दीपक कुमार लाल ने बुधवार को पलामू प्रमंडल के प्रभारी आयुक्त मनोज जायसवाल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रभारी आयुक्त को नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ने बुके देकर सम्मानित भी किया। साथ ही पलामू प्रमंडल की ज्वलंत समस्याओं जैसे पानी बिजली सड़क एवं रोजगार सहित अन्य समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुलाकात के दौरान प्रभारी आयुक्त ने बताया कि पलामू की समस्या एवं व्यवस्था को लेकर वे सप्ताह में 2 दिनों का समय देंगे।

### आरसेटी के प्रशिक्षुओं ने किया एक्सपोजर विजिट



**मेदिनीनगर।** जिला पशुपालन कार्यालय में बुधवार को आरसेटी के प्रशिक्षणार्थियों को एक्सपोजर विजिट के लिये लाया गया। प्रशिक्षु महिलाओं को जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ विद्यासागर सिंह, सहायक कुक्कुट पदाधिकारी डॉ उदय सिन्हा, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप विलियम लकड़ा के द्वारा विभाग की योजनाओं, से संबंधित जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉक्टर अनूप बिलियन ने बताया कि सरकार द्वारा पशुपालन विभाग में कई तरह के योजना गरीब और विकलांगों के बीच दिया जाता है। बकरी पालन कुकुट पालन शुगर पालन बतख पालन गाय पालन योजना दिए जाते हैं। विकलांग को 90% अनुदान पर दिया जाता है।

## शारीरिक और मानसिक स्वास्थ वर्धन हेतु योग करें : कर्नल संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** पतंजलि योग पीठ के तत्वाधान में कर्नल डॉ संजय सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों हुसैनाबादवासियों ने योग करके योग दिवस मनाया। पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रशिक्षित किरण गुप्ता ने सभी को भारत सरकार आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल तहत प्रसारित योगा कराया गया जिसमे बाह्य तंदुरस्ती हेतु सुक्ष्म व्यायाम, मंडूकासन, चक्रासन, शवासन, सूर्य नमस्कार, भुजंगासन तथा आंतरिक तंदुरुस्ती हेतु अनुलोम विलोम तथा ध्यान कराया गया। कर्नल संजय ने कहा कि आज के दौड़ भाग की जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य के ऊपर कोई ध्यान नहीं देते है और विभिन्न रोगों से ग्रसित हो जाते हैं जिसमें कुछ असाध्य रोग भी हैं जिसके इलाज में पैसा और समय दोनों की हानि होती है। इन्होंने सभी काउंटर व्यापारियों से जो सुबह से शाम तक अपनी दुकान में बैठे रहते हैं वे तीव्रता से हृदयरोगी बनने की दिशा में बढ़ रहे हैं उन्हें प्रतिदिन योगा अवश्य करना चाहिए। योग स्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

## ज्ञान निकेतन स्कूल में हुआ योगाभ्यास




**मेदिनीनगर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर स्थानीय विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च वर्गों के लगभग 800 छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक राज कुमार साहू ने सभी को विभिन्न प्रकार के योगासन का अभ्यास कराया तथा इन आसनों के लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य मनोहर पाण्डेय ने कहा कि हमें योग को अपने जीवन में नियमित स्थान देना चाहिए और सबों को प्रतिदिन इसका अभ्यास करना चाहिए। योगा बच्चे, बूढ़े, युवा सबों के लिए लाभप्रद है। योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ एवं निरोग रहता है तथा इससे कई बीमारियां भी दूर होती है, जिससे हम प्रसन्नचित जीवन जी पाते है। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के शैक्षिक निदेशक शंकर दयाल तथा विद्यालय प्रभारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक राम प्रवेश पंडित, अजय कुमार दुबे, मनोज कुमार झा, खेल शिक्षक निधि उपाध्याय, पंकज कुमार तिवारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## कठौतिया कोल माइंस में योगा दिवस पर अधिकारियों कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पंडवा पलामू।** अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस परिसर में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। योगाभ्यास का उदघाटन माइंस के यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी, प्रबंधक अश्विनी कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। जिसमें माइंस के अधिकारियों कर्मचारियों व स्थानीय ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया। पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षक ओंकार ने योगाभ्यास कराया। मौके पर माइंस के यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी ने कहा कि योग एक आध्यात्मिक अभ्यास है जो हमें शारीरिक रूप से कई बीमारियों से छुटकारा दिलाता है। योग शरीर को मजबूत और बुद्धि को भी तेज करने के साथ मन को स्थिर करने में सहायक होता है। नियमित योगाभ्यास के माध्यम से व्यक्ति अपने शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में योग को शामिल करना सबसे लाभप्रद अभ्यासों में से एक है जिसे लोग कभी भी बना सकते हैं, यह न केवल आपको शारीरिक से स्वस्थ बनाता है बल्कि आपके मन और आत्मा को भी शांति प्रदान करता है। एचआर हेड अरूप बनर्जी ने कहा कि आज के भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहने का एक मात्र उपाय योगाभ्यास है। इस मौके पर प्रबंधक अश्विनी कुमार, जयंत शुक्ला, उज्जवल डे, दीपनारायण सिंह, सुनील सिन्हा, रणवीर सिंह, निशीकांत, नीतेश पौराणिक, आदित्य कुमार, योगेश द्विवेदी, कलींगा भीमापा, प्रिंस सिंह सहित कई लोगों ने योगाभ्यास किया।

## गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज छत्तरपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

### विद्यार्थियों के लिए योग का है अधिक महत्व : प्राचार्य

### कॉलेज कर्मियों ने योगाभ्यास कर मनाया योग दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज सड़मा छत्तरपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया इस मौके पर कॉलेज के सभी कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य स्वस्ति कुमारी ने कॉलेज के कर्मचारियों सहित छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाया जिसमें कपालभाति, अलोम विलोम, सूर्यनमस्कार, गरुड़ासन, वज्रासन, सहित अन्य आसन का योगाभ्यास कराया और उन्होंने बताया कि योग करने से संपूर्ण विकास होता है योग करने से बीमारियां दूर होती है दिनचर्या रूप में अपनाना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए योग बहुत अधिक महत्व है योग करने से मानसिक तनाव दूर होता है जिससे अध्ययन में सहायता मिलता है।

इस मौके पर प्रदीप जयसवाल, अर्चना कुमारी, सुजीत कुमार, बंपर, मित्तल सिंह, सुरेन्द्र कुमार, नेहा कुमारी, प्रमोद ठाकुर, सूर्यदेव मिस्त्री रामबिलास यादव, अखिलेश यादव, रेखा अग्रवाल, शिला सहित कॉलेज कर्मी शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## आर वी एस कॉलेज में डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू



जमशेदपुर। स्थानीय आर वी एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति एआईसीटीई ने दे दी है। इस वर्ष यह पाठ्यक्रम सिविल इंजीनियरिंग, मेकैनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, के लिए दी गई है। ज्ञात हो कि आर वी एस कॉलेज पूरे झारखंड राज्य में अग्रणी कॉलेजों में से एक है। 19 वर्षों में इस कॉलेज ने लगातार इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कई स्वर्ण पदक विजेता दिए हैं। इस वर्ष भी 2017 बैच के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र को कोल्हान विवि ने स्वर्ण पदक से नवाजा है। इस सफलता का सिर्फ और सिर्फ एक कारण है यहां की पढ़ाई की गुणवत्ता।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में मना योग दिवस



जमशेदपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, जमशेदपुर के परिसर में नेशनल योग गुरु अंशु सरकार के द्वारा विभिन्न तरह के योग अभ्यास कराए गए । इस उपलक्ष्य में बैंक ऑफ बड़ौदा जमशेदपुर (मुख्य) शाखा के मुख्य प्रबन्धक नेम्हास किसपोट्टा, गोलमुरी शाखा के मुख्य प्रबन्धक पुष्पेंद्र कुमार, देवकान्त गुप्ता, सोनिया घोष के साथ क्षेत्रीय कार्यालय एवं जमशेदपुर शहर स्थित शाखाओं के सभी कर्मचारियों ने पूरे जोश एवं उमंग के साथ योग अभ्यास में भाग लिया।

## अल-कबीर पॉली टेलिटेक्रिक में इब्राहिम ने कराया योगाभ्यास



जमशेदपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अल-कबीर पॉलिटेक्निक में बुधवार को संस्थान के खेल मैदान में विद्यार्थियों एवं कॉलेज स्टाफ ने सम्मिलित रूप से योगाभ्यास किया। मो इब्राहिम ने सभी को योगाभ्यास कराया। पी वीणाशीलाा राव, व्याख्याता, एवं चंदना शर्मा, व्याख्याता, ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न संकायों के अनेक व्याख्याता सहित संस्थान के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। संस्थान में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय समय पर व्यायाम का अभ्यास कराया जाता है। प्राचार्य वारिस सरवर इमाम ने सभी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग एवं शारीरिक व्यायाम पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। प्राचार्य ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए सभी के निरोग रहने की कामना की ताकि प्रत्येक क्षेत्र में हम अपना शत प्रतिशत योगदान दे सकें।

## मारवाड़ी युवा मंच ने एनटीटीएफ में कराया योगाभ्यास



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी ने एनटीटीएफ गोलमुरी के सहयोग से विश्व योग दिवस के अवसर पर एक उल्लेखनीय कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 180 उत्साही छात्रों की भागीदारी देखी गई, जो योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए थे। योग सत्र का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग की प्रसिद्ध योग शिक्षक अनीता पाल ने किया। मंच के अध्यक्ष मोहित व पूर्व अध्यक्ष नितेश धूत ने अनीता पाल को उनकी उपस्थिति और सत्र के दौरान साझा की गई बहुमूल्य अंतर्दृष्टि के लिए आभार व्यक्त किया।

# टाटा स्टील ने जमशेदपुर के नागरिकों के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह को संबोधित करते टाटा स्टील के वीपी उत्तम सिंह। साथ में योग गुरु अरविंद प्रसाद।



जेआरडी टाटा स्पोट्स कंपलेक्स में योगाभ्यास करते लोग।

जमशेदपुर। जमशेदपुर समुदाय के भीतर स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंटरैक्टिव योग सत्र का आयोजन किया। उत्तम सिंह, वाइस प्रेसिडेंट (आयरन मेकिंग), टाटा स्टील ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। निवासियों के शारीरिक और मानसिक कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता के तहत, टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समर्पित योग कॉर्नर की स्थापना की। योग विशेषज्ञ अरविंद प्रसाद द्वारा सुबह के योग सत्र में जीवन के सभी क्षेत्रों के 1200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। एक घंटे के कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, नौका आसन, मर्कट आसन, कंधरा आसन, गोमुख आसन, मांडूक आसन, अर्ध मत्स्य आसन, अनुलोम-विलोम, भद्रिका, कपालभाति प्राणायाम, योग आसनों का अभ्यास किया गया। उज्जे प्राणायाम और अग्निसारक्रिया। इसी तरह का एक कार्यक्रम रोज गार्डन (बर्न केयर यूनिट के पास) टाटा मेन अस्पताल में आयोजित किया गया था। संचालन योग प्रशिक्षक आरपीएस यादव ने किया। सत्र में 60 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। संरक्षा और सुरक्षा विभाग ने क्रमशः योग सत्र भी आयोजित किए और कुल 250 कर्मचारियों ने भाग लिया। टाटा स्टील वर्क्स के कर्मचारियों के लिए व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा विभाग ने स्टीलेनियम हॉल में एक विशेष सत्र का आयोजन किया।

# जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया




खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज सांस्कृतिक भवन प्रांगण में सामुहिक योगाभ्यास किया गया। योगाभ्यास सुबह 5:30 बजे शुरू किया गया जो सुबह 7:30 तक चला। इस योग योगाभ्यास सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में आयुर्वेदिक डॉ रिया डुडिया उपस्थित रहीं। योग शिक्षक पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रमाणित योग साधिका संगीता शर्मा जो महिला जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज की सहायक सचिव भी है रहीं। योगाभ्यास की शुरूआत समाज के केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा जी को फुल माला के साथ द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सामुहिक योगाभ्यास में विश्वकर्मा समाज के सभी क्षेत्रीय अनुशंगी ईकाई भी उपस्थित रहीं। योगाभ्यास सत्र के दौरान उपस्थित दिना नाथ शर्मा ने औषधीय पौधों की प्रायोगिक जानकारी प्रस्तुत की। समाज के अध्यक्ष राम विलास शर्मा ने अपने अभिवादन में सभी को योग करने और निरोग रहने की सलाह दी। महामंत्री सुजीत शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए समाज के प्रांगण में पहली बार हो रहे योगाभ्यास को एतिहासिक रूप से सफल बताया।

## बिरसानगर में पूर्व सीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग किया योग

# विश्व को भारत का दिया अमूल्य उपहार है योग : रघुवर





गुड़िया मैदान में योगाभ्यास करते पूर्व सीएम रघुवर दास, सांसद विद्युतवरण महतो, भाजपा जिला अध्यक्ष गूंजन व अन्य।

### भाजपा ने शहरी विस क्षेत्रों में किया सामूहिक योग का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत जमशेदपुर महानगर के पूर्वी, पश्चिमी में विधानसभा स्तरीय आयोजन के साथ पोटका एवं जुगसलाई मंडल में मंडल स्तर पर भाजपा कार्यकताओं ने 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। पुर्वी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिरसानगर जोन नंबर 1 स्थित गुड़िया मैदान में योग किया। 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान पूर्व सीएम रघुवर दास के संग हजारों भाजपा कार्यकताओं व आमजनों ने योग किया। योग्याभ्यास से पूर्व, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने महिला पतंजलि योग समिति की योग प्रशिक्षक सुधा झा को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर रघुवर दास ने सभी के निरोग रहने की कामना करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। योग शब्द का अर्थ ही जुड़ना है। आज योग ना सिर्फ दिल और दिमाग को जोड़ती है बल्कि अब देशों को भी जोड़ने का कार्य कर रही है। योग का अर्थ ही जुड़ना है। प्रतिदिन योग करने से न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि इससे हमारा दिमाग भी सतर्क रहता है। योग के रोजाना अभ्यास से आत्मिक शांति के साथ हमें तनाव मुक्त और रोग मुक्त जीवन मिलता है। भारत की संस्कृति में योग की उत्पत्ति बहुत प्राचीन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र की आम सभा ने भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। आज पूरे भारत के लिए गौरव का दिन है। आज पूरी दुनिया में लोग योग और वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर एक साथ योग कर रहे हैं। यह दर्शाता है कि भारत पुनः विश्व गुरु बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नियमित योग से ना केवल मानसिक संतुलन की क्षमता विकसित होती है बल्कि हम गंभीर रोगों से भी दूर रह सकते हैं। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने और स्वस्थ भारत की मुहिम में शामिल होने का आह्वान किया। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि कहा कि भारत लंबे समय तक गुलामी के दौर में रहा है। जहां योग जैसी पुरानी संस्कृति को लगभग भुला दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को विश्व भर में लोग अपना रहे हैं और उनके पहल पर आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग से ना सिर्फ स्वस्थ रहा जा सकता है। बल्कि शरीर के विभिन्न रोगों में इस्तेमाल होने वाली कई महंगी दवाइयों से भी छुटकारा मिल सकता है। योग कर स्वस्थ रहें, निरोग रहे और स्वस्थ राष्ट्र और समाज के निर्माण में अपना सहयोग करें। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि योग सभी के जीवन में आवश्यक है, योग करने से मन को शांति और शरीर को नयी ऊर्जा प्राप्त होती है। वही, योग प्रशिक्षिक सुधा झा ने सहयोगी गौरी कर एवं विनीता सिन्हा के साथ बैठकर विभिन्न प्रकार के योग एवं आसन करवाये। योग से शरीर निरोगी रहता है। योग स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है, किसी भी प्रकार के व्याधि एवं रोग को अनुलोम-विलोम व कपालभाति से दूर किया जा सकता है। मंच संचालन जिला महामंत्री राकेश सिंह व धन्यवाद ज्ञापन बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप ने किया।

## बीएसीइटी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीएसीइटी), जमशेदपुर में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत कॉलेज के सेमीनार हॉल में नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि अजय कुमार झा, जिला अध्यक्ष, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट (पतंजलि योगपीठ), पूर्वी सिंघभूम थे। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर सभी उपस्थित सभी शिक्षकगण, स्टाफ एवं विद्यार्थी को योगाभ्यास करवाते हुए योग के महत्व को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन, स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष निलय मंडल के द्वारा किया गया।

## आरएसबी ग्लोबल के सभी प्लांटों में मनाया गया विश्व योग दिवस



जमशेदपुर। विश्व योग दिवस के अवसर पर यूं तो आज पूरी दुनिया योगमय है, वही इसका नजारा हमे ऑटो कंपोनेंट बनाने वाली विश्वप्रसिद्ध कंपनी आरएसबी ग्लोबल के सभी प्लांट्स में भी हुआ। आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया के प्लांट्स में भी सभी आरएसबी कर्मी योगमय नजर आए। आरएसबी मैनेजमेंट योग दिवस को सिर्फ एक दिन के रूप में देखने के बजाय पूरी समग्रता में देखता है और मानता है की योग खुशहाल और स्वस्थ्य जीवन जीने की एक कला है जिसमे मानव शरीर और आत्मा का पूरा विज्ञान निहित है। इस अवसर पर बोलते हुए कंपनी के वाइस चेयरमैन और एमडी एस के बेहरा ने कहा की सभी अच्छे कार्यों की शुरूआत स्वयं से होती है यही कारण है की स्वयं भी प्रतिदिन योग करते हैं। उन्होंने बताया की योग सिर्फ आसान और व्यायाम का नाम ही नही है बल्कि इसके आठ अंग हैं जिन्हे अष्टांग योग कहते हैं। महर्षि पतंजलि ने कहा है योगश्चित्तवृत्तिनिरोध: अर्थात योग शरीर, मन और आत्मा में सांउलन का विज्ञान है। कंपनी के चेयरमैन आर के बेहरा ने अपने संदेश में कहा की जब शरीर और मन स्वास्थ्य होगा तो समाज और उद्योग भी स्वस्थ्य होगा, और तभी देश की तरक्की तथा खुशहाली होगी, ऐसे में अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनानी होगी और योग ही इसका आधार है।

## टिनप्लेट स्पोर्टस कंपलेक्स में स्वामी गोरखनाथ ने कराया सामूहिक योग

खबर मन्त्र ब्यूरो



योगाभ्यास कार्यक्रम का उद्घाटन करते टीसीआइएल के एमडी आरएन मूर्ति, स्वामी गोरखनाथ, डीजीएम हरजीत सिंह व अन्य।



टिनप्लेट स्पोर्ट्स कंपलेक्स में योगाभ्यास कराते स्वामी गोरखनाथ।

जमशेदपुर। टिनप्लेट कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड और सत्यानंद योग केंद्र के संयुक्त तत्ववधान में टिनप्लेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित अंतराष्ट्रीय योग दिवस में जमशेदपुर के डेढ़ दर्जन स्कूलों में टेल्को, टिनप्लेट, बारीडीह, गोविन्दपुर, वामगोड़ा आदि क्षेत्र के प्रमुख स्कूलों से 1500 से ज्यादा बच्चों के साथ साथ सैकड़ों नागरिकों ने हिस्सा लिया।

योग कार्यक्रम का उद्घाटन टिनप्लेट कंपनी के एमडी आरएन मूर्ति, पूर्व एमडी डॉ आरएन शर्मा, योग गुरु स्वामी गोरख नाथ जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कंपनी के हरजीत सिंह, डीजीएम (एचआरएम एंड एसएस), डॉ एसजे डे (जीएम-वर्क्स), सीएसआर के हेड प्रभात दास, सुरक्षा विभाग के प्रमुख सरोज राय आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जन संपर्क पदाधिकारी उदय प्रकाश सिंह ने किया।

कार्यक्रम में बच्चों ने योग का अभ्यास बिहार स्कूल ऑफ योग, मुंगेर के वरिष्ट सन्यासी स्वामी गोरखनाथ जी के दिशा निर्देश में किया। बच्चों ने ताड़ासन, त्रियक ताड़ासन कटी चक्रासन, वज्रासन, माजार्री आसान, व्यग्रसन आसान, शशांक आसान, सिहासन, शवाशन, सूर्यनमस्कार के साथ ही नाड़ीशोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, अदि का सफलता पूर्वक अभ्यास किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्यानंद योग केंद्र के मलॉय दे, केके झा, राज शर्मा, अश्वनी शुक्ल, लखन ठाकुर, रविंदर, प्रिंस अग्रवाल, संतोष पाण्डे, स्वामी जी, किरण झा, तियषा, आदिका और श्रुति का विशेष योगदान रहा।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा, (समाज कल्याण शाखा)**
E-mail - awc8.monitoring@gmail.com

**-: वन स्टॉप सेन्टर, कोडरमा में विभिन्न पदों के विरूद्ध सेवाएँ प्राप्त करने हेतु विज्ञापन :-**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वन स्टॉप सेन्टर योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत हिंसा से पीडित महिलाओं को सखी-वन स्टॉप सेन्टर में एक छत के नीचे पुलिस सहायता, कानूनी सहायता एवम् परामर्श, चिकित्सा सहायता, मनो-सामाजिक परामर्श, अस्थायी आश्रय इत्यादि उपलब्ध कराया जाता है।

कोडरमा जिले में इस योजनान्तर्गत एक सखी-वन स्टॉप सेन्टर स्थापित किया गया है। कोडरमा जिले के सखी वन स्टॉप सेन्टर में विभिन्न सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए व्यक्तिगत अहर्त्ता प्राप्त सेवा प्रदाताओं को अनुबंधित करने हेतु पूर्व में विज्ञापन ज्ञापांक-459/स०क० दिनांक-02.07.2022 एवं ज्ञापांक-868/स०क० दिनांक-04.12.2021 तथा विज्ञापन ज्ञापांक-907/स०क० दिनांक-23.11.2022 द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, लेकिन उक्त पदों पर कोई योग्य अभ्यार्थी नहीं मिलने के कारण पुनः विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। अहर्त्ता प्राप्त अभ्यर्थियों से निम्नांकित विवरणी अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है:-

| क्र० | सेवा प्रदाता | कुल पद | आरक्षण रोस्टर | निर्धारित अर्हता | समेकित मासिक परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्र प्रशासक (केवल महिलाओं के लिये) | 01 | अनारक्षित-01 | शैक्षणिक योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर/किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक। आवश्यक कार्य अनुभव : किसी सरकारी अथवा गैर-सरकारी संस्था/परियोजना में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा जैसे मुद्दे पर कार्य करने का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव। वांछित कार्य अनुभव: किसी सरकारी अथवा गैर-सरकारी संस्था/परियोजना में परामर्श दाता के रूप में कार्य करने का न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव। | रू० 30,000/- |

– आवेदन विहित प्रपत्र में online वेबसाइट www.recruitment.jharkhand.gov.in पर समर्पित करेंगें।
नोटः- नियुक्ति एवं आवेदन प्रक्रिया जिला के पोर्टल www.koderma.nic.in देखा जा सकता है।

PR 300569Social Welfare,Women and Child Development(23-24)#D

उपायुक्त, कोडरमा



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**



**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

नाम-मीना देवी, उम्र-40 वर्ष,
रंग-सॉवली, उचाँई-5 फिट,
पहनावा-साड़ी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला मीना देवी, पति-गया कर्मकार, सा0-बुढ़ाडीह, थाना-बुण्डु, जिला-राँची जो दिनांक-21.05.2023. को घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में बुण्ड थाना सनहा संख्या-10/2023 दिनांक-09.06.2023 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक ,बुण्डु, रॉंची। -94317 06144
थाना प्रभारी, बुण्डु, रॉंची। -94317 06191

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 300518 (Police)23-24*D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा (निर्वाचन शाखा)**

**मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन की सूचना**

नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2023 के निमित तैयार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन नगर परिशद कार्यालय, सिमडेगा एवं सभी 20 वार्डों से संबंधित मतदान केन्द्रों में दिनांक 19.06.2023 को किया जाना है। इन सभी स्थलों पर दिनांक 19.06.2023 से 01.07.2023 तक (सार्वजनिक आवकाश के दिनों को छोड़कर) पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक मतदाताओं के निरीक्षण हेतु मतदाता सूची का प्रारूप उपलब्ध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो उक्त स्थल पर प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक को प्रपत्र-'क' एवं प्रपत्र 'ख' में अपना दावा/आपत्ति लिखका प्रस्तुत कर सकेगा, जिसके लिए उसे विहित प्रपत्र में पावती रसीद दी जायेगी। प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षिक की सूची निम्नवत् है:-

| क्र० | वार्ड संख्या | मतदान केन्द्र संख्या | स्थान का नाम जहाँ मतदाता सूची(प्रारूप) रखी गई है। | प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षिक का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1-20 | कुल-36 | नगर परिषद कार्यालय, सिमडेगा | ज्योति लाल स्वांसी,बी0पी0आर0ओ0 सिमडेगा प्रखण्ड |
| 2 | 1 | 1/1 | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय,गोतरा मैनाबेड़ा(उत्तरी भाग) | कैटरीना खलखो, बी0एल0ओ0 |
| 3 | 1 | 1/2 | राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोतरा मैनाबेड़ा (दक्षिणी भाग) | |
| 4 | 2 | 2 | सामुदायिक भवन ढेबरग्राम | सुषमा किड़ो, बी0एल0ओ0 |
| 5 | 3 | 3/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र कुबीटोली | ख्रिस्त मुक्ति बाड़ा, बी0एल0ओ0 |
| 6 | 3 | 3/2 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भूड़ूटोली | कुमुदनी कुल्लू, बी0एल0ओ0 |
| 7 | 4 | 4/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, बरटोली | रजनी देवी, बी0एल0ओ0 |
| 8 | 4 | 4/2 | आंगनबाड़ी केन्द्र, मुण्डाटोली | सुलामी गुड़िया, बी0एल0ओ0 |
| 9 | 5 | 5/1 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सलडेगा | ललिता देवी, बी0एल0ओ0 |
| 10 | 5 | 5/2 | सामुदायिक भवन, देवीगुड़ी मुहल्ला | विजय लक्ष्मी, महिला पर्यवेक्षिका सिमडेगा प्रखण्ड |
| 11 | 6 | 6/1 | सिमडेगा क्लब, सिमडेगा | सरस्वती देवी, बी0एल0ओ0 |
| 12 | 6 | 6/2 | कृषि फार्म, सलडेगा | सिबिरिया कुल्लू, बी0एल0ओ0 |
| 13 | 7 | 7/1 | तसर सेन्टर, सिमडेगा | ख्रीस्तकिलानी टोप्पो, बी0एल0ओ0 |
| 14 | 7 | 7/2 | सामुदायिक भवन, कुंजनगर | रूपा संतोषी बखला, महिला पर्यवेक्षिका, सिमडेगा प्रखण्ड |
| 15 | 8 | 8/1 | राजकीय मध्य विद्यालय, ठाकुरटोली (उत्तरी भाग) | उमेश बड़ाईक, बी0एल0ओ0 |
| 16 | 8 | 8/2 | राजकीय मध्य विद्यालय, ठाकुरटोली (दक्षिणी भाग) | मंजू ग्रेस हेवर्ड नाग, बी0एल0ओ0 |
| 17 | 9 | 9/1 | संत अन्ना प्राथमिक विद्यालय, सामटोली (दक्षिणी भाग) | मरिया गोरेती कुजूर, बी0एल0ओ0 |
| 18 | 9 | 9/2 | संत अन्ना प्राथमिक विद्यालय, सामटोली (उत्तरी भाग) | मनोज बैठा, जनसेवक, सिमडेगा प्रखण्ड |
| 19 | 10 | 10/1 | सामुदायिक भवन, पुरनापानी | गीता देवी, बी0एल0ओ0 |
| 20 | 11 | 11/1 | राज्य सम्पोषित बालक उच्च विद्यालय, सिमडेगा (उत्तरी भाग) | बेरनादेत खलखो, बी0एल0ओ0 |
| 21 | 11 | 11/2 | राज्य सम्पोषित बालक उच्च विद्यालय, सिमडेगा (दक्षिणी भाग) | सफीरा आईन्द, बी0एल0ओ0 |
| 22 | 12 | 12/1 | सामुदायिक भवन, नीचेबाजार | पुनम देवी, बी0एल0ओ0 |
| 23 | 12 | 12/2 | सामुदायिक भवन, बाजारटोली | लक्ष्मण दास, बी0एल0ओ0 |
| 24 | 13 | 13/1 | राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, हरिपुर | रिंकी कुमारी, बी0एल0ओ0 |
| 25 | 14 | 14/1 | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, घोचोटोली (पूर्वी भाग) | कोरदुला लकड़ा, बी0एल0ओ0. |
| 26 | 14 | 14/2 | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, घोचोटोली (दक्षिणी भाग) | मुन्नी केरकेट्टा, बी0एल0ओ0 |
| 27 | 15 | 15/1 | सामुदायिक भवन, ईदगाह मुहल्ला | निखत परवीन, बी0एल0ओ0 |
| 28 | 15 | 15/2 | आंगनबाड़ी केन्द्र, ईदगाह मुहल्ला | नोमिता डुंगडुंग, बी0एल0ओ0 |
| 29 | 16 | 16/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, खिजरी | अनिता मफी डुंगडुंग, बी0एल0ओ0 |
| 30 | 17 | 17/1 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खिजरी (पश्चिमी भाग) | मंजूलता देवी, बी0एल0ओ0 |
| 31 | 17 | 17/2 | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खिजरी (दक्षिणी भाग) | |
| 32 | 18 | 18/1 | सामुदायिक भवन, डुमरटोली | रेशमा लिना मिंज, बी0एल0ओ0 |
| 33 | 18 | 18/2 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, टांगराटोली | शबनम खातून, बी0एल0ओ0. |
| 34 | 19 | 19/1 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, भट्ठीटोली (पश्चिमी भाग) | मुस्सरत परवीन, बी0एल0ओ0 |
| 35 | 19 | 19/2 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, भट्ठीटोली (पूर्वी भाग) | मुस्सरत परवीन, बी0एल0ओ0 |
| 36 | 20 | 20/1 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, खैरनटोली (पश्चिमी भाग) | मधु मधुरी बाड़ा, बी0एल0ओ0. |
| 37 | 20 | 20/2 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, खैरनटोली (पूर्वी भाग) | अंजुम परवीन, बी0एल0ओ0 |

प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन जिला के वेबसाईट(simdega.nic.in) पर भी किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) -सह-उपायुक्त, सिमडेगा।

PR.NO.300496 Simdega(23-24):D

# पर्यावरणीय संतुलन

दरअसल, पेरिस सम्मेलन में दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने हेतु वैश्विक तापमान को 1.5 से 2 डिग्री सेल्सियस तक रोकने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके लिये देशों ने अपने यहां कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लक्ष्य निर्धारित किये थे। लेकिन इससे वैश्विक लक्ष्य प्राप्त करने में ज्यादा मदद मिलती नजर नहीं आती क्योंकि यूएन के मुताबिक सदी के अंत तक दुनिया का तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। अनुमान है कि ग्लासगो में दुनिया के भविष्य को बचाने के लिये वैश्विक तापमान वृद्धि दर को 1.5 निर्धारित करने की मांग उठेगी, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन पर नियंत्रण किया जा सके। देशों को वह वर्ष बताना होगा जब उनका कार्बन उत्सर्जन शून्य होगा। दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक चीन वर्ष 2060 तथा दूसरा बड़ा कार्बन उत्सर्जक अमेरिका ने 2050 कार्बन न्यूट्रल होने की बात कही है। भारत जैसे देशों के लिये सम्मेलन चुनौती पेश करेगा क्योंकि इसमें बिजली उत्पादन में कोयले की निर्भरता खत्म करने पर बल दिया जायेगा। भारत, चीन व अमेरिका इसका सर्वाधिक उपयोग करते हैं। पर्यावरण की समस्या से अब सभी देश प्रभावित हो रहे हैं। 1980 में पहली बार इस दिशा में चिंतन आंरभ किया गया था कि पृथ्वी को बचाना है। लेकिन विकसित देश जो पर्यावरण प्रदूषण के लिये 90 प्रतिशत तक जबावदेह हैं वे अपनी जबावदेही लेने को तैयार ही नहीं है। विशेषकर कार्बन उर्त्सजन के मामले अमेरिका, चीन सहित यूरोपीय देशों को पर्यावरणीय सोच विकसित करने की आवश्यकता है। यूएन की अंतर सरकारी समिति ने दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोकने के लिये कोयले पर निर्भरता को 2050 तक खत्म करने को कहा है। भारत पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है।

# मोदी की यूएसए यात्रा

दुनिया में तेजी से बदलते कूटनीतिक समीकरणों के बीच यदि अमेरिका भारत को इतनी अहमियत दे रहा है तो जाहिर है जरूर उसके गहरे निहितार्थ हैं। कहा भी जाता है कि मूलतः कारोबारी राष्ट्र अमेरिका की नीतियां अमेरिकी हितों से शुरू होकर अमेरिकी हितों पर खत्म हो जाती हैं। इस यात्रा के मूल में जहां दोनों देशों के बीच होने वाले बड़े रक्षा व अन्य समझौते हैं, वहीं हिंद-प्रशांत क्षेत्र समेत दुनिया के तमाम देशों में चीन की बढ़ती आक्रामकता पर नकेल लगाना भी है। इसी वजह से यह यात्रा खास हो जाती है। पहली बार नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति जो बाइडन के बुलावे पर अमेरिका जा रहे हैं और उनकी यात्रा को स्टेट विजिट का दर्जा प्रदान किया गया है। यह सम्मान स्वतंत्र भारत में अब तक दो ही प्रधानमंत्रियों को मिल सका है। अमेरिका केवल उन्हीं देशों को यह सम्मान देता है जिनके साथ उसे कूटनीतिक हित नजर आते हैं। कुल मिलाकर दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय रिश्तों में एक नये युग की शुरूआत हो रही है। प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर कहा जा रहा है कि इससे दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। आर्थिक पंडित मान रहे हैं कि भारत से बड़े आर्थिक समझौतों से खस्ता हाल दौर से गुजर रही अमेरिकी अर्थव्यवस्था को प्राणवायु मिलेगी। उम्मीद है यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच फाइटर जेट इंजन व ड्रोन खरीद समझौते को मूर्त रूप मिलेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि फाइटर जेट इंजन भारत में बनाने का समझौता होने की बात है। कहीं न कहीं भारत की कोशिश है कि रूसी सैन्य सामान पर निर्भरता कम की जाये। खासकर उन लड़ाकू प्रशिक्षण विमानों का विकल्प तलाशने की कोशिश है, जो आये दिन दुर्घटना का शिकार होकर जनधन की हानि पहुंचा रहे हैं। वैसे दुनिया को दो सबसे मजबूत लोकतांत्रिक देश के मिलने और आगे बढ़ने का सकरात्मक रुप दुनिया के सामने आये शांति की स्थापना हो।

# नेताजी जीवित होते तो देश का बंटवारा न होने देते




**क्या** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जीवित होते तो पाकिस्तान कभी बन पाता? यह बहस लंबे समय से चल रही है। इस विषय पर इतिहासकारों और विद्वानों में मतभेद भी रहे हैं। अब इस बहस में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल हो गए हैं। उन्होंने हाल ही में कहा कि अगर नेताजी सुभाषचंद्र बोस जिंदा होते तो भारत का बंटवारा नहीं होताह्व क्या वे मोहम्मद अली जिन्ना को समझा पाते कि भारत के बंटवारे से किसी को कुछ लाभ नहीं होगा? यह सवाल अपने आप में काल्पनिक होते हुए भी महत्वपूर्ण हैं।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवनकाल में ही अखिल भारतीय मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान का प्रस्ताव पारित किया था। जिन्ना ने 23 मार्च, 1940 को लाहौर के बादशाही मस्जिद के ठीक आगे बने मिन्टो पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए अपनी घनघोर सांप्रदायिक सोच को प्रकट कर दिया था। जिन्ना ने सम्मेलन में अपने दो घंटे लंबे बेहद आक्रामक भाषण में हिन्दुओं को पानी पी-पीकर कोसा था। कहा था- हिन्दू-मुसलमान दो अलग धर्म हैं। दो अलग विचार हैं। दोनों की परम्पराएं और इतिहास अलग हैं। दोनों के नायक अलग हैं। इसलिए दोनों कतई साथ नहीं रह सकते। जिन्ना ने अपनी तकरीर के दौरान लाला लाजपत राय से लेकर दीनबंधु चितरंजन दास तक को अपशब्द कहे। बेशक, नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने जिन्ना के भाषण के अंश पढ़े होंगे।

डोभाल यह भी कहते हैं, नेताजी ने अपने जीवन में कई बार साहस दिखायाक उनके अंदर महात्मा गांधी को चुनौती देने का साहस भी था। वह भी तब जबकि महात्मा गांधी अपने राजनीतिक जीवन के शीर्ष पर थे। फिर बोस ने गाँधीजी के उम्मीदवार को भरी बहुमत से हरा कर कांग्रेस छोड़ दी थी। डोभाल ने आगे कहा, मैं अच्छा या बुरा नहीं कह रहा हूं, लेकिन भारतीय इतिहास और विश्व इतिहास के ऐसे लोगों में बहुत कम समानताएं हैं, जिनमें धारा के खिलाफ बहने का साहस था और आसान नहीं था।

सुभाषचंद्र बोस के रहते भारत का विभाजन नहीं होता। इस मसले पर बहस होती रहेगी। जिन्ना ने कहा था कि मैं केवल एक नेता को स्वीकार कर सकता हूं और वह सुभाष चंद्र बोस हैं। नेताजी के महान प्रयासों पर कोई संदेह नहीं कर सकता, महात्मा गांधी भी उनके प्रशंसक थे क लेकिन लोग तो अक्सर आपके परिणामों के माध्यम से आपको आंकते हैं। तो क्या सुभाष चंद्र बोस का पूरा प्रयास व्यर्थ गया। इतिहासकार तो नेताजी के प्रति घोर निर्दयी रहे हैं ।



-आरके सिन्हा

> बेशक, नेताजी सुभाषचंद्र बोस जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के खिलाफ जनशक्ति के साथ सड़कों पर उतर जाते। वे कोलकाता के 1930 में मेयर थे। उन्हें कोलकाता के चप्पे-चप्पे की जानकारी थी। वे जिन्ना और मुस्लिम लीग के गुंडों का सड़कों पर मुकाबला करते। वे जुझारू नेता थे। नेताजी घर में बैठकर हालात को देखने वालों में से नहीं थे। पर वे पहले ही संसार से विदा हो चुके थे।

पाकिस्तानी लेखक फारूक अहमद दार ने अपनी किताब ह्यजिन्नाज पाकिस्तानः फोरमेशन एंड चैलेंजेसह्ल में लिखा है कि मुस्लिम लीग के पाकिस्तान के हक में प्रस्ताव पारित करने के बाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस के अध्यक्ष की हैसियत से जिन्ना से आग्रह किया था कि वे अलग देश की मांग को छोड़ दें। उन्होंने जिन्ना को भारत के आजाद होने के बाद पहला प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव भी दिया था। कुछ इस तरह का प्रस्ताव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सी. राजागोपालचारी ने भी जिन्ना को दिया था।

जाहिर है कि जिद्दी जिन्ना ने नेताजी की पेशकश पर सकारात्मक उत्तर नहीं दिया। जिन्ना तो भारत को तोड़ने पर आमादा था। इसके बाद का इतिहास सबको मालूम है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस पेशावर के रास्ते देश से अफगानिस्तान के रास्ते बाहर चले गए, भारत को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्ति दिलवाने के लिए। वे दुनिया के अनेक देशों में रहे। उन्होंने वीर सावरकर और रसबिहारी बोस की प्रेरणा से आजाद हिन्द फौज का गठन किया। जाहिर है कि देश से बाहर जाने के बाद वे जिन्ना या मुस्लिम लीग की गतिविधिवियों से लगभग दूर हो गए। अफसोस कि उनकी एक विमान हादसे में 1945 में मृत्यु हो जाती है।

यहां कुछ सवाल मन में आते हैं। जैसे कि अगर उनकी मृत्यु नहीं होती तो जिन्ना के 16 अगस्त 1946 के डायरेक्ट एक्शन के आह्वान को लेकर किस तरह की प्रतिक्रिया होती। जिन्ना ने 16 अगस्त, 1946 के लिए डायरेक्ट एक्शन का आह्वान किया था। एक तरह से वह हिन्दुओं के खिलाफ दंगों की शुरुआत थी। तब बंगाल में मुस्लिम लीग की सरकार थी। लीग दंगाइयों का खुलकर साथ दिया था। उन दंगों में कोलकाता में पांच हजार मासूम मारे गए थे। मरने वालों में उड़िया मजदूर सर्वाधिक थे। फिर तो दंगों की आग चौतरफा फैल गई थी।

बेशक, नेताजी सुभाषचंद्र बोस जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के खिलाफ जनशक्ति के साथ सड़कों पर उतर जाते। वे कोलकाता के 1930 में मेयर थे। उन्हें कोलकाता के चप्पे-चप्पे की जानकारी थी। वे जिन्ना और मुस्लिम लीग के गुंडों का सड़कों पर मुकाबला करते। वे जुझारू नेता थे। नेताजी घर में बैठकर हालात को देखने वालों में से नहीं थे। पर वे पहले ही संसार से विदा हो चुके थे।

जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के आह्वान के बाद मई, 1947 में रावलपिंडी में मुस्लिम लीग के गुंडों ने जमकर हिन्दुओं और सिखों को मारा, उनकी संपत्ति और औरतों की इज्जत लूटी। रावलपिंडी में सिख और हिन्दू खासे धनी थे। इनकी संपत्ति को निशाना बनाया गया। पर जिन्ना ने कभी उन दंगों को रूकवाने की अपील नहीं की। वे एक बार भी किसी दंगा ग्रस्त क्षेत्र में नहीं गए। डायरेक्ट एक्शन की आग पूर्वी बंगाल तक पहुंच गई थी। नोआखाली में हजारों हिन्दुओं का कत्लेआम हुआ था। उस कत्लेआम को रूकवाने के लिए महात्मा गांधी भी गए थे। वे दंगों को रूकवाने में मात्र कुछ हद तक ही हिन्दू बहुल इलाकों में ही सफल रहे थे। एक तरह से मुसलमानों की क्रूरता और नरसंहार का जवाब हिन्दू न दे पाये थे क

दरअसल नेताजी सुभाषचंद्र बोस का मुसलमानों के बीच में जबरदस्त असर था। आजाद हिन्द सेना में उनके एक अहम साथी शाहनवाज खान थे। उनके अलावा भी आजाद हिन्द सेना में मुसलमानों की तादाद बहुत अधिक थी। नेताजी सुभाष की शख्सियत बेहद चमत्कारी और सेक्युलर थी। देश के बंटवारे का असर बंगाल और पंजाब पर ही हुआ। ये ही बंटे। बंगाल तो नेताजी सुभाषचंद्र बोस का गृह प्रदेश था। इन दोनों राज्यों में मुसलमान और सिख उन्हें अपना नायक मानते थे। तो कह सकते हैं कि वे मुस्लिम लीग के लिए एक बड़ी चुनौती तो अवश्य बनते।

## खास बात

### जलवायु परिवर्तन पर गंभीरता की जरूरत

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

संपन्न राष्ट्र अफगानिस्तान जैसे मामलों में बिलियनों नहीं, ट्रिलियनों डॉलर नाली में बहा सकते हैं लेकिन विकासमान राष्ट्रों की मदद में उदारता दिखाने को तैयार नहीं हैं। क्या वे नहीं जानते कि सारी दुनिया में तापमान-वृद्धि का दोष उन्हीं के माथे है?

इस बार ग्लासगो में होने वाले जलवायु-परिवर्तन सम्मेलन शायद क्योतो और पेरिस सम्मेलनों से ज्यादा सार्थक होगा। उन सम्मेलनों में उन राष्ट्रों ने सबसे ज्यादा डींगें हांकी थीं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा गर्मी और प्रदूषण फैलाते हैं। उन्होंने न तो अपना प्रदूषण दूर करने में कोई मिसाल स्थापित की और न ही उन्होंने विकासमान राष्ट्रों के लिए अपनी जेबें ढीली कीं ताकि वे गर्मी और प्रदूषित गैस और जल से मुक्ति पा सकें।

संपन्न राष्ट्रों ने विकासमान राष्ट्रों को हर साल 100 बिलियन डॉलर देने के लिए कहा था ताकि वे अपनी बिजली, कल-कारखानों और वाहन आदि से निकलने वाली गर्मी और प्रदूषित गैस को घटा सकें। वे सौर-ऊर्जा, बैटरी और वायु-वेग का इस्तेमाल कर सकें ताकि वातावरण गर्म और प्रदूषित होने से बच सकें। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका ने तो पेरिस समझौते का ही बहिष्कार कर दिया। ये सब संपन्न देश चाहते थे कि अगले तीस साल में जलवायु प्रदूषण याने कार्बन-डाइआक्साइड की मात्रा घटे और सारे विश्व का उष्मीकरण ज्यादा से ज्यादा 2 डिग्री सेल्सियस तक हो जाए। इस विश्व-तापमान को 1.5 डिग्री तक घटाने का लक्ष्य रखा गया। अमेरिका और यूरोपीय देश, जो सबसे ज्यादा गर्मी फैलाते हैं, उनका दावा है कि वे 2050 तक अपने तापमान को शून्य तक ले जाएंगे। वे ऐसा कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा। वे यह कर भी सकते हैं, क्योंकि उनके पास वैसी तकनीक है, साधन हैं, पैसे हैं लेकिन यही काम वे इस अवधि में वैश्विक स्तर पर हुआ देखना चाहते हैं तो उन्हें कई वर्षों तक 100 बिलियन नहीं, 500 बिलियन डॉलर हर साल विकासमान राष्ट्रों पर खर्च करने पड़ेंगे। ये राष्ट्र अफगानिस्तान जैसे मामलों में बिलियनों नहीं, ट्रिलियनों डॉलर नाली में बहा सकते हैं लेकिन विकासमान राष्ट्रों की मदद में उदारता दिखाने को तैयार नहीं हैं।

# वन गमन की आज्ञा

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्री राम** के वन गमन को लेकर आमसोच यह है कि पिता की आज्ञा से वे वन गये। लेकिन राम के मोह से आहत महाराज दशरथ इस स्थिति में नहीं थे कि कोई आज्ञा दे सके। प्रजा के सामने तो आज्ञा गुरु वशिष्ठ से ही ली और यही सच है। श्री राम अपने जीवन काल में दो बार ही अयोध्या से बाहर निकले हैं औरदोनों बार गुरु के आदेश से ही निकले हैं। पहली बार जब जनकपुर गये तो राजा दशरथ भेजना नहीं चाहते थे लेकिन गुरु वशिष्ठ क समझाने के बाद तैयार हुए। दूसरी बार जब जंगल गये तो कैकेयी जी का नाम दिया जरूर लेकिन राजा दशरथ भेजना नहीं चाहते थे। ह्दय मानाव भोरु हाई । रामहिं जाई कहै जनि कोई। राम न जाए ऐसा दशरथ सोच रहे थे। वे जंगल अगर गये है तो पिता की आज्ञा से नहीं गये हैं बल्कि गुरु की आज्ञा से गये हैं। लेकिन नीतिवश जब कही भी बात होती है तब श्रीराम कहते हैं हैं कि वे पिता की आज्ञा से वन में गये हैं। जब हुनमान जी से परिचय हुआ था तब श्रीराम ने कहा था कि हम पितृ बचन मान वन आये। तो ये दिखा रहें हैं कि वे पिता की मर्यादा की भी रक्षा करना चाहते हैं। दुनिया यह नहीं समझें कि दशरथ जी इनको नहीं भेजे हैं। ये कहते हैं पिता ने हमको भेजा है वे वरदान दिये थे उसी वरदान के तहत भेजा है। एक ओर मर्यादा की भी रक्षा कर रहे थे तो दूसरी ओर अपनी भक्ति भी कर रहे थे। प्रजा के समझ जो बात सामने आई थी वही मूल बात थी क्योंकि गुरु आज्ञा से ही श्री राम ने अपने जीवन को धर्म रक्षित किया था। इसी कारण वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये। श्री राम की गुरु भक्ति संपूर्ण संसार के लिये प्रेरणा की श्रोत है। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## आपके ट्वीट


**बजरंगबली** भगवान नहीं है, हमने उन्हें भगवान बनायाः- मनोज मुंतशिरकितनी इज्जत थी तुम्हारी हम सनातनियों के दिल में, जब तुम ये सुनाया करते थे, घूम-घूम कर हिंदुओ को जगाया करते थे..!!मस्जि'द है या शिवाला, ये सच बता ही देंगे, पूछेगी जब अदालत, पत्थर गवाही देंगे।

**– सुधांशु त्रिवेद्वी, भाजपा**

**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर समस्त राज्यवासियों को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। स्वस्थ समाज, समृद्ध राज्य और देश का द्योतक है। आप सभी स्वस्थ रहें, नीरोग रहें, यही कामना करता हूँ।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**जीवन** को जानना एक खोज है, उसे कुछ भूल-भटककर ही जाना जा सकता है ।

कभी पश्चात्ताप के स्वर में मैंने भी कहा था , जीवन भूल का इतिहास है।

**– अमिताभ बच्चन**

# गांधी दर्शन को मूर्त रूप देने वाले सुधारक

## स्मृति शेष

**विवेक शुक्ला**

**राजधानी** के गांधी शांति प्रतिष्ठान (जीपीएफ) की पहली मंजिल का कमरा नंबर ग्यारह। इसी कमरे में देश के चोटी के गांधीवादी कार्यकर्ता एसएन सुब्बाराव पिछले 51 सालों से रहते थे। वे यहां पर 1970 के मध्य में रहने लगे थे। इस आधी सदी के दौरान उन्होंने अपना कभी कमरा नहीं बदला। वे यायावर थे। देश भर में घूमते थे। पर उनका घर गांधी शांति प्रतिष्ठान का कमरा नंबर 11 ही थी। इधर ही उनसे दुनियाभर के गांधीवादी विचारक, लेखक, कार्यकर्ता मिलने के लिए आते थे। उनका 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। इस उम्र में भी वे सीधे खड़े होकर बोलते थे और चलते थे।

हाफ पैंट और और खादी की शर्ट उनकी विशिष्ट पहचान थी। नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के माध्यम से सुब्बाराव जी ने देश के हर प्रांत में एकता- शिविर लगाये और युवाओं को एक-दूसरे के निकट लाये। गांधी शांति प्रतिष्ठान, दिल्ली का कमरा नंबर 11 सुब्बाराव जी से मिलने की जगह रही। जीवन भर में उन्हें सम्मान स्वरूप जो स्मृति-चिह्न मिले उनसे वह कमरा अटा रहता था। अब वे सब मुरैना जिले के जौरा स्थित महात्मा गांधी सेवा आश्रम से आ गये हैं और एक सुन्दर संग्रहालय के स्वरूप में मौजूद हैं। वे पिछले दो साल से यहां पर नहीं आए थे। इसकी एक वजह कोविड भी थी।

सुब्बाराव जी कम बोलते और ज्यादा सुनने वाले मनुष्यों में से थे। उनकी विनम्रता अनुकरणीय थी। वे गांधी शांति प्रतिष्ठान में अपने कमरे से कैंटीन में भोजन करने खुद आते थे। उन्हें खिचड़ी ही पसंद थी। वे कभी यह स्वीकार नहीं करते थे कि कोई उनके कमरे में उन्हें भोजन देने के लिए आए। उन्हें देश ने तब पहली बार जाना था जब चंबल के बहुत से दस्युओं ने आत्मसमर्पण किया था। जो लोग पचास साल पहले किशोर हुआ करते थे उनके मन पर सुब्बाराव जी ने गहरा असर डाला और बागी समस्या से पीड़ित इस इलाके के लोगों के व्यवहार-परिवर्तन में बड़ी भूमिका निभाई। सबको पता है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चंबल में बागियों का सामूहिक समर्पण हुआ तब धरातल पर संयोजन का काम सुब्बाराव जी ने ही किया। सुब्बाराव जी बागी- समर्पण के दिनों में पुनर्वास का महत्वपूर्ण काम देख रहे थे। पर वे दस्यु समर्पण से जुड़ी बातों को करने से बचते थे।

गांधीवादी विचारधारा के प्रणेता रहे सुब्बाराव को कई दिग्गज अपना आदर्श मानते थे। सुब्बाराव जी का जाना शांति की दिशा में अपने ढंग से प्रयासरत व्यक्तित्व का हमारे बीच से विदा होना है। सुब्बाराव जी से जुड़ी अनेक स्मृतियां देशवासियों के मन को आलोकित करती रहेंगी। उनकी सद्भावना रेल यात्रा और असंख्य एकता शिविर सबको याद आते रहेंगे। आज देश के विश्वविद्यालयों में नेशनल केडिट कोर की तरह जो राष्ट्रीय सेवा योजना है वह भी सुब्बाराव जी की पहल का परिणाम है। ह्यकरें राष्ट्र निर्माण बनायें मिट्टी से अब सोनाह्ल युवाओं के कंठ में और मन में उन्हीं के कारण बैठा।

देशभर के गांवों में सरकार से बहुत पहले श्रमदान से अनेक सड़कें और पुल सुब्बाराव जी की पहल से बने। वह एक अलग ही दौर था। वातावरण बदलने में सुब्बाराव जी और उनके सहयोगियों की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है वह अब पता नहीं कितने लोग महसूस कर पाते हैं। देश भर में डॉ. सुब्बाराव को उनके साथी भाईजी ही कहते थे। डॉ. सुब्बाराव ने जौरा में गांधी सेवा आश्रम की नींव रखी थी, जो अब गरीब व जरूरतमंदों से लेकर कुपोषित बच्चों के लिए काम कर रहा है। आदिवासियों को मूल विकास की धारा में लाने के लिए वह अपनी टीम के साथ लगातार काम करते रहे हैं। सुब्बाराव दिल्ली प्रवास के दौरान राजघाट जरूर जाते थे।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### आकांक्षाओं के अंबर

**परिवार** के पालन-पोषण, हितों की रक्षा, अच्छे संस्कार देने, वित्तीय प्रबंधन में पिता की अहम भूमिका होती है। पिता अपनी आवश्यकताओं में कटौती करके बच्चों की जरूरतें पूरी करता है। आजकल कुछ बेटे और बहुएं बुजुर्ग मां-बाप को वृद्धाश्रम भेजने लगे हैं, उन्हें पिता का योगदान याद रहे। निश्चित रुप से धन का प्रभाव जीवन पर बढ़ता जा रहा है जो गलत है। **–संतोष सिह, गढ़वा**

### सार्थक हो सिनेमा

**देखने** में आता है कि धार्मिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनी फिल्में रिलीज होने से पहले विवादग्रस्त हो जाती हैं। सिनेमाघरों में तोड़फोड़ भी की जाती है और समाज में सामाजिक ताना-बाना पर बुरा असर पड़ता है। सवाल है कि आखिर जिम्मेदारी किसकी है? फिल्म के निमार्ता-निर्देशक की या सेंसर बोर्ड की या दोनों की जिम्मेदारी है।

**– राजकुमार सिंह, रांची**

# न तालिबान बदला है और न आने वाले समय में बदलेगा

## सामयिक

**अशोक मधुप**

**अफगानिस्तान** के कब्जे के बाद भी तालिबान का रवैया वही है, जो बीस साल पहले था। खस्ता हाल और भूखे देश को चलाने के लिए उसे मदद चाहिए, वह भी अपनी शर्तों पर। अफगानिस्तान के हालात को लेकर दुनिया भर के देश चिंतित हैं। सब चाहते हैं कि अफगानिस्तान में विकास हो। बाकी जनता की समस्याएं हल हों। हालात सामान्य हों। लोगों को भरण-पोषण की चीजें उपलब्ध हों। पर अफगानिस्तान पर काबिज तालिबान अपने एजेंडे से पीछे हटने को तैयार नहीं है। उसका क्रूरता का चेहरा वैसा ही है जैसा बीस साल पहले था। उसने उस पर कोई मुखौटा नहीं लगाया। कोई आवरण नहीं ओढ़ा। उनको दुनिया से अपने लिए मदद चाहिए, वह भी अपनी शर्तों पर। उन्हें न मानवता से कुछ लेना है, न मानव समाज से।

अभी रूस ने अफगानिस्तान के मुद्दे पर वार्ता की मेजबानी की। इसमें तालिबान प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारत ने भी बात की। भारत ने सहायता का आश्वासन भी दिया। चीन ने युद्धग्रस्त देश अफगानिस्तान को 10 लाख अमेरिकी डॉलर उपलब्ध कराए हैं। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बताया कि चीन ने यह आर्थिक मदद दी है और मानवीय मदद (विशेष रूप से भोजन और दवाओं के लिए) के तौर पर पांच लाख अमेरिकी डॉलर और उपलब्ध कराने का वादा भी किया है।

अफगानिस्तान की आर्थिक हालात ठीक नहीं है। वहां भोजन का संकट है। पेट भरने के लिए लोग अपनी बेटियां तक बेच रहे हैं। वहां न जरूरत का सामान है, न ठंड से बचने के लिए कपड़े। इस हालात से दुनिया अफगानिस्तान की जनता के बारे में सोच रही है। चिंता कर रही है। किंतु अफगानिस्तान पर काबिज तालिबान का रवैया कुछ और ही कहता है। उनके आचरण से लगता है कि पिछले 20 साल में उन्होंने अपने में कोई बदलाव नहीं किया। उनका एजेंडा वही है। वे कट्टर इस्लामवाद से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। सत्ता पर कब्जा करने के बाद तालिबान ने मान्यता पाने के लिए सभी धर्मों को साथ लेकर चलने का दावा किया था। लेकिन अब अल्पसंख्यकों के लिए वहां सुरक्षा हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। तालिबान ने वहां रहने वाले सिखों को फरमान जारी करते हुए कहा है कि या तो इस्लाम कुबूल कर लो या फिर देश छोड़ दो। इतना ही नहीं इस्लाम कबूल न करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। तालिबान ने सत्ता संभालते ही जेल में बंद सभी कैदियों को रिहा कर दिया। अब ये रिहा कैदी उन्हें सजा देने वाले न्यायधीश को खोज रहे हैं। न्यायधीश अपनी जान बचाते घूम रहे हैं। अफगानिस्तान से भागी 26 महिला जज ग्रीस में शरण लिए हैं।

अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद लगा था कि चीन, पाकिस्तान और रूस तथा आसपास के कुछ इस्लामिक देश उसे तुरंत मान्यता दे देंगे। पाकिस्तान तो इस अभियान के लिए सक्रिय भी हुआ। इतना सब होने के दो माह बाद भी अब तक एक भी देश तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दे सका।

इसका सबसे बड़ा कारण यह रहा कि अमेरिका से वार्ता में उसने वायदा किया था कि वह देश में मौजूद सभी संगठनों को साथ लेकर सरकार बनाएगा। अफगानिस्तान से सटे देश चाहते हैं कि अफगानिस्तान में शांति रहे। वहां की जनता को जरूरत की चीज आराम से मिलती रहे, किंतु यह सब आपके, मेरे चाहने और सोचने से होने वाला नहीं है। उसके लिए तो तालिबान को ही अपने रवैये में परिवर्तन करना होगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### परवरिश के छात्रों ने किया योगाभ्यास



कुजू। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कुंदरियाबांध कुजू स्थित परवरिश एजुकेयर स्कूल में बुधवार को वर्ग 3 से लेकर 7 तक के बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। जिसका शुभारंभ गुरुमंत्र उच्चारण के साथ शुरूआत हुई। प्राचार्य नेहा राज बनर्जी ने कहा कि योग के साथ- साथ व्यायाम, आसन एवं प्राणायाम का भी अभ्यास करना जरूरी है।

### भारतीय परंपरा की धरोहर है योग



**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में हुआ योग। उपेंद्र नारायण प्रसाद ने कहा कि योग प्राचीन भारत की अमूल्य धरोहर है इसे अपनी दिनचर्या में सम्मिलित कर हम नीरोगी बनें। प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने योग को ऋषि-मुनियों के द्वारा दिया गया अनमोल उपहार बताया, जिसे आज संपूर्ण विश्व अपना रहा है।

### चुरचू के सभी पंचायतों में मना योग दिवस

चरही।प्रखंड के सभी पंचायतों में 9 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय के मध्य विद्यालय,उत्क्रमित उच्च विद्यायल चुरचू सहित आठो पंचायत चरही चुरचू ,आंगो, चनारो ,इंद्रा, जरबा,बहेरा व हेंदेगढ़ा पंचायत में 9 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड के सभी सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों में योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य विजय कुमार दास के द्वारा दिवस दिवस के अवसर पर लोगों को योग के तकनीक व विधि के बारे में जानकारी दी गई।

### आजाद पार्क में हुआ सामूहिक योग




**रामगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नमामि गंगे योजना के तहत बुधवार को छत्तरमांडू स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से योग किया। उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने एवं इससे उन्हें होने वाले फायदों के प्रति जानकारी दी । अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने कहा कि प्राचीन काल से योग भारत का एक अभिन्न अंग रहा है एवं कई प्रकार की बीमारियों से लोगों को बचाता रहा है। वर्तमान में पूरा विश्व आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है हम सभी को योग को अपने जीवन में शामिल कर इसका लाभ उठाना चाहिए।

### रोज करें योग, रहे निरोग : अजमेरिया



**बासल (रामगढ़)।** जिंदल स्टील एंड पावर पतरातु के अधिकारियो ने 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर बुधवार को जिंदल एक्जीक्यूटिव क्लब में सामुहिक रूप में योग किया। प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया ने सभी कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को शुभकामनाएं दी एवं योग से होने वाले शारीरिक तथा मानसिक लाभ, इसकी उपयोगिता, योग का जीवन पर महव जैसे विषयों पर जानकारी दी। इधर जेएसपी कैंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल पतरातु के विद्यार्थियों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रातः कालीन वंदना सभा में योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुंबकम् के सिद्धांत पर सूर्य नमस्कार, पद्मासन सहित भ्रामरी, उद्गीत, प्राणायम कराया गया। कक्षा नर्सरी से नवम तक के विद्यार्थियो ने घर में रहते हुए योग के प्रति अपनी जागरूकता प्रकट करने के लिए सरल योगासन से संबंधित ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लिया।

# सभी युवाओं को मिलेगा रोजगार

## प्राइवेट सेक्टर में 75 फीसदी स्थानीय युवाओं को मिलेगी नौकरी : भोक्ता

**▸▸ श्रम मंत्री ने रामगढ़ में कई योजनाओं का किया उद्घाटन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बुधवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल में कौशल मेला सह सम्मान समारोह में हिस्सा लिया।

भोक्ता ने सर्वप्रथम कौशल विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर देश के विभिन्न राज्यों में रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं की सराहना करते हुए अन्य को उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। मंत्री ने कौशल विकास की दिशा में झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सारथी योजना के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी गई । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रत्येक युवा को रोजगार उपलब्ध कराया जाए इसके लिए विशेष योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। सभी जिलों में एक समिति बनाई गई है जिसके अध्यक्ष उपायुक्त होते हैं। समिति के द्वारा जिले में कौशल विकास की दिशा में हो रहे कार्यों व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न दिशा निर्देशों यथा निजी क्षेत्रों में 75 फीसदी स्थानीय युवाओं को रोजगार सहित अन्य का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। कहा कि कोरोना काल मे जिस प्रकार से राज्य सरकार ने कार्य किया वह यह बताता है कि हम हमारे राज्य के मजदूरों व युवाओं के प्रति सरकार कितना प्रतिबद्ध है । वैसे समय जब आवागमन पूरी तरह से बाधित था वैसी परिस्थिति में राज्य सरकार द्वारा अन्य राज्यों के साथ संपर्क कर झारखंड राज्य के मजदूरों को वापस लाने का कार्य किया गया। खास बात यह थी कि चाहे वह हवाई जहाज हो या कोई अन्य माध्यम हर साधन का उपयोग कर राज्य सरकार ने सकुशल मजदूरों को उनके निवास स्थान तक पहुंचाने का कार्य किया। मौके पर मंत्री ने श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु/ दुर्घटना सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, मेधावी पुत्र पुत्री छात्रवृत्ति योजना, चिकित्सा सहायता योजना, विवाह सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

विधायक सुनीता चौधरी ने कौशल विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं की सराहना करते हुए सरकार द्वारा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में संचालित योजनाओं को और भी कारगर तरीके से धरातल पर उतारने के संबंध में कई सुझाव दिया।

विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के विकास के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कोरोना सहित विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों व इसके माध्यम से राज्य वासियों को हुए लाभ पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 40 अलग-अलग क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। अब आप अपनी रूचि के हिसाब से प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# विश्व में सबसे बड़ा मार्केट बनकर उभर रहा है भारत

**▸▸ प्रधानमंत्री मोदी के किये गये कार्य के बारे में विपक्षी भी चर्चा करने को मजबूर हैं : जयंत सिन्हा**

**▸▸ पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का सपना हो रहा साकार : पोद्दार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को रामगढ़ स्थित होटल शिवम इन के सभागार में भाजपा ने व्यवसाई सम्मेलन का आयोजन किया । हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार शामिल हुए।

सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए गए कार्य के बारे में विपक्षी भी चर्चा करने को मजबूर हैं। खासकर के व्यापारी वर्ग के लिए केंद्र सरकार क्या योजना चला रही है? कैसे मदद पहुंचाया गया ? उन्होंने कहा कि व्यापार में आज भारत पूरे विश्व भर में अपनी पहचान बनाई है। एक्सपोर्ट और इंपोर्ट बढ़ा है। व्यापारियों को केंद्र सरकार ने काफी सुविधाऐं भी दी है। भारत पूरे विश्व का सबसे बड़ा मार्केट बनकर उभर रहा है।

मेक इन इंडिया के जरिए देश को मजबूती प्रदान की जा रही है। व्यापारी वर्ग के लोगों का देश की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान है इससे इंकार नहीं किया जा सकता। व्यापारी वर्ग की तरफ से जीएसटी पर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि व्यापारियों के टैक्स से ही विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जाता है।



साथ हीं किसानों की बेहतरी हेतु भी इस पैसे का उपयोग होता है जिसके लिए देश के व्यापारियों का हम आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने विस्तार पूर्वक जीएसटी, यूपीआई,स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत,गरीब कल्याण योजना इत्यादि कार्यों को भाजपा की सरकार ने धरातल पर सफलतापूर्वक उतारे जाने की चर्चा करते हुए कहा कि हमने देश को विकास की पथ पर अग्रसर किया है ।

राज्यसभा के पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच ट्रिलियन तक पहुंचाने का जो सपना देखा है वो अब साकार होता नजर आता है। उन्होंने कहा सरकार का कोई अपना व्यवसाय नही होता वो सिर्फ स्थिति को नियंत्रण में रखने और व्यवसाई,किसान और उधमियों हेतु एक सुरक्षित और सरल कानून बनाकर उसको मदद पहुंचाने की भूमिका निभाता है जिससे की देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो और देश विकास की पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने एयर इंडिया का निजीकरण का उदाहरण देते हुए बताया की आठ हजार करोड़ के घाटे में चल रही एयर इंडिया को टाटा ग्रुप के हाथों सुरक्षित सौंपने का फायदा ये हुआ की जो कंपनी हजारों करोड़ के घाटे में चल रही थी उसका निजीकरण होते हीं सरकार पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ तो कम हुए । एयर इंडिया के द्वारा 470 नए हवाई जहाज का ऑर्डर देकर विमानन क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरूआत हुई है ।

### पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में मना योग दिवस



**रामगढ़।** 9 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में योग शिविर का आयोजन हुआ। इस वर्ष योग दिवस का थीम वसुधैव कुटुंबकम था। इस दौरान योग को जीवन के अभिन्न अंग के रूप में शामिल करने पर बल दिया गया। प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक द्वारा पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के 457 रक्षा कर्मी और परिवारों ने योगाभ्यास किया. मौके पर सभी को योग के लाभ की जानकारी दी गई। कहा गया योग का सेना में काफी महत्व है। इससे शरीर के विषाक्त पदार्थ दूर होते हैं। साथ ही नकारात्मक ऊर्जा भी दूर होती है।

### बुधबाजार हाट में लगा मास लाइट

**भुरकुंडा ।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के बुधबाजार हाट में बुधवार को मास लाइट उद्घाटन मुखिया सत्यवंती देवी ने किया। सत्यवंती देवी ने कहा कि यह हाट में महिलाओं का उपस्थिति ज्यादा रहती है एवं झारखंड में रात्रि 10 बजे तक लगने वाला यह हाट है।

### अखंड-कीर्तन हुआ संपन्न

भुरकुंडा ।नकारी कॉलोनी में मंगलवार से चल रहे 24 घंटे के अखंड-कीर्तन का बुधवार को भव्य भंडारा के साथ समापन हुआ। हवन-पुर्णाहुति के साथ अखंड-हरिकीर्तन के समापन के बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। इसमें बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह, स्टाफ अफिसर अमरेंद्र कुमार, बिरसा पीओ डी शिवा दास सहित सैंकड़ो श्रद्धालु महिला-पुरूषों ने प्रसाद ग्रहण किया। जीएम अजय सिंह मंदिर परिसर में मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। श्री सिंह ने कहा कि समय-समय पर भक्ति आयोजन होते रहना चाहिए। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में पूजा कमेटी के संयोजक अमित कुमार, धनंजय सिंह, पिंटू सोनी, नीरज यादव, सत्येंद्र पांडेय, नीतीश कुमार, पोपट सिंह, विकास पांडेय, आकाश कुमार, मोहित सिंह, अखिला मंडल का विशेष योगदान रहा।

## नाबालिग बेटी ने पिता को दी मुखाग्नि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** ओकनी हजारीबाग निवासी मुकेश कुमार सिन्हा (उम्र 50 वर्ष)पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका डाईलिसिस सदर अस्पताल में पिछले छह महीनों से चल रहा था।

सोमवार रात अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई आनन फानन में उन्हें सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुकेश की इकलौती 13 वर्षीय बेटी सिद्धि सिन्हा पिता के अर्थी को कांधा दिया



बल्कि मुखाग्नि भी दी। शमशान घाट में जिसने भी इस दृश्य को देखा वो खुद की आंसू को रोक नही पाये।

# गौशाला में सिद्धू- कान्हू विद्यापीठ और छात्रावास का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता




**महामंडलेश्वर सुखदेव दास आरएसएस के सरकार्यवाह चक्रधर ने रखी आधारशिला**

**सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, जयंत सिन्हा, विधायक मनीष जायसवाल, जेपी पटेल सहित कई नेता हुए शामिल**

**ट्रस्ट के लोगों ने धोए पाहनों का चरण,अंग- वस्त्र देकर किया सम्मानित**

हजारीबाग। 136 साल से गौ सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी एवं सिद्धो- कान्हू सेवा संस्थान, द्वारा सीतागढ़ा गौशाला में सीपीएस सिद्धू- कान्हूं विद्यापीठ एवं छात्रावास की आधारशिला बुधवार को रखी गई। शिलान्यास समारोह में महामंडलेश्वर सुखदेव दास, निमोर्ही अखाड़ा, आरएसएस के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर , पिंजरापोल सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश सरावगी उपस्थित थे। सिख समाज के अवतार सिंह, जैन समाज के अलावा हिंदू समाज से जुड़े विभिन्न चार दर्जन जाति समूह के अध्यक्ष व प्रमुख भी शामिल हुए । जनजाति समाज के पाहनों ने आधारशिला संपन्न कराया। आरएसएस के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने कहा कि योग दिवस पर ऐसे शुभ कार्यों का होना अपने आप में शुभ है ।

महामंडलेश्वर सुखदेव दास ने कहा कि आज हम सभी गौ सेवा, अतिथि सेवा सभी को भूल चुके हैं। विद्यापीठ के स्थापना के साथ ही अतिथि देवो भावा ,गौ सेवा पुनः एक बार गुरुकुल की स्थापना होगी और बच्चों में संस्कार आएंगे । समारोह को संबोधित करते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश सरावगी ने कहा कि पहली बार या महसूस हो रहा है कि यह गौशाला नहीं गोधम है। एक विचारधारा आई थी कि इस गौशाला के आसपास के क्षेत्र का विकास हो इसके लिए एक विद्यालय की स्थापना का सुझाव आया। बताते चले की गौशाला परिसर में बनने वाले इस विद्यालय में 2000 बच्चों का सीबीएसई बोर्ड आधारित शिक्षा दी जाएगी। वहीं एक हजार बच्चों का आवासीय व्यवस्था उपलब्ध रहेगा। आवासीय परिसर में भारतीय संस्कृति और सभ्यता या यूं कहें कि भारतीय प्राचीन गुरुकुल की संपूर्ण झलक दिखेगी ।करीब 22 एकड़ भूखंड में प्रकृति की खूबसूरत वादियों के बीच यह विद्यालय अपने आप में अनोखा और उत्कृष्ट होगा। समारोह में आरएसएस के महावीर बजाज, प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा, क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद, अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन, राजीव बिड्ढ, संजय कुमार, सच्चिदानंद अग्रवाल, केशव हाडोदिया, भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा दीपक प्रकाश , राज्य सभा सांसद आदित्य साहु, सांसद जयन्त सिन्हा, विधायक मनीष जयसवाल,जेपी पटेल,पूर्व विधायक मनोज यादव, संगठन मंत्री कर्मवीर जी, गुरुदार समिति के प्रमुख अवतार सिंह, सुनील जैन, मनोज गोयल सहित अन्य उपस्थित थे।

### सांसद, विधायक व अन्य ने दिया दान

सिद्धू कानू विद्यापीठ एवं छात्रावास की शिलान्यास समारोह में राजनीतिक एवं गैर राजनीतिक ,सामाजिक सरोकार के लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। समारोह में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । उदारता दिखाते हुए लोगों ने इसे पुनीत कार्य माना और फिर दानवीरों का दान करने का सिलसिला जारी हुआ। सभी अपने हाथ आगे बढ़ाते हुए खुल कर दान किया । विद्यापीठ के शिलान्यास समारोह में सबसे पहले राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं दीपक प्रकाश ने 50 - 50 लाख अपने मद से देने की घोषणा की। सदर विधायक मनीष जायसवाल भी एक कदम आगे बढ़ते हुए उन्होंने एक करोड़ रुपया अपने विधायक मद से विद्यापीठ को देने की घोषणा कर दी । सांसद जयंत सिन्हा ने 50 लाख देने की घोषणा की। गौशाला के पूर्व पदाधिकारी सीपी जैन ने 10 लाख, कृष्णा अग्रवाल 10 लाख, सुनील कुमार जैन के पुत्र हर्ष अजमेरा ने 21 लाख, स्वयं गौशाला सचिव सह आयोजन प्रमुख श्रद्धानंद सिंह ने अपने पिता काली प्रसाद और मां केतकी देवी की ओर से एक करोड़ रुपए और ओम प्रकाश गुप्ता ने पांच लाख देने की घोषणा की।

## एक नजर में

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में हुआ योग



हजारीबाग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय हजारीबाग सेवाकेंद्र तथा आरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर 9वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसका थिम एक धरती एक परिवार रहा। लेकिन ब्रह्माकुमारीज परिवार ने इसके साथ सकारात्मक सोच से स्वर्णिम संसार के तहत योग किया। यह कार्यक्रम हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन स्थित मैदान में किया गया। इस मौके पर लगभग 100 लोगो ने फिजीकल और मेंटल योगा का अभ्यास किया। सुबह लगभग 5 बजे से ही सभी रेलवे स्टेशन ग्राउण्ड में पहुच कर योग करना शुरू किया। और सभी ने 7 बजे तक सबने एक्सरसाइज किया। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर रंजय कुमार, आरक्षी दामोदर प्रसाद मेहता , प्रा. आरक्षी श्रीभागवत प्रसाद साथ में सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी तथा देवांगना सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी तृप्ति दीदी शामील रहें। साथ साथ कई ब्रह्माकुमार और ब्रह्माकुमारी भाई -बहनें भी उपस्थित रहें।

### बड़े भाई ने छोटे और पत्नी पर किया हमला

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चानो निवासी रेखा पति विजय कुमार को खुद के पिता नारायण बेद और बड़ा भाई संतोष कुमार के द्वारा घरेलू विवाद को लेकर कई बार झगड़े हो चुके हैं। मामला मुफस्सिल थाने तक पहुंच चुका है बराबर समझा-बुझाकर भेज दिया जाता है मगर इस घटना का निवारण नहीं हो पाता है। पति पत्नी ने मुफस्सिल थाने को लिखित सूचना दी है। पत्नी ने बताया कि खुद के ससुर ने मेरे ऊपर मेरे छाती पर लात घुसा और फाइट से मारा और जेठ के द्वारा बदतमीजी की गई और साथ ही साथ मारपीट भी की गई और जान से मारने की धमकी दी गई।

### ग्राम सभा में 10 वंशावली सत्यापित

चरही ।चुरचू अंचल के ग्राम फुसरी में बुधवार को अंचल कार्यालय चुरचू के द्वारा सीसीएल तापिन साऊथ ओपेन कास्ट परियोजना के तहत ग्राम फुसरी के विस्थापित रैयतों के वंशावली सत्यापन हेतु फुसरी उत्कर्मित मध्य विद्यालय के परिसर में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वार्ड सदस्य प्रियंका कुमारी मुर्मू ने किया ।वहीं इस ग्राम सभा में पंचायत के मुखिया और उप मुखिया अनुपस्थित रहे। ग्राम सभा में कुल 10 वंशावली के आवेदनों का सत्यापन किया गया। जिसकी जांच पड़ताल कर अग्रतर कारवाई के लिए भेजी गई है। ग्राम सभा में मुख्य रूप से हल्का कर्मचारी अमर कुमार सिन्हा,टीएसओसीपी लैंड रेवेन्यू ऑफिसर क्षितिज अग्रवाल,सर्वेयर नौशाद आलम,मन्नू टुडू,समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### पदमा : सड़क दुर्घटना में एक की मौत

पदमा। इटखोरी मोड़ एनएच 33 के समीप बुधवार को लगभग साढ़े बारह बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेन्द्र उर्फ छोटी मेहता उम्र 21 वर्ष पिता नागेश्वर मेहता ग्राम सोकी जिला चतरा निवासी है ।जानकारी के अनुसार मृतक राजेन्द्र अपने साथी के साथ बरही की ओर जा रहा था इसी बीच तेज गति से आ रही ट्रेलर संख्या एच आर 38 यू 5410 हजारीबाग से बरही की ओर जाने के दौरान खड़ी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस टक्कर में राजेंद्र की मौत घटना स्थल पर हो गई वही ट्रेलर मेटल बीम ट्रैक बेरियर से टकराते हुए सड़क पर पलट गई। ट्रेलर चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

### विंध्यवासिनी बीएड कॉलेज मना योग दिवस

**पदमा।** माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्रत्येक वर्ष की भांति 21 जून को योग दिवस के अवसर पर गोष्ठी एवं योगाभ्यास का आयोजन हुआ । योग दिवस के चर्चा का केंद्र बिंदु रहा योग दिवस का थीम 'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग। महाविद्यालय के मल्टीपरपज हॉल में प्राध्यापक विकास सिंह यादव के नेतृत्व में महाविद्यालय परिवार ने योगाभ्यास किया।

### सिलवार जगरनाथ मेला से दो बाइक चोरी

**हजारीबाग ।** शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जगन्नाथ मेला से दो चोर पप्पू कुमार यादव और संनू कुमार के द्वारा जगन्नाथ मेला से एक अपाचे वाहन चोरी कर भाग रहा था तभी मुफ्फसिल थाना पुलिस के द्वारा दारू बार सौ बार मोड़ के पास से दोनों चोरों को धर दबोचा गया है।

### एनटीपीसी ने दिव्यांगों को दिया ट्राई साइकिल



**केरेडारी।** एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व के बुधवार को परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। ट्राई साइकिल की सहायता से दिव्यांग जन भी आम व्यक्ति की तरह अपनी दिनचर्या का अच्छे से पालन कर सकते है। श्री फैज ने दिव्यांगों के बीच पहुंचकर उनसे बातचीत की और सभी दिव्यांग जनों के स्वास्थय की जानकारी ली तथा उन्होंने दिव्यांगों की समस्याएं भी सुनीं। श्री फैज ने सभी को आश्वासन दिया की एनटीपीसी कंपनी सदैव जन सेवा के लिए तत्पर रहती है और आगे भी ऐसे कार्य किए जाते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा की एनटीपीसी सदैव ग्राम के लोगों के साथ मिल कर व जन सहयोग से ही कार्य करती है।

### वज्रपात की चिंगारी से मचान में लगी आग

केरेडारी। केरेडारी थाना क्षेत्र के चट्टी पेटो गांव के जानवर व्यवसायी शिवनाथ चौधरी के मचान में आकस्मिक बज्रपात की चिंगारी से चार गाड़ी पुवाल के मचान में आग लग गया। मचान के निचे लगभग 35 जानवर बन्धे हुए थे। ग्रामीणों की कुशलता से मचान में बंधे जानवरो की रस्सी काट कर हटा लिया गया ।जब तक आग पर काबू पाया जाता आग की लपटे मचान के चारो ओर पकड़ लिया। वार्ड नंबर 11के वार्ड सदस्य झलो देवी के पति रंजीत यादव अपने टैंकर में पानी भरकर आग पर काबू पाने के लिए पंचायत के जनता के साथ लेकर काफी मास्कत किया लेकिन काबू नही पाया गया ।पुआल पूरी पूरी जल कर राख हो गया।

### शेख भिखारी हॉस्पिटल में बाइक चोरी

**हजारीबाग।** शेख भिखारी हॉस्पिटल में यक्ष्मा केंद्र पेड़ के समीप से खड़ी बाइक टू व्हीलर का नंबर जेएच 02 एएह 47 33 की संतोष राम दारू डी ह निवासी की बताई जा रही है जोकि अपने बच्चे का इलाज कराने के लिए तकरीबन 12:00 बजे हॉस्पिटल आए थे और यह बाइक चोरी 2:30 बजे के आसपास परिजनों के द्वारा बताई जा रही हैं। और बताया जाता है कि शेख भिखारी हॉस्पिटल में आय दिन मोटरसाइकिल चोरी होते रहती है हॉस्पिटल संचालक के द्वारा फुटेज रहते फुटेज नहीं दिखाया जाता है जिसके कारण चोरी हुई बाइक नहीं मिल पाती है।

### सनराइज एकेडमी में मना योग दिवस

भदानीनगर (रामगढ़)। सनराइज एकेडमी में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना। कंप्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी व कमलेश मेहता के देखरेख में दर्जनों छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास किया। इस दौरान योग प्रशिक्षक छोटेलाल बेदिया ने सबों को विभिन्न युगों का योगाभ्यास कराकर इसके लाभों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर नेहा कुमारी ने कहा कि योग के जरिए विभिन्न बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने करे योग रहे निरोग का नारा बुलंद करते हुए सबों से नियमित रूप से योगाभ्यास करने की बात कही। मौके पर रजनीश प्रसाद, नेहा नायक, अजीत कुमार, नूरजहां खातून, पीयूष विश्वास, बबली कुमारी, शहजादा गुफरान, निशा झा, मुनमुन कुमारी, मोनिका कुमारी, इतिशा कुमारी, अंकित, साहिल अंसारी, आमिर शोहेल, सीमा परवीन आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### कार्यसमिति की बैठक दो को गुमला में

**गुमला।** तेली साहू महासंगठन प्रदेश कार्यसमिति की बैठक गुमला जिला मुख्यालय स्थित नीलेश कम्पलेक्स में 02 जुलाई आहुत की गई है। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री साहू मुरारी गुप्ता शामिल होंगे। बैठक में झारखंड प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री एवं प्रदेश कार्यसमिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। बैठक का संचालन प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू ने दी है।

### नक्सल प्रभावित बनालात में योग कैंप



**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बिशुनपुर प्रखंड के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र बनालात गांव में आयुष चिकित्सक डॉ विनय कुमार महली के नेतृत्व में योग शिविर लगाया गया। मौके पर 150 लोगों ने योग किया। जिसका शुभारंभ निरासी मुखिया पर्वती कुजूर, घाघरा मुखिया कलेश्वर उरांव प्रधानाध्यापक महेश्वर उरांव ने किया। योग शिक्षक लीला कुमारी कामेश्वर भगत ने लोगों को कई योग करने की विधि सिखायी।

### शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण

**कैरो /लोहरदगा।** थाना क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग ने कैरो थाना क्षेत्र के गाराडीह के गुड्डू अंसारी के पुत्र वारिस पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। कैरो पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। नाबालिग ने बताया है कि मोबाइल में बातचीत करने के क्रम में गलत नंबर लग गया। जिससे बातचीत होने लगी। बातचीत में गाराडीह के वारिस ने शादी का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाये।

### कराटे खिलाड़ी को की आर्थिक मदद



**कैरो।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को बीडीओ पवन कुमार महतो ने प्रखंड क्षेत्र के चाल्हो की जूही कुमारी को कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने थाईलैंड जाने के पहले आर्थिक सहयोग करते हुए कहा कि जूही ने प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन किया है, जिसके लिए प्रखंड कार्यालय के माध्यम से पूरा क्षेत्र शुभकामना देती है कि वहां जाकर अपने क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रौशन करेगी। जूही कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ते हुए कराटे में अच्छा प्रदर्शन कर जिला का नाम पहले ही रौशन कर चुकी हैं। प्रखंड क्षेत्र की तीन युवतियों का चयन थाईलैंड जाने के लिए हुआ है जिसमें चाल्हो, गजनी व गोपालगंज गांव की तीन युवतियां शामिल है। पूरे जिले से सात लड़की जा रही है।

### आयुष चिकित्सालय ने लगाया योग कैंप



**घाघरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष चिकित्सालय घाघरा के प्रभारी डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में घाघरा प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर बुधवार को योग शिविर लगाया गया। इस क्रम में घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर, नवडीहा स्कूल, देवाकी स्कूल और बड़काडीह गांव में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अलोम, विलोम, कपाल भाति सहित कई अन्य प्रकार के योग सिखाया गया। बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने कहा कि योग करने से लोग निरोग होते हैं। योग हमारे दैनिक दिनचर्या में लाने की जरूरत है। वही आयुष चिकित्सा प्रभारी डॉ अनिल कुमार ने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है मानसिक और बौद्धिक विकास होता है योग से कई बीमारी का इलाज संभव है।

### वज्रपात से दो मवेशी की मौत, महिला जख्मी

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड के रामनगर स्थित ईंट भट्ठा के समीप खेत में वज्रपात से घायल दो मवेशी की इलाज के दौरान देर शाम घर में मौत हो गयी। वहीं बंसरी गुरिया टोली में एक महिला जख्मी हो गयी। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा रामनगर मूहल्ला में ईंट भट्ठा के समीप खेत में किसान पांच मवेशी को बांध कर घर आया था कि अचानक मौसम खराब हो गया और तेज गर्जन के साथ वज्रपात होने से दो गाय जख्मी हो गयी। जिसके बाद किसान हेमंत महतो घायल मवेशी एवं अन्य मवेशी को घर ला कर पशु चिकित्सक सुशील कुमार से इलाज कराया। इलाज के दौरान दोनों गाय मर गयी। वहीं बंसरी गुरिया टोली में धान का बिचड़ा खेत में छिटने गई प्रकाश बाखला की पत्नी कौशल्या बाखला (26) भी जख्मी हो गयी।

### डुमरी में नि: शुल्क मोतियाबिंद शिविर



**डुमरी।** उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में डुमरी प्रखंड कार्यलय परिसर में टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार को नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया। जिसका शुभारंभ सिविल सर्जन गुमला एवं टाटा स्टील फाउंडेशन की टीम ने किया। जिसमें मोबाइल आई सर्जिकल यूनिट शंकर नेत्रालय चेन्नई की भी सहभागिता रही। 9 दिवसीय इस शिविर में 21 जून से 24 जून के बीच मोतियाबिंद से संबंधित नेत्र जांच किया जायेगा। वहीं 25 जून से 29 जून के बीच चिह्नित मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन किया जायेगा। शिविर पूर्वाह्न 8 से लेकर अपराह्न 1: 30 बजे तक डुमरी प्रखंड कार्यालय परिसर में लगेगा।

### डुमरी के कई स्थानों में लगे योग कैंप

**डुमरी।** डुमरी थाना परिसर में थाना प्रभारी विवेक कुमार पांडेय के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी को योग दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए सभी लोगों के साथ योग किया। उन्होंने कहा हमारे लाइफस्टाइल का अहम हिस्सा योगा ही है। यह आज से नहीं बल्कि कई सालों से भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा बना हुआ है। इसी को ध्यान में रखें और योग को लेकर ज्यादा लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 21 जून को इंटरनैशल योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर एस आई पवन तिर्की सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। वहीं दूसरी ओर ब्लॉक स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। बीडीओ एकता वर्मा ने बताया कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का 9 वां संस्करण है। योग मानव जीवन में अहम योगदान रखता है। योग करके न सिर्फ शरीर को फीट रखा जा सकता है। हालांकि खुद को शांत भी रखा जा सकता है। वहीं मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का ने कहा योग प्राचीन भारत से उत्पन्न केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है बल्कि एक समग्र अभ्यास है।

## ब्रह्मभोज में शामिल हुए सांसद

- जग निवास शर्मा के निधन को बताया अपूरणीय क्षति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** प्रखंड बस्ती निवासी समाजसेवी और छोटका गढ़ (भंडरा रथयात्रा) आयोजक परिवार के वर्तमान में सबसे वरिष्ठ सदस्य पुरोहित भारतीय जनता पार्टी भंडरा मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजू शर्मा के पिता स्व जगनिवास शर्मा के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, पशुपति नाथ पारस सहित भाजपा जिला व मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि जग निवास शर्मा जी का निधन अपूरणीय क्षति है लंबे समय तक समाज और अपनी सांस्कृतिक धरोहर के लिए योगदान दिया है। इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता साथ में है। ब्राह्मभोज में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सूरजमोहन साहू, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, पशुपति नाथ पारस, प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी भी थे।

# स्वस्थ समाज बनाने के लिए योग जरूरी

- उपायुक्त सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों और आम जनों ने किया योग

**खबर मन्त्र संवाददाता**





योग शिविर का शुभारंभ करते डीडीसी और योग शिविर में योग करते लोग।

**गुमला।** 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में योगमय वातावरण की स्थिति देखने को मिली। हर घर योग पहुंचे इस उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा भव्य रूप से बुधवार को योग दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में किया गया। जहां उपायुक्त सुशांत गौरव शामिल हुए।

इस दौरान उप विकास आयुक्त सहित जिले के तमाम वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहें। सुबह 6 बजे से आरंभ यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 8 बजे समाप्त किया गया। जिसमें कई प्रकार के योगासन को योग के प्रशिक्षकों के द्वारा करवाया गया। उपायुक्त सहित सभी उपस्थिति गणों ने 2 घंटे तक योगासन किया एवं स्वास्थ्य समाज के निर्माण में योग करने के अभ्यास को प्रति दिन अपने जीवन में उतारने हेतु संकल्प भी किया। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में आम नागरिक भी मौजूद रहें। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल लोगो को योग करने के प्रति जागरूक करना था।

उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य समाज के निर्माण में योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। योग दिवस का आयोजन वर्ष में एक बार भले किया जाता है परंतु इसका मुख्य उद्देश्य प्रति दिन लोगों को योग से जोड़ने का है। इस दौरान उन्होंने सभी जिले वासियों से प्रति दिन योग करने की भी अपील की। जिला आयुष पदाधिकारी डॉ परमहंस प्रसाद ने जानकारी दी कि प्रतिदिन केवल योग के अभ्यास करने भर से ही शरीर की कई गंभीर बीमारी से मुक्ति मिल सकती है। जिस प्रकार से खाने पीने का अभ्यास किया है उसी प्रकार से योग को भी अपने प्रति दिन के नियमित कार्यों में शामिल करने मात्र से ही एक स्वास्थ्य शरीर का निर्माण हो सकता है। मौके पर डीडीसी हेमंत सती, एसडीओ रवि जैन, सीओ केके मुंडू, खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, योग परिवार गुमला के सदस्य, पतंजलि समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

# महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए करें प्रेरित : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



निर्देश देते उपायुक्त सुशांत गौरव व उपस्थित अन्य।

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित फाइलेरिया मुक्त अभियान, टीबी मुक्त, संस्थागत प्रसव, इम्यूनाइजेशन, कायाकल्प आदि से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद थी। संस्थागत प्रसव अंतर्गत मई माह में एएनसी 1 एवं एएनसी 4 चेकअप के संबंध में समीक्षा के क्रम में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में 104 प्रतिशत महिलाओं ने अपना एएनसी चेकअप करवाया।

वहीं 87% महिलाओं ने एएनसी 4 का चेकअप करवाया। 90% महिलाओं ने संस्थागत प्रसव को चुना। उपायुक्त ने शत प्रतिशत महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रीय टीकाकरण, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत अभियान संबंधित रिपोर्ट की भी समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिले में फाइलेरिया मुक्त एवं हाइड्रोसिल के निः शुल्क इलाज हेतु अभियान चलाया जा रहा है। प्रचार प्रसार के क्रम में जिले के 1800 से अधिक विद्यालयों में बच्चों को उक्त से संबंधित जागरूक किया जा रहा है।

**खास बातें :** युद्ध स्तर पर चलाये जा रहे अभियान में सैंकड़ों मरीजों को निः शुल्क चिकित्सा सुविधा मिल रही है एवं इसकी निरंतरता जारी है। उपायुक्त ने इस अभियान के तहत जिले के अंतिम व्यक्ति तक को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही जमीनी स्तर पर हुए बेहतर कार्य को देखते हुए विभाग की प्रशंसा भी की एवं निरंतर रूप से अभियान को सफल बनाते हुए जिले को फाइलेरिया मुक्त घोषित करने की दिशा में कार्य करने को कहा।

# योग भारत की धरोहर : डीसी

- लोहरदगा में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



योग करते डीसी, एसपी व अन्य।

**लोहरदगा।** 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में कई जगहों पर योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के अधिकारी से लेकर हर वर्ग के लोगो ने भाग लिया। बुधवार को बैडमिंटन कोर्ट हॉल, बहुद्देशीय भवन, लोहरदगा में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योग शिविर के संचालकों की ओर से योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया और उसके लाभ की जानकारी दी गयी।

योग शिविर की शुरुआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। मौके पर उन्होंने कहा कि योग भारत की धरोहर है। योग से व्यक्ति ना सिर्फ शारीरिक व मानसिक बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ हो जाता है। सभी लोगों को योग के आसनों का अभ्यास करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि सभी लोगो को योग क्रियाओं का नियमित अभ्यास करना चाहिए। यह हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। इससे पूरा समाज और देश स्वस्थ रहेगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, कर्मीगण और योग शिविर के संचालकों में अंकित, खुशी भारती और प्रियंका साहू समेत योग शिविर से जुड़े अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### कैरो में दुष्कर्म का मामला दर्ज

**कैरो/लोहरदगा।** कोर्ट कंप्लेन लोहरदगा के निर्देश पर कैरो थाना ने सढ़ाबे के कुर्बान अंसारी पिता अख्तर अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गरडीह की जलिसा खातून ने कुर्बान पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए कोर्ट में लिखित शिकायत की है। जिसपर कैरो थाना ने धारा 376 के तहत मामला दर्ज किया। वहीं कुर्बान की पुत्री ने कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर गरडीह के सनाउल अली के पुत्र पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है जिसपर कैरो थाना पुलिस ने उसके पुत्र के खिलाफ धारा 376 के तहत मामला दर्ज किया है।

### छोटी बच्ची के साथ भटक रहा मूकबधिर व्यक्ति

**लोहरदगा /कैरो।** अपनी तीन साल की बेटी के साथ एक गूंगा व्यक्ति भटक कर कैरो आ पहुंचा है। वह कैरो प्रखंड के ऐडादोन गांव के पास एक खेत में भटक रहा था। वहां मौजूद किसानों ने कैरो थाना को इसकी जानकारी दी। इसके बाद उसे लाया गया। वह व्यक्ति न बोल पाता है न ही सुन पा रहा है। इसके तीन साल के मासूम बेटी भी नहीं बोल पा रही है। कैरो उपमुखिया रवि प्रजापति, चौकीदार शमसुल होदा ने उक्त व्यक्ति को आर्थिक मदद भी की।

### जारी प्रखंड में चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप

**जारी।** प्रखंड में पिछले चार दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप है। बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को काफी दिक्कत हो रही है। चार दिन से मौसम खराब होने के साथ बिजली भी गुल है। तपती गर्मी और बिजली के नहीं रहने से ग्रामीण काफी परेशान हैं। ग्रामीणों को मोबाइल चार्ज करने के लिए भी दस रुपये देना पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने से कई प्रतिष्ठानों के शटर दिन भर गिरे रहे।

### गुमला : सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के खोरा के समीप सड़क दुर्घटना में सिसई के कुम्हार मोड़ का अंकित मिंज (16) व जुगेश मिंज घायल हो गये। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में दोनों को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट लगी। दोनों बाईक से गुमला आये थे। वापसी खोरा के पास बाईक अनियंत्रित हो गई। जिसे दोनों घायल हो गये।

### वज्रपात की चपेट में आने से मां-बेटी जख्मी

**गुमला।** वज्रपात की चपेट में आने से गुमला थाना क्षेत्र के मड़वा कोटाम गांव निवासी 40 वर्षीय झलकी देव व उसकी पुत्री खुशबू कुमारी जख्मी हो गयी। झलकी देवी को घटना के बाद इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों मां बेटी घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान हल्की बारिश के साथ वज्रपात हुआ। जिसकी चपेट में आकर झलकी देवी व उसकी पुत्री खुशबू कुमारी घर पर ही बेहोश हो गयी। कुछ देर में जब बेटी को होश आया तो चिल्लाते हुए उसने ग्रामीणों को आवाज लगायी। जिसके बाद झलकी देवी को उठाकर इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

## विश्व योग दिवस पर लोहरदगा सिविल कोर्ट में भी लगा शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिविल कोर्ट परिसर में न्यायाधीशों संग सिविल कोर्ट के स्टाफ ने योग किया। योग प्रशिक्षक सह अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती के निर्देशन में समस्त लोगों ने योग के विभिन्न आसनों को किया। इससे पूर्व दीप प्रज्वलन कर योग के कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने लोगों को कहा कि स्वस्थ मन व शरीर बनाये रखने के लिए योग का नित्य किया जाना अति आवश्यक है। इसी के प्रचार-प्रसार एवं बढ़ावा देने के लिए आज के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में चुना गया है। योग करने वालों में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुभाष, जिला न्यायाधीश अखिलेश तिवारी, अरविंद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार भी थे।

## मनरेगा का गड्ढा खोदने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार लोग जख्मी

- पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात लोगों को किया गिरफ्तार
- गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चार बाईक, चार तलवार, एक चाकू और दो डंडा बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** कतारी कोना गांव में मनरेगा से जलजमाव को लेकर गड्ढा खोदवाने के काम को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के बाद एक पक्ष ने हरवे हथियार के साथ दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। पुलिस को सूचना मिलते ही हमला करने वाले पक्ष के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है।

एसपी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की जमगई रोड में दो पक्षों के बीच घातक हरवे हथियार के साथ मारपीट हो रही है। घटना की सत्यता की जांच के लिए थाना प्रभारी चैनपुर को पुलिस बल के साथ घटनास्थल भेजा। सत्यापित हुआ कि चैनपुर ब्लॉक से मनरेगा योजना से कतारी कोना में जल जमाव हेतु गड्ढ़ा खोदने के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई है।

## योग से मिलता है हर रोगों से छुटकारा: सुमंती तिग्गा

फोटो कैप्शन1 योग शिविर में भाग लेते लोग

- आशा आदिवासी विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** प्रखंड के आशा आदिवासी विद्यालय बलसोता सरना टोली में बुधवार को एचएससी बलसोता के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भौरो मुखिया सुमंती तिग्गा, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सीमा कुमारी, प्रधानाध्यापक रतिया उरांव, समाजसेवी जगजिवन उरांव, उप मुखिया उमेश प्रजापति, वार्ड सदस्य उमेश साहू, योग शिक्षक सुनिल राम उस्ताद एवं शिक्षकगण, विद्यालय के बच्चे, अभिभावक, ग्रामीणों ने योग किया। मुखिया सुमंती तिग्गा ने कहा कि योग भगाए रोग, यह कहावत सदियों पुरानी है।

### ऑटो पलटने से पिता व उसके दो पुत्रों को लगी चोट, एक का पैर टूटा

**गुमला।** थाना क्षेत्र के बेहरा टोली के समीप ऑटो के पलट ज ाने से उसमें सवार गणेशपुर डीपा निवासी प्रदीप टोप्पो व उनके दो पुत्र तीन वर्षीय रिया असुर व 8 वर्षीय मंजीत असुर घायल हो गये। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गणेशपुर डीपा के पास से ऑटो में सवार होकर प्रदीप टोप्पो अपने दोनों पुत्रों को लेकर ऑक्सपोर्ड स्कूल आ रहे थे। इसी दौरान बेहरा टोली के पास सड़क पर एक कुत्ते के दौड़ जाने से ऑटो चालक अपना नियंत्रण खो दिया।

## योग शिक्षकों ने प्रोटोकॉल में कराया योग महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान की लोहरदगा जिला इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग महोत्सव के रूप में मनाया गया। जिला मुख्यालय लोहरदगा के साथ साथ प्रखंडों में भी पतंजलि के योग प्रशिक्षकों द्वारा आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत योग अभ्यास कराया गया। पेशरार के मुंगो में शिवशंकर सिंह, लोहरदगा व्यवहार न्यायालय में भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती, घाघरा के सुदूरवर्ती में अभय भारती, जिला मुख्यालय में अंकित अग्रवाल, खुशी भारती, माही, शिवा, मानसी, प्रियंका साहू, प्रखंड कार्यालय के समीप सहकारिता भवन में संजय मधुर, रवि भूषण प्रजापति, कूडू में निर्भय भारती, शिवराज विजय महतो, कैरो में गणेश शास्त्री, कोराम्बे में दिनेश प्रजापति, राम सुभग राय समेत विभिन्न ग्रामों में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

## नर्सिंग कौशल कॉलेज में ओथ टेकिंग एंड लैंप लाइटिंग सेरिमनी, उपायुक्त बोले

# नर्सिंग मानव सेवा का सशक्त माध्यम

- नर्सिंग कौशल की छात्राओं ने ली मानव सेवा की शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**





कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं और कार्यक्रम में शामिल डीसी, एसपी व अन्य।

**गुमला।** नर्सिंग कौशल कॉलेज गुमला के चौथे सत्र में एएनएम पाठ्यक्रम पूरा करने वाली छात्राओं के लिए कैपिंग एंड लैंप लाइटिंग सेरिमनी और सेवा शपथ कार्यक्रम किया गया। जिसका शुभारंभ उपायुक्त सुशांत गौरव एवं पुलिस अधीक्षक ऐहतेशाम वकारिव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शुभारंभ के बाद सभी छात्राओं ने कैंडल जला कर शपथ ग्रहण लिया। जिसमें छात्राओं ने मानव सेवा, दृढ़ता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना रखने की शपथ ली।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में नर्सों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका

दो वर्षीय पाठ्यक्रम पूरा करने वाली सभी छात्राएं अब हॉस्पिटल के माध्यम से प्रायोगिक पाठ्यक्रम शुरू करेंगी। इससे पूर्व छात्राओं ने सरस्वती वंदना गीत पर नृत्य कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि नर्सिंग मानव सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर इटली के फ्लोरेंस नाइटिंगेल द्वारा नर्स के रूप में मरीजों की सेवा की भावना के विषय में बताया और कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल विश्व की पहली महिला थी। जिसने नर्स के रूप में कई मरीजों की जान बचायी एवं उनके ही नक्शे कदम पर आज विश्व भर में लोग नर्स बनने के लिए प्रेरित हुए है। उन्होंने कहा कि नर्सेज स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पुलिस अधीक्षक ऐहतेशाम वाकारिव ने छात्राओं को उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही अपने जिम्मेदारी को समझते हुए अपने कार्य को करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि वे खुद भी एक डॉक्टर रह चुके हैं एवं उन्होंने यह महसूस किया कि डॉक्टर्स से ज्यादा मरीजों की देखभाल करने का दायित्व नर्सों पर ज्यादा होती है। इसी के साथ उन्होंने सभी नर्सों को आगे सकारात्मक विचार के साथ अपनी दायित्व का निर्वहन करने को कहा। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज के सदस्य उपस्थित थे।

# अनामांकित छात्रों को स्कूल की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रेरित करेगा रुआर कैंपेन

- स्कूल रुआर प्रखंड स्तरीय बैठक सह कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के अंचलाधिकारी, सन्नी कुमार दास की अध्यक्षता में झारखंड शिक्षा परियोजना प्रखंड लोहरदगा की ओर से बुधवार को स्कूल रुआर-2023 (बैक टू स्कूल कैंपेन) के प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह बैठक का आयोजन प्रखंड लोहरदगा के हॉल में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन सीओ सन्नी कुमार दास, डॉ शंकर प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बुद्धेश्वर उराँव, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा, रामजीवन नायक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा, शिक्षक प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सीओ सन्नी कुमार दास ने कहा कि रुआर-2023 कार्यक्रम सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत अनामांकित छात्रों को विद्यालय की मुख्यधारा से जोड़ना है। यह कार्यक्रम बच्चों को विद्यालय में उनके नामांकन और उनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति तथा उनके ठहराव को सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है।

इससे पूर्व रामजीवन नायक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी-सह प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक लोहरदगा द्वारा स्कूल रुआर-2023 विषयक जानकारी दी गई। बताया गया कि इसके अंतर्गत 5 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को पुनः विद्यालय में वापस लाना एवं नियमित अध्यापन कार्य का संपादन किया जाना है।

स्पीड न्यूज

## वज्रपात से 24 वर्षीय युवक की मौत

**इटखोरी।** प्रखंड के शहरजाम गांव में बुधवार की दोपहर वज्रपात से सन्नी कुमार नामक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। परिजनों ने बताया है कि वज्रपात से पहले युवक अपने पशुओं को खेत की ओर लेकर जा रहा था। इसी दौरान बारिश के साथ वज्रपात हुआ। जिससे युवक खेत में ही गिर पड़ा। परिजन बेहोशी की हालत में युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जांच के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

## 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**टंडवा।** 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत हर आंगन योग थीम के तहत 21 जून बुधवार को विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में मगध-संघमित्रा क्षेत्र, (सीसीएल) में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण, संजय कुमार चौबे, अमला अधिकारी( कार्मिक एवं प्रशासनिक), अभिषेक आनंद, उप प्रबंधक (कार्मिक) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु योगाभ्यास किया।

## जीवीएम हाई स्कूल में मना योग दिवस

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दशारो खुर्द में संचालित जीवीएम हाई स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि योग करने से विभिन्न तरह के रोगों का समाधान होता है। योग करने से शारिरिक एवं मानसिक विकास होता है।

## छत से गिरकर एक की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहाल में मंगलवार की देर रात करीब 2 बजे छत से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 60 वर्षीय सर्जन पासवान पिता बहादुर पासवान ग्राम गोहाल जयनगर निवासी के रूप में हुई है। बताते चलें कि देर रात छत से गिरने के बाद गंभीर अवस्था में परिजन सर्जन पासवान को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सल्फास खाकर महिला ने की आत्महत्या

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पथलडीहा अनंतडीह में बुधवार की सुबह एक महिला ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतका की पहचान 32 वर्षीय अंजली देवी पति नंदकिशोर मोदी के रूप में हुई है। उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## थाना प्रभारी ने सभी पुलिसकर्मियों साथ किया योगाभ्यास

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने सभी पुलिसकर्मी संग योगाभ्यास किया। वहीं उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों व आमजन को स्वस्थ व सकारात्मक जीवन शैली के लिए योग का महत्व समझाना है।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा रिजल्ट का वितरण

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बाघमारा में सीबीएसई पैटर्न पर आधारित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का रिजल्ट विद्यार्थियों को दिया गया। वहीं प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने योग व प्राणायाम का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने का प्रेरणा दिया। मौके पर विद्यार्थियों के बीच भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का रिजल्ट भी दिया गया। मौके पर रामचंद्र यादव, महेश्वर पांडेय, शंकर दास, सिकंदर यादव सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# मिठू जायसवाल के घर पर हुई फायरिंग की घटना का खुलासा, एक गिरफ्तार

### जेल में बंद अपराधी खुस्तर अंसारी गैंग के लोगों ने सुजीत सिन्हा के गैंग के नाम पर दिया था घटना को अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस ने व्यवसायी सह ठेकेदार मिठू जायसवाल के घर पर हुई फायरिंग की घटना का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने फायरिंग की घटना में शामिल सकील अहमद उर्फ सोनू खान नामक एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। वह गढ़वा थाना क्षेत्र के झलुआ गांव का रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने बुधवार को नगर ऊंटारी थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। एसडीपीओ ने बताया कि गत 13 जून की मध्यरात्रि में नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के धुरकी मोड़ निवासी व्यवसायी सह ठेकेदार मिठू जायसवाल के घर पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद एसपी अंजनी कुमार झा के निर्देश पर मामले के उद्भेदन के लिये एक टीम का गठन किया गया था। जिसमे उनके नेतृत्व में नगर ऊंटारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, धुरकी के थाना प्रभारी सदानंद कुमार एवं नगर ऊंटारी थाना के एसआई कुमार विक्रम सिंह को शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि अनुसंधान के क्रम में गढ़वा थाना क्षेत्र के झलुआ गांव निवासी स्व फुजैल अहमद का पुत्र सकील अहमद उर्फ सोनू खान की उसके घर से गिरफ्तारी की गई। पूछताछ के दौरान उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। एसडीपीओ ने बताया कि जेल में बंद अपराधी खुस्तर अंसारी गैंग के लोगों ने सुजीत सिन्हा के गैंग के नाम पर मिठू जायसवाल के घर पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। उन्होंने बताया कि फायरिंग करने का मुख्य उद्देश्य लेवी मांगने के साथ लोगों में दहशत पैदा करना था। एसडीपीओ ने बताया कि इसके पूर्व में भी खुस्तर अंसारी के द्वारा मिठू जायसवाल से लेवी मांगा जा चुका है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी सकील अहमद उर्फ सोनू खान का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह कई बार जेल की हवा खा चुका है। उन्होंने बताया कि फायरिंग की घटना में अभी तक 3 से 4 लोगों का नाम अनुसंधान में आ रहा है। जल्द ही अन्य अपराधियों की भी गिरफ्तारी कर ली जायेगी। उन्होंने बताया कि सकील अहमद के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेसवार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर स्वर्णलता कुजूर, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, एसआई कुमार विक्रम सिंह आदि मौजूद थे।



प्रेसवार्ता करते एसडीपीओ

## मतदाता सूची पुनरीक्षण बीएलओ व सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में चलने वाले विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बुधवार को फरेंदा स्थित पंचायत संसाधन केंद्र में उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर बीएलओ और सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में चुनाव पाठशाला से सम्बंधित जानकारियां दी गयी, साथ ही एसएसआर 2024 के तहत घर घर जाकर सर्वे करने और भ्रमण पर्ची को दीवारों पर चिपकाने, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो के जगह पहचान पत्र में रंगीन फोटो लगाने आदि से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। लोकसभा चुनाव की तैयारी के आलोक में ये कार्यक्रम आंरभ किये गये हैं।

# जीएस पब्लिक स्कूल व मंजुला शर्मा स्कूल में डोमचांच में मनाया गया नौवां योग दिवस कार्यक्रम




खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस. पब्लिक स्कूल में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान योग शिक्षक शुभम मगधिया व अमनदीप कुमार ने बच्चों को अपने मार्गदर्शन में योग के महत्व को बताते हुए कहा कि योग का अभ्यास शरीर और मस्तिष्क के लिए फायदेमंद है। योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति भी देता है। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बच्चों को योग दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा कि योग भारतीय संसति से जुड़ा है, जो अब विदेशों में भी फैल गया है। इसके अलावा विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने भी बच्चों के साथ योग आसन में अपनी भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि आज विश्व भर में लोग स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास कर रहे हैं। योग का महत्व कोरोना काल में और अधिक बढ़ गया। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए स्लोगन करे योग रहे निरोगष के साथ शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शामिल उपनिदेशक नीरज कुमार, कर्डिनेटर सोनी चंदन, अकाउंटेंट गुलाब चंद साहा, शिक्षक शिक्षिकाओं में राघव सिन्हा, आशीष कुमार, शिवपूजन मोदी, जितेंद्र कुमार, मो. इलियास, रत्नाकार मिश्रा, राजीव मिश्रा, शुभम कुमार, सुनील शर्मा, द्विंबर पांडेय, ललित मेहता, रामलखन पासवान, नीरज साव, अनुज सिंहा आदि मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में योग का आयोजन किया गया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता शिव कुमार वर्णवाल, सुनीता बर्णवाल, सुनीता साव, राजकुमार मेहता, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, बिमला विश्वकर्मा, मौजूद रहे। वहीं योग गुरु के रूप में नेहा मेहता ने उपस्थित लोगों को योग से संबंधित अभ्यास कराये। साथ ही योग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर विद्यालय प्रबंधक रजनीश शर्मा, प्रशासक राम प्रवेश पांडेय, प्राचार्य शिव कुमार साव, प्रीति चौधरी, शिक्षक अलख सिंह, राजन मेहता, रीता कुमारी, कुमुदनी लकड़ा, प्रियंका कुमारी, अंकिता कुमारी, महिमा कुमारी, आर्ची कुमारी, उमा कुमारी, जुली किरण आदि मौजूद थे।

### प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त ने की गढ़वा में किसान क्रेडिट कार्ड के प्रगति की समीक्षा

# किसानों को महाजन (कर्ज) से उबारेगा केसीसी : आयुक्त

### किसानों को केसीसी कार्ड जारी करने में तीव्रता लाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड किसानों को महाजन (कर्ज) से उबारेगा। अधिक -से-अधिक किसानों को केसीसी जारी कर उन्हें लाभान्वित करें।? केसीसी जारी करने में शिथिलता नहीं बरतें। इसकी गंभीरता को समझते हुए व्यक्तिगत रूचि ले कर टीम वर्क के साथ काम कर किसानों को केसीसी योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। आयुक्त बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिले के पदाधिकारियों एवं बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर केसीसी जारी करने की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में आयुक्त ने बैंक अधिकारियों को केसीसी जारी करने में तीव्रता लाने, केसीसी के लंबित 3883 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई शुरू कर अगले एक माह में तीन हजार केसीसी वितरण करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही 15 अगस्त तक सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन कर केसीसी जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंक अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जिले के किसानों के उत्थान में बैंकों की भूमिका नहीं रहने से उन्हें जिले में कार्य करने की सार्थकता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि अगले एक माह में गढ़वा का स्थान राज्य में 12 वें स्थान पर लाना सुनिश्चित करें। किसानों को केसीसी का लाभ देकर उनकी कठिनाइयों को दूर करें। किसानों को लाभ मिलेगा, तो वे दूसरे जिले या राज्यों में पलायन नहीं करेंगे। किसान रोजगार सृजन कर आर्थिक रूप से सबल होंगे। आयुक्त ने नीलाम पत्र पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में तेजी लाते हुए 15 अगस्त तक समाप्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि किसानों से ज्यादा-से-ज्यादा आवेदन प्राप्त करें और नये लाभुकों को केसीसी कार्ड वितरण योजना से जोड़ने का कार्य करें। प्रखंड विकास पदाधिकारियों से समन्वय कर अधिकाधिक केसीसी जारी करें। बैठक में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदु भूषण लाल, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अमिता कुमारी, गोपनीय प्रभारी विकास कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय सहित विभिन्न बैंकों के प्रबंधक, बीडीओ एवं सीओ आदि उपस्थित थे।




## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक उमेश विश्वकर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. बीसी. स्वेन ने योग दिवस पर प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, साथ ही यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी सहायता करता है, यदि आप योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। योग प्रशिक्षक उमेश विश्वकर्मा ने मंत्रोच्चारण के पश्चात महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षुओं एवं सभी सदस्यों को विभिन्न प्रकार के आसन एवं प्राणायाम जैसे वज्रासन एवं महाविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

# उत्साह पूर्वक मनाया गया 9 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पूरे 9 वां योग दिवस पूरे भारतवर्ष में मनाई जा रही है। इसी के उपलक्ष में कुंदा प्रखंड मुख्यालय के अमर जेडी खेल मैदान में 21 जून दिन बुधवार को बड़े ही उत्साह पूर्वक सभी राजनीति दल एवं जनप्रतिनिधि दल के लोग और सीआरपीएफ 190 बटालियन के टीम एवं सरकारी संस्थान एवं गैर सरकारी शामिल हुए। योग अभ्यासक्रम कार्यक्रम के पूर्व अमर जड़ी खेल मैदान में मंच पर सभी उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों एवं कुंदा प्रमुख कमला देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर उद्घाटन किया गया ।इस मौके पर उद्घाटन करते हुए सीआरपीएफ कमांडेंट ने संबोधित कर कर कहा कि योग कीजिए और निरोग रहिए कभी भी आपको दवा की जरूरत नहीं पड़ेगी ।योगा से विभिन्न बीमारियों को दूर कर सकते हैं। इसलिए प्रत्येक दिन खाना जरूरी है इसी तरह योग करना जरूरी है कम से कम एक घंटा जरूर योगा अभ्यास करें। और निरोगी रहें। इसी तरह सभी ने बारी-बारी संबोधित कर योग के बारे में विभिन्न जानकारियां दिए लगभग अमर जेडी खेल मैदान में 1 घंटे तक योग ट्रेनर कमलेश यादव के द्वारा योगाभ्यास करवाया गया।

# क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से संचालित एवं जिला योजना विभाग अंतर्गत जिले में क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। अमृत सरोवर योजना के तहत लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम सभा द्वारा चयनित सभी योजनाओं को (डीएमएफटी) के गाइडलाइन का अनुसरण करते हुए कार्य किया जाए तथा अगामी 15 अगस्त के कार्यक्रम हेतु उनको पूर्ण किया जाए। स्वीकृत योजनाओं और भवन निर्माण के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सम्बंधित स्वीकृति पत्र का कार्य शीघ्र किया जाए जिससे की सभी कार्य ससमय पूर्ण किया जा सके। नगर परिषद के अंतर्गत डीआरडीए भवन के कार्य की जानकारी लेते हुए कार्य मे विलंबता पर रोष जाहिर करते हुए निर्देश दिया कि आवयश्क कदम उठाते हुए उपरोक्त कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। जिले में संचालित आंगनबाड़ियों में किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि पोषण ट्रैकर के काम मे तेजी लाई जाए तथा रिकवरी रेट में सुधार लाने का भी निर्देश दिया गया। कुपोषण के विरुद्ध किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने दिशा निर्देश दिया और कहा कि जेएसएलपीएस राज्य सरकार की अग्रणी योजना है अतः इसके अंतर्गत किये जा रहे सभी कार्य मे प्रभावशाली प्रयास एवं परिणाम अपेक्षित है। उपायुक्त ने जिला योजना विभाग की बैठक में अनाबद्ध निधि के अंतर्गत नई योजनाओं के प्रस्ताव हेतु जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वैसी योजनाएं जो पेयजल समस्या के निराकरण में प्रबल तरीके से कामगर सिद्ध हो सके उन योजनाओं को प्राथमिकता दिया जाए। उन्होंने भेडिफार्म, चतरा स्टेडियम व सिमरिया स्टेडियम में चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि उपरोक्त जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाने हेतु सीसीटीवी का अधिष्ठापन यथाशीघ्र किया जाए। डीआरडीए भवन की चारदीवारी निर्माण, लैंडस्केपिंग और सोलर यंत्र हेतु किये जाने वाले कार्यों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार समेत सभी संबंधित उपस्थित थे।




एक नजर में

## भद्रकाली महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य, मुख्य अतिथि झारखंड के प्रख्यात योग गुरु सन्यासी शंकर चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी देव कुमार सिंह, प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी एवं शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुछ देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने योग के इतिहास एवं वर्तमान में इनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग से ही विश्व को निरोग रखा जा सकता है। समाजसेवी देव कुमार सिंह ने कहा कि योग और प्राणायाम से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। योग गुरु शंकर चंद्रवंशी ने कहा कि योग को अपनाकर ही व्यक्तित्व का विकास होता है तथा सभी प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है।

उन्होने भ्रामरी, अनुलोम विलोम, कपालभांति, भ्रष्टिका सहित कई प्राणायाम तथा दर्जनों आसन का अभ्यास उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों को करवाया। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर जे पी दांगी, प्रोफेसर श्यामसुंदर प्रसाद, प्रोफेसर महेंद्र ठाकुर, प्रोफेसर ललित कुमार सिंह, प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार, प्रोफेसर पंकज, प्रोफेसर राकेश, प्रोफेसर कविता सिन्हा, प्रोफेसर बालेश्वर पासवान, प्रोफेसर सकेन्दर मिस्त्री, प्रोफेसर ललित कुमार सिंह, शिक्षकेतर दशरथ राणा, मोहम्मद रफीक, रंजीत, शिव कुमार सिंह, मंजू रानी, शुभम सौरव, रामदेव रविदास, अशोक ठाकुर की उपस्थिति रही।

## आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ने मनाया योग दिवस



योग करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय के प्रांगण में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवनाथपुर के तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया। प्रशिक्षक शंकर प्रिय राम चंद्रवंशी, गुप्तेश्वर प्रसाद, महिला योग प्रशिक्षक मुनी गुप्ता एवं आयुष चिकित्सक डा शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में योग शिविर संपन्न हुआ।

शिविर में योग, प्राणायाम, आसन, खान पान,रहन सहन के साथ इसके लाभ के बारे में बताया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डा दिनेश सिंह ने बताया कि शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाएं रखने के लिए नियमित सुबह एक घंटा योगाभ्या किया करें। जिस तरह बीमारियां बढ़ रहीं है सभी लोगो को स्वस्थ्य रहने के लिए योग को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने सभी विद्यार्थियों को बुद्धि विकास, एकाग्रता को और भी बेहतर बनाने के लिए नियमित 5 बार भ्रामरी करने को कहा। शिविर में जिला पार्षद रजनी शर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो, प्रखंड कर्मी, सीएचसी चिकित्सा पदाधिकारी डा दिनेश सिंह, डा अभिनीत विश्वास, डा इन्द्र किशोर विश्वकर्मा, अस्पताल कर्मी,सहिया बहने, शांतिनिकेतन, हाई स्कूल, गर्ल स्कूल के शिक्षक एवम विधार्थिगण, जनप्रतिनिधी उपस्थित थे। वही सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक, मकरी पंचायत के मुखिया सरिता देवी, कैलान पंचायत के मुखिया सुकूनी देवी,अरसली दक्षिणी पंचायत के मुखिया सरिता देवी, पंडरिया पंचायत के मुखिया गायत्री देवी, अरसली उत्तरी पंचायत के मुखिया इशरत जहां, बनसानी पंचायत के मुखिया ईलाची देवी, चपरी पंचायत के मुखिया शैलेश चौबे,भवनाथपुर पंचायत के मुखिया बेबी देवी ने पंचायत भवन मे ग्रामीणों के साथ योग किया, वही कैलान के शिवाजी मैदान मे राजमोहन यादव के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया।

## एनसीसी कैडेट्स ने किया योग



योग करते कैडेट्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व योग दिवस के मौके पर एनसीसी जेएचबीएन 44 की डाल्टनगंज इकाई के कमांडिंग ऑफिसर अमित मुखर्जी के निर्देश पर गढ़वा जिला मुख्यालय के रामा साहू उच्च विद्यालय के प्रांगण में एनसीसी कैडेट्स ने सामूहिक रूप से योग किया। एनसीसी कैडेट्स को योग की महत्ता को बताया गया तथा उन्हें योग की कई विधाएं बताई गई। योग शिक्षक ने कहा कि योग जीवन के लिए जरूरी है। भारत से शुरू हुआ योग आज पूरे विश्व को निरोग बना रहा है। स्वस्थ रहने के लिए योग सबके लिए जरूरी है। खासकर एनसीसी कैडेट्स के लिए बहुत जरूरी है। क्योंकि एनसीसी कैडेट्स समाज एवं राष्ट्र की सुरक्षा के लिए संकल्पित होते हैं। इस स्थिति में उनका शारीरिक स्वास्थ्य बहुत ही जरूरी है। योग से शरीर के साथ-साथ मन और मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है।इस मौके पर एनसीसी 44 बटालियन के पीआई स्टाफ हवलदार डीडी खड़िया, प्रवीण कुमार, एसपीडी कॉलेज एनसीसी कैडेट्स, एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट धीरेंद्र कुमार मिश्रा, एसएसजे एसएन कॉलेज के कैडेट्स,सीटीओ डॉक्टर शोभा कुमारी, गोपीनाथ सिंह महिला डिग्री कॉलेज की कैडेट्स, सीटीओ रश्मि नंद कालेलकर गोविंद हाई स्कूल के एनसीसी कैडेट्स, एनसीसी पदाधिकारी विश्व विजय सिंह, रामा साहू उच्च विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, एनसीसी पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह के अलावे रामा साहू उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ताप विद्युत केंद्र में विश्व योग दिवस मना

**जयनगर (कोडरमा)।** दामोदर घाटी निगम के कोडरमा ताप विद्युत् केंद्र के प्रांगण में विश्व योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम को प्रातः 6:30 बजे आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिलीप कुमार सिंह महाप्रबन्धक एवं परियोजना प्रधान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिसमे राम प्रवेश शाह, महाप्रबन्धक (सीएस), उप महाप्रबंधक में रविन्द्र कुमार, बिनोद कुमार राय, एसक़े. व्यास ने सहयोग किया।

# यह सनातन संस्कृति का सम्मान है



# गीता प्रेस गोरखपुर को गांधी शांति पुरस्कार

मृत्युंजय दीक्षित

**न केवल** भारत वरन संपूर्ण विश्व में सनातन हिंदू संस्कृति का साहित्य के माध्यम से प्रचार- प्रसार करने वाली संस्था गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार मिलना हिंदू सनातन संस्कृति व साहित्य के लिए गर्व और हिंदू समाज के लिए आनंद की अनुभूति का समय है। जरा सोचिए कि अगर गीता प्रेस न होता तो आज हिंदू सनातन संस्कृति व परम्परा का क्या हाल हो रहा होता? एक विदेशी डाक्टर ए.ओ. हयूम तथा अंग्रेज मैकाले की शिक्षा के कुप्रभाव को रोकने में अगर जिसने अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वह गीता प्रेस ही है। आज संपूर्ण विश्व में हिंदू सनातन संस्कृति की जो जयकार होती है उसमें गीता प्रेस की बड़ी भूमिका है। संभवतः यही कारण है कि आज कांग्रेस गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिये जाने की आलोचना कर रही है।

गीता प्रेस हिंदू धार्मिक ग्रंथों का विश्व का सबसे बड़ा प्रकाशक है। आज हर घर तक गीता, रामायण, महाभारत सहित चार वेद और 18 पुराण तथा गोस्वामी तुलसीदास रचित समस्त साहित्य को बेहद सस्ती दरों में पहुंचाने का श्रेय यदि किसी को जाता है तो वह गीता प्रेस है। गीता प्रेस को सम्मान मिलना संस्थापक जयदाल जी गोयन्दका व हनुमान प्रसाद पोद्दार जी जैसे महान संतों का भी सम्मान है।

गीता प्रेस का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के सिद्धांतों, गीता,रामायण, उपनिषद, पुराण, संतों के प्रवचन और अन्य चरित्र निर्माण की पुस्तकों और पत्रिकाओं का प्रकाशन तथा अत्यंत सूक्ष्म मूल्य पर विपणन करके इनको आम जन के लिए सुलभ कराना है।- गीताप्रेस कार्यालय गोरखपुर में स्थित है जो भी लोग गोरखपुर भ्रमण के लिए जाते है वे गीताप्रेस अवश्य जाते हैं और सत साहित्य खरीद कर लाते हैं। गीता प्रेस की स्थापना 1923 में महान गीता मर्मज्ञ जयदयाल गोयन्दका के कर कमलों से हुई थी। यह संस्था भगवत्कृपा से सत साहित्य का उत्तरोत्तर प्रचार -प्रसार करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर है। गीता प्रेस ने निःस्वार्थ भाव से सेवा कर्तव्य बोध दायित्व निर्वाह प्रभु निष्ठा प्राणिमात्र के कल्याण की भावना और आत्मोद्धार की जो सीख दी है वह सभी के लिए अनुकरणीय बना हुआ है।

गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार उसकी इस भावना को भी दिया गया सम्मान है। गीता प्रेस कल्याण नाम की एक पत्रिका प्रकाशित करता है जिसका एक विशेषांक हर वर्ष के प्रथम या द्वितीय माह तक उपलब्ध हो जाता है और विशेषांक लेने वाले प्रत्येक ग्राहक को यह पत्रिका पूरे वर्ष निशुल्क मिलती रहती है । कल्याण का हर विशेषांक संग्रहणीय होता है । कल्याण विश्व की एकमात्र ऐसी पत्रिका है जो बिना किसी विज्ञापन के अनवरत प्रकाशित हो रही है। कल्याण सनातनी हिंदू समाज की लोकप्रिय पत्रिका है। यह पत्रिका शान्ति और मानवता का संदेश देती है।

भारत के तथाकथित वामपंथी इतिहासकारों ने हिंदू देवी देवताओं व संत समाज की जो विकृत तस्वीर आम जनमानस के समक्ष प्रस्तुत की है गीताप्रेस का साहित्य उनके सभी षड्यंत्रों को विफल करता है। गीताप्रेस के संस्थापक जयदयाल जी गोयन्दका का कथन है कि मनुष्य को सदा सर्वत्र उत्तम से उत्तम कार्य करते रहना चाहिए। मन से भगवान का चिंतन, वाणी से भगवान के नाम का जप, शरीर से जगज्जनार्दन की निःस्वार्थ सेवा यही उत्तम से उत्तम कार्य है।पुरस्कार पर विकृत राजनीति अच्छी बात नहीं। पुरस्कार की घोषणा पर गीता प्रेस ने अपनी परम्पराओं का हवाला देते हए कहा है कि वह इस बार पुरस्कार तो ग्रहण करेगा लेकिन एक करोड़ की धनराशि स्वीकार नहीं करेगा। प्रेस की बोर्ड बैठक में तय हुआ है कि गांधी शान्ति पुरस्कार के रूप में धनराशि को छोड़कर व प्रशस्ति पत्र, पट्टिका और हस्तकला, हथकरघा की कलाकृति स्वीकार की जाएग।

## एक पैसे का गीता से आंरभ यात्रा



गीता प्रेस मार्च 2014 तक 58 करोड़ 25 लाख से अधिक पुस्तकें प्रकाशित कर चुका था। यहां पर प्रतिदिन 50 हजार से अधिक पुस्तकें छ्पती हैं। यहां पर अब तक गीता की 11 करोड़ से अधिक प्रतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। गीता प्रेस बच्चों के लिए प्रेरक सत साहित्य का भी प्रकाशन करता है। अब तक 12 करोड़ से भी अधिक भक्त चरित्र और भजन संबंधी पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। पुस्तकों के 80- 80 संस्करण तक प्रकाशित हो चुके हैं। अब गीता प्रेस में गीता का मूल्य एक रुपये से प्रारम्भ होता है और इसी प्रकार हनुमान चालीसा, और सुंदरकांड जैसे ग्रंथ भी मात्र तीन रुपये में ही उपलब्ध हो जाते हैं। पुस्तकें लागत से 40 से 90 प्रतिशत कम मूल्य पर बेची जाती है। यह एक ऐसा प्रेस है जिसमें किसी जीवित व्यक्ति का चित्र या कोई विज्ञापन नहीं प्रकाशित होता है। यहां कुल 15 भाषाओं हिंदी, संस्कृत,अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती, मराठी,बंगला, उड़िया, असमिया, गुरुमुखी, नेपाली और उर्दू में पुस्तकें प्रकाशित होती है। 1950 के दशक में एक पैसे का छोटा गुटका गीता छापकर हर घर और सनातनी को गीता का उपहार दिया।

# गीता प्रेस गोरखपुर का ऋणी है पूरा सनातन समाज और देश

डॉ. रामकिशोर उपाध्याय

**गीताप्रेस** गोरखपुर को निःस्वार्थ सेवा के सौ वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार द्वारा गाँधी शांति पुरस्कार (2021) दिए जाने की घोषणा से देश-विदेश में रहने वाला हिन्दू समाज खुशी मना रहा है` ऐसा होना स्वाभाविक भी है, क्योंकि सैकड़ों वर्षों तक विदेशी आक्रान्ता हमारे धार्मिक ग्रंथों को नष्ट करते रहे। मुहम्मदवादियों ने अधिकांश मंदिरों और पुस्तकालयों को आग लगा दी तो अंग्रेजों ने गुरुकुल बंद कराके हमें अपनी जड़ों से काट दिया। स्थिति यहाँ तक पहुँच गई कि हिन्दुओं के देश में बाइबिल और कुरआन तो चाहे जहाँ से ले लो किन्तु हिन्दू धर्म ग्रंथों जैसे वेद, उपनिषद्,पुराण आदि की बात मत करो।

पिछले सौ वर्षों से करोड़ों हिन्दुओं की सेवा करने वाली, गीता के महान संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने वाली इस प्रेस को जैसे ही गाँधी शांति पुरस्कार देने की घोषणा हुई तो कुछ विघ्न संतोषियों को यह बात हजम नहीं हुई। यह कैसी असहिष्णुता है कि जीवन पर्यंत ईसाइयत का प्रचार करने वाली और सेवा की आड़ में धर्मान्तरण कराने वाली रोमन कैथोलिक नन मदर टेरेसा को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न मिलने पर जो लोग नाच रहे थे वे गीता प्रेस के सम्मानित होने पर छाती पीट रहे हैं। आखिर ये लोग भारत में भारतीय जीवन मूल्यों का प्रचार करने वाली संस्था के शत्रु क्यों बने हुए हैं? जयराम रमेश जैसे लोग गीता प्रेस गोरखपुर का विरोध करके न केवल कांग्रेस की जड़ों में मठ्ठा डालने का काम कर रहे हैं अपितु स्वयं की भी फजीहत करा रहे हैं।

गीता प्रेस गोरखपुर का विरोध एक गहरे षड्यंत्र का हिस्सा है। चूँकि कम्युनिस्ट लोग भारतीय धर्म, भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन मूल्यों के धुर विरोधी हैं इसलिये वे इसके जानी दुश्मन हैं। धर्मान्तरण में संलग्न ईसाई और इस्लामिस्ट लोगों का विरोध तो जगजाहिर है किन्तु कुछ कांग्रेसी नेता इस विरोध का कलंक अपने और अपनी पार्टी के माथे क्यों मढ़ना चाहते हैं? प्रत्येक हिन्दू कांग्रेसी कार्यकर्त्ता के लिए यह चिंता का विषय है। क्या केवल वोट के लिए? जयराम रमेश जिस पुस्तक की आड़ में गीता प्रेस को गाँधीजी का विरोधी सिद्ध करना चाहते हैं वास्तव में वह पुस्तक एक झूठ का पुलिंदा है। कम्युनिस्ट पत्रकार अक्षय मुकुल की उस पुस्तक का नाम है गीता प्रेस एंड द मेकिंग ऑफ हिन्दू इण्डिया। इस पुस्तक के शीर्षक से ही स्पष्ट है कि लेखक के भीतर हिन्दू शब्द के प्रति कितनी नफरत है। उसे विश्व के कल्याण के साहित्य में से हिन्दू राष्ट्र बनता दिखाई दे रहा है। कम्युनिस्ट लोग जानते हैं कि यह प्रेस निःस्वार्थ भाव से हिन्दू धर्म और मानवता की सेवा में लगी हुई है। यह गीता, रामायण, उपनिषद जैसे लोक कल्याण और विश्व शांति के महान ग्रंथों को सस्ते मूल्य पर घर-घर पहुँचा कर भारतीय समाज को उसकी जड़ों से जोड़े हुए है। इसलिए पहले इसे बदनाम करो फिर विवादित करो और बाद में प्रतिबंधित कराने की मांग करो। जैसे भी हो इस महान कार्य को बाधित करो इसलिए यह सब सोची-समझी रणनीति के अनुसार किया जा रहा है।

जैसा कि कम्युनिस्ट लेखक फर्जी इतिहास लिखने और झूठे नेरेटिव गढ़ने में सिद्धहस्त होते हैं ठीक वैसे ही इस पुस्तक में कई फर्जी और काल्पनिक तथ्यों का सहारा लिया गया है। इस पुस्तक में कहा गया है कि गाँध जी की मृत्यु पर कल्याण के अंकों में गाँधीजी को कोई स्थान नहीं दिया गया। डॉ. संतोष कुमार तिवारी ने एक आलेख में इस आरोप को निराधार सिद्ध करते हुए लिखा है कि उस दिन शाम तक (गांधीजी की हत्या होने से पूर्व) ह्यकल्याणह्न की बहुत-सी प्रतियाँ भेजी जा चुकी थीं। शाम को लगभग 5 बजे गाँधीजी की दुखद हत्या हुई इसके बाद कल्याण की शेष प्रतियाँ रोक कर सभी में तीन पेज अलग से जोड़कर पाठकों को भेजे गए। इनमें पहले पेज पर गाँधीजी का चित्र था, शेष दो पृष्ठों पर गाँधीजी को श्रद्धांजलि दी गई थी। इनमें से एक श्रद्धांजलि स्वयं हनुमान प्रसाद पोद्दार जी ने लिखी थी।



डॉ. तिवारी ने इस पुस्तक के अनेक आरोपों को झूठा सिद्ध कर दिया है। जैसा कि मैंने पूर्व में भी कहा है कि कम्युनिस्ट झूठे नेरेटिव सेट करने में माहिर होते हैं इसलिये इस पुस्तक में भी ऐसे कई झूठ रचे गए हैं।

गीता प्रेस के न्यास बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रेस केवल सम्मान ग्रहण करेगी एक करोड़ की राशि नहीं, जबकि कुछ लोग सम्मान लौटा देते हैं राशि नहीं।आज गीता प्रेस गोरखपुर जो कि गाँधीजी की प्रिय पुस्तक गीता, गाँधी जी के इष्ट भगवान राम की रामायण घर-घर पहुँचाने का कार्य कर रही है, उस प्रेस को गाँधी शांति पुरस्कार देने का विरोध ओछी मानसिकता का परिचायक है। गीता प्रेस गोरखपुर का कार्य स्तुत्य, अभिनंदनीय एवं अनुकरणीय है। पूरा भारतवर्ष उसका ऋणी है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## गांधी जी के सलाह में गीता प्रेस ने किसी प्रकार का विज्ञापन नहीं छापा

**ट्रस्टी** गीता प्रेस देवी दयाल अग्रवाल ने कहा कि गीताप्रेस की स्थापना के समय ही संस्थापक जयदयाल गोयंदका ने आय के श्रोतों की व्यवस्था कर दी थी, ताकि भगवान की सेवा में कभी भी किसी तरह का विघ्न न आए और समाज के अंतिम व्यक्ति तक भगवान की वाणी धार्मिक पुस्तक के रुप में पहुंच सके।

गीता प्रेस ने अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष पूरा हो चुका है। बावजूद इसके आज तक कभी गीता प्रेस ने विज्ञापन नहीं छापा। जब मासिक धार्मिक पत्रिका कल्याण के प्रकाशन की बात चल रही थी तब उसके संपादक हनुमानप्रसाद पोद्दार को महात्मा गांधी ने सुझाव दिया कि इस पत्रिका में कभी विज्ञापन मत छापिएगा। उन्होंने पुस्तक समीक्षा भी न छापने का सुझाव दिया था।

गीता प्रेस का नाम लेते ही हर किसी के जेहन में शुद्ध, सस्ती, आकर्षक और वैचारिक संदेश देने वाली पुस्तकें घूमने लगती हैं। दरअसल, आज के वैश्विक दुनिया में सादगी, आध्यात्मिक और गैर राजनैतिक कार्य पद्धति ही गीता प्रेस की पहचान है। यही वजह है कि स्थापना काल से अब तक 100 वर्ष की अपनी रचनात्मक यात्रा में गीता प्रेस प्रबंधन ने खुद को हमेशा व्यावसायिक दृष्टिकोण से अलग रखा। अगर प्रबंधतंत्र की तरीका सीखना है तो गीता प्रेस इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

बिना लाभ और हानि के सिद्धांत पर काम कर रही यह संस्था पूरी दुनिया में धार्मिक पुस्तकें पहुंचा रही है। बहुत ही कम लोग जानते हैं कि गीता प्रेस लागत से 30 से 60 फीसदी तक कम दाम पर पुस्तकें उपलब्ध कराता है। आय और व्यय का संतुलन बना रहे इसके लिए प्रबंधन ने आय के अन्य संसाधन भी विकसित किए हैं। ऋषिकेश में आयुर्वेद की फैक्ट्री, कई शहरों में कपड़े की दुकानें खुली हैं, इनसे होने वाली आय से भी घाटे की भरपाई की जाती है।

समय के साथ गीता प्रेस ने प्रिंटिंग की मशीने भी आधुनिक की है। अब यहां प्रिंटिंग के लिए जापान की कोमोरी और सिलाई के स्विटजरलैंड के आधुनिक सिलाई मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। दरअसल, गीताप्रेस, गोविंद भवन कार्यालय ट्रस्ट, कोलकाता की एक इकाई है। यह ट्रस्ट नो प्रॉफिट नो लॉस के सिद्धांत पर कार्य करता है। गीताप्रेस घाटे से प्रभावित हुए बिना धर्म की सेवा के लिए पुस्तकों का प्रकाशन करता रहे, इसके लिए गोविंद भवन कार्यालय ट्रस्ट ने आय के अन्य संसाधनों का विकास किया। इस आय से गीताप्रेस का घाटा पूरा किया जाता है।

इसके लिए कपड़ों की तीन दुकानें गोरखपुर, कानपुर व ऋषिकेश में खोली गईं, जो आज भी नियमित आय का बड़ा स्रोत हैं। इसके अलावा गोरखपुर में करीब दस दुकानें गीताप्रेस भवन में हैं जो किराए पर दी गई हैं। ऋषिकेश में आयुर्वेद दवाओं की एक फैक्ट्री भी लगाई गई है, जो फायदे में रहती हैं। वहीं, अगर पुस्तक का एक संस्करण निकल गया, इसके बाद कागज के दाम में गिरावट आ गई तो भी गीताप्रेस दूसरे संस्करण की पुस्तक का दाम कम नहीं करता है, ताकि बाजार का संतुलन बना रहे। इससे होने वाली बचत से भी गीताप्रेस का कुछ घाटा पूरा हो जाता है।


गीता प्रेस में आज भी सबसे सस्ती पुस्तक एक रुपये में में संपूर्ण गीता व दो रुपये में हनुमान चालीसा पाठकों को उपलब्ध कराता है। गीताप्रेस से प्रकाशित अभी तक की सबसे महंगी पुस्तक 200 चित्रों के साथ प्रकाशित होने वाली शिव महापुराण होगी। इसकी कीमत 1500 रुपये रखी गई है। आर्ट पेपर पर छपने वाली ये पुस्तक में 1,088 पृष्ठों है।

शताब्दी वर्ष में किया 100 करोड़ की पुस्तकों का प्रकाशन

29 अप्रैल, 1923 को गीता प्रेस की स्थापना हुई थी। 100 वर्षों से गीताप्रेस लोगों में अनवरत आध्यात्मिक चेतना को समृद्ध कर रहा है। इस डिजिटल युग में भी गीताप्रेस के पाठकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अपने 100वें यानी शताब्दी वर्ष में अब तक का अपना ही रिकार्ड तोड़ा है और 100 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन किया है।

ट्रस्टी गीता प्रेस देवी दयाल अग्रवाल ने कहा कि गीताप्रेस की स्थापना के समय ही संस्थापक जयदयाल गोयंदका ने आय के श्रोतों की व्यवस्था कर दी थी, ताकि भगवान की सेवा में कभी भी किसी तरह का विघ्न न आए और समाज के अंतिम व्यक्ति तक भगवान की वाणी धार्मिक पुस्तक के रुप में पहुंच सके। गोयंदका के बाद जो भी लोग भी इस सेवा कार्य के लिए आए, उन्होंने इसी सिद्धांतों पर काम करते हुए परंपरा को आगे बढ़ाया है।

## गीता प्रेस ने शताब्दी वर्ष में किया 100 करोड़ के धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन, बना रिकार्ड



## सौ साल से धार्मिक पुस्तकों के प्रकाशन से सेवा में अनवरत लगा रहा है गीता प्रेस

सुधांशु कुमार

**भारतीय** जीवन का आधार या भारत की पहचान कहे जाने वाले ग्रन्थ गीता और रामायण तक जनसाधारण को मिल पाना कदाचित असंभव जैसा हो गया था। ऐसे कठिन समय में श्री जयदयाल गोयनका और श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार जैसे महापुरुषों ने सन 1923 में गीता प्रेस गोरखपुर की स्थापना की।

इस प्रेस ने अनेक कठिन और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए पूरे देश को बिना लाभ कमाए अत्यंत कम मूल्य पर सनातन ग्रन्थ उपलब्ध कराने का कार्य आरंभ किया। अनेक स्वामी रामसुख दास जी जैसी महान विभूतियों ने बिना रॉयल्टी लिए कठिन साधना द्वारा महान ग्रंथों के अनुवाद प्रस्तुत किए। आज लगभग प्रत्येक आस्तिक हिन्दू घर में गीता, रामायण, हनुमान चालीसा सहित अनेक धार्मिक पुस्तकें या इनमें से कोई एक पुस्तक तो अवश्य ही पहुँच चुकी है। इस व्यावसायिक युग में भी यह प्रेस बिना किसी चंदे, सरकारी सहायता और बिना विज्ञापन के सनातन धर्म की सेवा में लगी हुई है। गीता प्रेस के कल्याण के अंक तो मानव जाति के लिए श्रेष्ठ ज्ञान निधि हैं। इस प्रेस द्वारा केवल



धार्मिक ही नहीं अपितु बच्चों और महिलाओं के लिए भी अनेक शिक्षाप्रद पुस्तकें प्रकाशित की जाती हैं।

ध्यान रहे यह संस्था कांग्रेस, भाजपा, सपा या किसी सरकार से कोई सहायता नहीं लेती। उसकी स्वतंत्रता और स्वीकार्यता सभी दलों के लोगों में है। यह संस्था विश्व का कल्याण करने वाले, संसार को अच्छाई और सच्चाई का मार्ग दिखाने वाले साहित्य का प्रकाशन और वितरण करने का काम करने वाली महान संस्था है।

# स्पीड न्यूज

## नाबालिग को भेजा गया सुधार गृह

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र माल्हन पंचायत अंतर्गत एक गांव से नाबालिग किशोरी के साथ यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के द्वारा जिस युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है वह भी नाबालिग है। इधर पीड़िता के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर कार्रवाई करते हुए चंदवा पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया व आरोपी को पकड़कर बाल सुधार गृह भेज दिया।

## वज्रपात से एक की मौत, एक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुए बज्रपात में राजो देवी 35 वर्ष पति दिलीप उरांव ग्राम दोकनाही बसिया थाना बालूमाथ की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार राजो देवी घर के बाहर खड़ी थी। इसी बीच बारिश होने के बाद वह अपना घर आ रही थी और बगल में महुआ का पेड़ था इसी बीच बज्रपात हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा ईलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घटना मासियातू पंचायत के दीपकाटोला में घटी जहां उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दीपका टोला की रसोईया बसंती देवी 45 वर्ष पति शगुन गंझू अपने घर के बाहर महुआ का फल को सुखा रही थी इसी बीच पानी आने के बाद उसे भींगने से बचाने के लिए जमा कर रही थी। तभी वज्रपात की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई परिजनों द्वारा बसंती देवी को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया।

## तेंदुए के हमले से घायल युवक से सांसद प्रतिनिधि ने की मुलाकात

**बरवाडीह।** तेंदुए के हमले से घायल होने के बाद छिपादोहर उप स्वास्थ्य केंद्र इलाजरत थाना क्षेत्र के लात पंचायत निवासी त्रिलोकी सिंह से बुधवार को सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने अस्पताल पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घायल युवक से घटना के संबध में विस्तार से जानकारी ली। वहीं समुचित इलाज के लिए वन विभाग के पदाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की और सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने के लिए वार्ता की। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार युवक त्रिलोकी सिंह गांव के समीप हरहे के जंगल में भैंस चराने गया था। इस दौरान तेंदुए ने युवक पर पीछे से हमला कर दिया। हालांकि युवक के द्वारा बचाव किए जाने के बाद तेंदुआ उसे छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। इधर वन विभाग घटना की जांच में जुट गई हैं। हमला तेंदुआ द्वारा किया गया था या किसी अन्य जानवर द्वारा इसका पता लगाया जा रहा हैं।

## कार व बाइक में टक्कर, एक घायल

**बरवाडीह।** बरवाडीह-कुटमु मुख्य मार्ग पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के समीप बुधवार की सुबह 9 बजे के करीब आर्टिका कार और बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घायलों को इलाज के लिए निजी वाहन से बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं पुलिस घटना में क्षतिग्रस्त वाहनों को जप्त कर मामले की तफ्तीश में जुट गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बरवाडीह की ओर से तेज रफ्तार में आ रही आर्टिका कार दूसरी ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक की टक्कर हो गई। हालांकि इस घटना में बाइक पर सवार दो युवक बाल-बाल बच गए लेकिन बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कार चालक ने संतुलन खोते हुए पास में खड़ी दूसरी बाइक को भी जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दूसरी बाइक के साथ कार के बोनट और इंडिकेटर टूट गई। पुलिस घटना के सभी पहुलुओं की जांच कर रही है।

## योग शिविर का आयोजन

**चंदवा।** प्रखंड प्रशासन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिषद चंदवा में योग शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ विजय कुमार, चिकित्सा प्रभारी नंदकुमार पांडेय व मुखिया संगीता लकड़ा ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम की व सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक ने सभी को इस सामान्य योग अभ्यास के साथ सामूहिक योगाभ्यास कराया। उन्होंने सामान्य योग के विभिन्न क्रियाओं को कराया। साथ ही योगाभ्यास करने की विधि, उसके फायदे एवं योगाभ्यास के विभिन्न क्रियाओं को करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। मौके पर सभी चिकित्सक, सभी स्वास्थ्यकर्मी समेत प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## योग दिवस पर योग का अभ्यास


योग करते डीवीसी के अधिकारी व अन्य।

**लातेहार।** विश्व योग दिवस पर द कार्निवल होटल परिसर में अवस्थित डीवीसी कार्यालय में योग प्रशिक्षक मुकेश कुमार पांडेय ने योग एवं प्रणायाम का अभ्यास कराया। उन्होने योग व प्रणायाम की कई क्रियाओं की जानकारी दी। श्री पांडेय ने कहा कि योग से असाध्य रोग तक ठीक हो जाते हैं। इसे नियमित अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। योग प्राचीन भारत की देन है। आज पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। उन्होने बताया कि योग दिवस 2023 का थीम 'वसुधैव कुटुंबकम है और इसका अर्थ होता है धरती एक परिवार है। मौके पर डीवीसी के ईडी (माईनिंग) जगेश कुमार मांडिये ने भी नियमित योगाभ्यास करने की अपील की और कहा कि शरीर को उजार्वान एवं स्फूर्द्ध बनाने के लिए योग आवश्यक है। मौके पर डीजीएम (माईनिंग) अरविंद कुमार ठाकुर, वरीय प्रबंधक (मेकेनिकल) एसएन दास, वरीय प्रबंधक (माईनिंग) मनीष कुमार, वरीय प्रबंधक (मेकेनिकल) मनोज कुमार, प्रबंधक (फाईनेंस) उमेश यादव व उप निदेशक (एचआर) रवि प्रकाश तिवारी आदि उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है योग: राकेश सहाय


योग कराते बीडीओ राकेश सहाय।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ निरोग रहने के लिए नियमित योग करना चाहिए: शुभांकुर कुमारी

**बरवाडीह।** बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, थाना और पंचायत सचिवालय सहित सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम आयुष विभाग के द्वारा बरवाडीह के रेलवे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान में हुआ। जिसमें जीप सदस्य संतोषी शेखर और आयुष चिकित्सक शुभांकर कुमारी ने फीता काटकर योग शिविर का शुभारंभ किया। यहां सैकड़ों लोगों, महिलाओं और बच्चों ने एक साथ योग किया। जहां आयुष चिकित्सक शुभांकुर कुमारी ने लोगों से अपील किया कि आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी लोग संकल्प लें कि सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि हर रोज योग करेंगे। ध्यान रहे कि निरोग रहने के लिए नियमित योग करना चाहिए। दूसरी ओर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड और अंचल के कर्मियों को बीडीओ राकेश सहाय और पशुपालन पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने योगाभ्यास कराया। जहां बीडीओ ने कहा कि योग स्वास्थ्य के क्षेत्र की सबसे प्राचीन विद्या है, जो तन के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ करता है। उन्होंने कहा कि योग अपने आप से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। योग हमें न केवल निरोग बनाता है, अपितु खुद को साबित करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने सभी लोगों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। वहीं पंचायत सचिवालय में मुखिया कालो देवी की उपस्थिति में योग शिक्षक रेखा पाठक के द्वारा उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आयामों की जानकारी दी गई। यहां मुखिया ने योग शिक्षक रेखा पाठक को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

## योग दिवस के अवसर पर योग कक्ष का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता


उद्घाटन करते अतिथि।

**बारियातू।** प्रखंड के आयुष हेल्थ एन्ड राजकीय होम्योपैथिक औषधालय सिबला मे योग कक्ष का उद्घाटन मुखिया सुरेश उरांव, आयुष चकित्सक नौशाद आलम, योग शिक्षक अंजली कुमारी सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से फिताकाटकर किया। योग कक्ष उद्घाटन के पश्चात औषधालय परिसर मे अंजली कुमारी ने तड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्धचक्रषण, भद्रासन सहित अन्य योग कराया। वहीं आयुष चकित्सक मो. नौशाद आलम व संदीप कुमार ने योग के लिए निःशुल्क पुस्तक का भी वितरण किया। योग कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य राज किशोर मिश्र, शशि कुमार सिंह, लक्ष्मण राम, बसंत कुमार, वीणा देवी, किरण देवी, बिनिता कुमारी, रेवत लाल यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# जंगली हाथियों का उत्पात जारी, दो घरों को ध्वस्त कर फसल को किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता


ध्वस्त घर दिखाते परिजन।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत साल्वे पंचायत के बरनी व डाढ़ा पंचायत के हनुमान चौकी टोला में मंगलवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाकर तीन ग्रामीणों का घर व फसल को नष्ट कर दिया। डाढ़ा पंचायत के नावाटोला ग्राम स्थित हनुमान चौकी निवासी महेश भगत पिता मनोहर भगत व करमा भगत पिता स्व फगुआ फगत का घर को हाथियों की झुंड ने घेर लिया। उसके बाद तोड़फोड़ करते हुए घर मे रखे सामग्री को खाकर नष्ट कर दिया। वहीं साल्वे के बरनी निवासी किसान मंगर गंझु के खेत मे लगे मौसमी मक्का फसल को खा एवं रौंद कर बर्बाद कर दिया। हथियो का झुंड मंगलवार अर्धरात्रि साल्वे के बरनी गाँव पहुंचे कृषक मंगर गंझु के एक एकड़ भूमि पर लगे मक्का, आम, केला, कटहल के लहलहाते तैयार फसल को व बागवानी को रौंदते हुए खाकर पुरी तरह बर्बाद कर दिया। जिससे किसान को दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं हनुमान चौकी निवासी महेश व करमा के बागीचा के बोन्ड्री को कई जगह क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे दोनों पीडित मजदूर का लगभग दो लाख रुपये का नुकसान होने की बात बताई। हाथियों की झुंड द्वारा क्षति किए जाने की सूचना पाकर बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, जिप सदस्य रमेश राम, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शहादेव, पंचायत के मुखिया सुरेश उरांव, पंसस संतोष भगत, उप मुखिया रिकशोना देवी, बारियातू के पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, सभी पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर मामले को लातेहार डीएफओ रौशन कुमार से बात कर पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग किया। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष ने सभी पीड़ित परिवार को नियम संगत मदद का भरोसा दिलाया।

## महिला की मौत

**बारियातू।** टोंटी पंचायत के इटके ग्राम स्थित बड़काटोला में साग तोड़ने के क्रम में पांच जून को बिजली करंट की चपेट में आने से ललिता टोप्पो 30 वर्षीय पति दिनेश उराँव गम्भीर रुप से घायल हो गयी थी। गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया था। लगातार 16 दिन ईलाज चलने के क्रम मे मौत हो गई। शव घर पहुंचते ही परिजनों सहित आसपास के ग्रामीणों मे मातम पसर गया। मौत के संबंध मे जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया की कोनार के पेड़ में चढ़कर साग तोड़ रही थी। विभाग के लापरवाही के कारण पेड़ के ऊपर से गुजरे ग्यारह हजार विधुत तार जर्जर होकर पेड़ से सटा हुआ था। बिजली प्रवाहित हुआ जिसके चपेट में आने से ललिता टोप्पो करंट के झटके से गिर पड़ी और अचेत हो गई। जिसे रिम्स मे ईलाज चल रहा था। ईलाज के दौरान मौत हो गई।

## भारतवासियों के लिए गौरव और गर्व का दिन है योग दिवस : अमित गुप्ता

➲ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर चंदवा में कई स्थानों पर लगा योग शिविर

**चंदवा।** हमें भारतीय होने का गर्व है, हमने उस देश में जन्म लिया जिस देश ने योग रूपी विज्ञान से सदियों से लालायित सम्पूर्ण विश्व को उस ज्ञान का आत्मसात करने का अवसर प्रदान किया है। आज अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस है। आज ही के दिन 2015 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने '21 जून'को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। योग क्षेम वहाम्यहं 'अर्थात अप्राप्त को प्राप्त करना और प्राप्त की रक्षा करना ही योग है। जीवन जीने की कला का नाम स्वयं को स्वयं के माध्यम से स्वयं तक पहुंचने की यात्रा का नाम है योग। उक्त बातें भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बुधवार को स्थानीय खेल स्टेडियम में आयोजित योग शिविर में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही। आगे कहा की योग भारतीय सभ्यता की विश्व को देन है।योग केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, महर्षि पतंजलि जैसे ऋषियों के अनुसार यह शरीर मन, बुद्धि और आत्मा को जोड़ने की समग्र जीवन पद्धति है। विविध प्रकार से योग की व्याख्या की गयी है, जिसे अपनाकर व्यक्ति शान्त व निरामय जीवन का अनुभव करता है। योग का अनुसरण कर संतुलित तथा प्रकृति से सुसंगत जीवन जीने का प्रयास करने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, जिसमें दुनिया के विभिन्न संस्कृतियों के सामान्य व्यक्ति से लेकर प्रसिद्ध व्यक्तियों का समावेश है। विश्व भर में योग का प्रसार करने के लिए अनेक संतों, योगाचार्यों तथा योग प्रशिक्षकों ने अपना योगदान दिया है। इसके अलावा प्रमोद दुबे, अनिल कुमार समेत कई अन्य लोगों ने मौजूद लोगों को युवा अध्यात्म की जानकारी दी। मौके पर गोपाल जयसवाल, विनय विद्यार्थी, किरण प्रसाद साहू, कृष्णा कुमार, जयेश बरु, दिनेश प्रसाद, अजय साहू, कुमार नवनीत समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# नौवां विश्व योग दिवस पर बालूमाथ में कई जगहों पर हुआ योग शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत कई जगहों पर 9 वां विश्व योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के जोगियाडीह स्थित बिरसा मैदान में योग शिविर का विधिवत उद्घाटन बालूमाथ बीडीओ ललिता बाखला, जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, योग समिति अध्यक्ष शैलेश सिंह, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर विद्या कोचिंग सेंटर, बीडीएस कोचिंग सेंटर, किड्स स्कूल के छात्र-छात्राओं समेत ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। योग प्रशिक्षक संतेंद्र कुमार सिंह के द्वारा उपस्थित लोगों को सूर्य नमस्कार, कपालभाति, स्वशासन, पद्मासन सहित कई योगासन कराया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लछमन कुशवाहा, रामकुमार गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, अमित कुमार, अजित ओझा, उपेंद्र रंगीला, ओमप्रकाश पांडे, लालदेव गंझु, अखिलेश भोक्ता, बबलू चौरसिया, शशिभूषण गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे। वहीं बालूमाथ स्तिथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में बालूमाथ सीएचसी में योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, गुलाम कुरैशी, मुकेश कुमार, अनिल कुमार, दीपक कुमार, कुंदन कुमार सहित कई लोग ने योगाभ्यास किया। वहीं सीसीएल द्वारा संचालित मगध-संघमित्रा क्षेत्र में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण, संजय कुमार चौबे, अमला अधिकारी (कार्मिक एवं प्रशासनिक), अभिषेक आनंद, उप प्रबंधक (कार्मिक) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु योगाभ्यास किया गया।

## मैट्रिक परीक्षा में सफल रही छात्राओं को किया गया सम्मानित


मौके पर उपस्थित शिक्षक व छात्रायें।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर मैट्रिक की परीक्षा में विद्यालय में टॉप 10 पर रही छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, डॉ. सुरेश राम, शैलेश सिंह, मो. शमीम ने बच्चों को मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर बोलते हुए जिप सदस्य प्रियंका कुमारी ने कहा की पहले बच्चियों को शिक्षा से दूर रखा जाता था लेकिन आज बच्चियां समाज और परिवार का नाम रोशन कर रही है। महिलाओं को शिक्षा का अधिकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने दिलाया। वहीं भाजपा नेता शैलेश सिंह ने कहा कि इंतजार करने वाले को उतना ही मिलता है जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। उन्होंने सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा का मतलब सिर्फ पढ़ना नहीं होता बल्कि समाज में बदलाव लाना होता है। मौके पर मैट्रिक की परीक्षा में जिला टॉपर रही विद्यालय की छात्रा ऊषा रानी को विद्यालय परिवार की ओर से 5100 रुपए नगद व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वही अन्य विद्यालय टॉपर संध्या कुमारी, पूजा कुमारी, पुष्पा कुमारी, सोनालिका कुमारी, अंजू कुमारी, तन्नू कुमारी, लछमी कुमारी, नेहा कुमारी, रंजू कुमारी को शील्ड-मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका अनिता बारा ने बताया कि विद्यालय में प्रथम श्रेणी में 100 छात्राएं प्रथम श्रेणी से, वही 50 छात्राएं द्वितीय श्रेणी से, वही दो छात्राएं तृतीय श्रेणी से पास हुई है। मौके पर प्रधानाचार्य अनीता बारा, चंचल सिंह, रेखा कुमारी, निर्मल सिन्हा, संजीत कुमार, विमला कश्चयप, दिलीप शर्मा, चंदन दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पशुधन विकास योजना के तहत किसानों के बीच बकरी का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता


लाभुकों के बीच बकरी वितरण करते।

**बारियातू।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित पशुपालन कार्यालय परिसर से बुधवार को प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, डॉक्टर सुशिला वागे ने संयुक्त रूप से नौ लाभुकों के बीच बकरी तथा बकरे का वितरण किया। उक्त सबंध में जानकारी देते हुए पशुपालन विभाग के डॉक्टर वागे ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 90% सब्सिडी पर लाभुकों को चार बकरी तथा एक बकरा दिया जा रहा है। इसी योजना अंतर्गत लाभुक पिन्टू उरांव, रोहीत बैठा, किशुन गंझु, सविता देवी, सुकरमनी देवी, उर्मिला देवी, माखो देवी, व मनोज उरांव कुल नौ लाभुकों के बीच वितरण किया गया। वहीं सभी लाभुकों को आवश्यक दवा भी दिया गया। बकरी-बकरा वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों को संबोधित करते हुए प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। इसलिए आप लोग बेहतर ढंग से बकरी पालन करें और अपना आमदनी को बेहतर कर आर्थिक स्थिति मजबूत करें। आगे कहा कि बकरी पालन किसानों के लिए एटीएम के समान होता है और वह जब चाहे इसे बेच कर अपनी जरूरत पुरी कर सकते हैं। इसलिए आप लोग बेहतर ढंग से बकरी पालन करें और आत्मनिर्भर बने। मौके पर पशुचिकित्सा के बिनोद बैठा, समाज सेवी गौतम सिंह, ननदु उरांव, लाल आशीष नाथ शहादेव सहीत कई लोग मौजूद थे।

# गूजराइ नदी में डूबने से 7 वर्षीय बालक की मौत,

खबर मन्त्र संवाददाता



➲ अपने भाई व बहन के साथ नदी में स्नान करने गया था मृतक कुलदीप

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गूँजराई गांव मे मंगलवार की देर शाम रूद मूर्तिया गांव स्थित गूँजराई नदी में नहाने गए जीतन भुइयां के 7 वर्षीय पुत्र कुलदीप भुइयां की मौत पानी मे डूबने से हो गयी। सूचना के बाद बुधवार की सुबह चंदवा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया व अन्तःपरिक्षण के बाद शव को परिजनो को सौप दिया। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि कुलदीप भुइयां अपने भाई व बहन के साथ नदी में स्नान करने गया था। काफी देर तक वह नदी में जमे पानी मे नहाता रहा, बहन व भाई दोनो उसे घर चलने को कहा लेकिन वह नही आया, जिसके बाद दोनो भाई बहन उसे नदी में नहाते छोड़ घर आ गए व रथ मेला देखने चंदवा आ गए। शाम में पिता काम से घर लौटे तो कुलदीप को घर पर नही देख तो खोजबीन शुरू की व इसकी सूचना चंदवा पुलिस को भी दी, खोजबीन के दौरान ही बुधवार की सुबह कुलदीप का शव नदी के पानी मे तैरता हुआ मिला। इधर कुलदीप के मौत के बाद परिजनों में मातम छा गया है व रो-रोकर बुरा हाल है।

## सरकारी चापाकल को बाउंड्री के अंदर कर किया कब्जा, ग्रामीणों ने डीसी से लगायी गुहार

**चंदवा।** प्रखंड के बारी पंचायत अंतर्गत रामपुर गांव के बरनी टोले में रंजीत साव पिता सूरज साव के द्वारा सरकारी चापाकल को बाउंड्री के अंदर कब्जा कर लिए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त भोर सिंह यादव ने नाम लिखित आवेदन देकर चापाकल को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर गुहार लगायी है। ग्रामीणों ने बताया कि रंजीत यादव के द्वारा जिस चापाकल को बाउंड्री के अंदर कब्जा कर लिया गया है, उससे टोले के लगभग 20 परिवार के लोग पानी पीते थे। चापाकल के बाउंड्री के अंदर कर लिए जाने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिये काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से चापाकल को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। मांग करने वालो में शिवलोचन भुइयां, अनुज यादव, अखिलेश यादव, उमेश यादव, लीलावती देवी, रेशमी देवी, रीता देवी, सविता देवी, प्रमिला देवी, फुलमनी देवी, सुनीता देवी, अनिता देवी, प्रमिला देवी, बिजेंद्र प्रसाद समेत अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

**क्या कहते हैं बीडीओ**

इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ विजय कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें नही है, अगर ऐसा मामला सामने आ रहा है तो पीएचईडी विभाग से मामले की जांच कराकर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

पेज 3 का शेष

## योगमय हुई दुनिया...

।एक वीडियो संदेश में पीएम ने कहा कि भारतीयों ने हमेशा नये विचारों का स्वागत किया है और उन्हें संरक्षण दिया है तथा देश की समृद्ध विविधता का जश्न मनाया है। **प्राणी से प्रेम का आधार है योग :** पीएम ने कहा, योग हमारी अन्तः दृष्टि को विस्तार देता है, उस चेतना से जोड़ता है जो जीव मात्र की एकता का अहसास कराता है और प्राणी मात्र से प्रेम का आधार देता है। योग का प्रसार भारत के विचार का विस्तार है, जो पूरे संसार को एक परिवार के रूप में समाहित करता है। उन्होंने कहा, योग के विस्तार का अर्थ है- वसुधैव कुटुंबकम की भावना का विस्तार। मोदी ने कहा, संयुक्त राष्ट्र में योग दिवस का प्रस्ताव जब ले कर आया था तो रिकॉर्ड देशों ने इसे समर्थन दिया था। उन्होंने कहा, तब से लेकर आज तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जरिए योग एक वैश्विक आंदोलन बन गया है, वैश्विक भावना बन गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने वहां मौजूद सभी अतिथि और गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया और हिंदी में नमस्कार के साथ सबको ग्रीट किया। पीएम ने कहा कि योग हम सबको जोड़ता है।

## तन-मन दोनों को स्वस्थ...

**देश का दूसरा योग स्टूडियो रांची में बना- महुआ माजी :** योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं झामुमो नेता और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में आयुष और योग का तेज गति से विकास हुआ है। जितना विकास पिछले 03 वर्षों में हुआ है, उतना विकास पहले नहीं हुआ। महुआ माजी ने कहा कि किसी कारणवश मुख्यमंत्री भले ही इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए हों, लेकिन उनकी प्राथमिकता में योग और आयुष रहा है। महुआ माजी ने कहा कि झारखंड में भारत का दूसरा योग स्टूडियो बना है, जिससे योग घर घर पहुंचेगा। यह खुशी की बात है। आयुष को विकसित करने पर सरकार का ध्यान-अपर मुख्य सचिवः इस मौके पर राज्य के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सरकार का पूरा ध्यान आयुष को विकसित करने पर है। यही वजह है कि राज्य में आयुष का बजट बढ़ाया जा रहा है। पिछले वर्ष जहां 130 करोड़ का बजट था, वहीं इस वर्ष इसे 159 करोड़ का किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 745 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चल रहे हैं। दो धनवंतरि अस्पताल तथा कई धनवंतरि क्लीनिक खोले जा रहे हैं। राज्य के 10 जिलों में पंचकर्म चिकित्सा केंद्र खोलने की प्रक्रिया चल रही है। आयुष की दवाइयां बड़े पैमाने पर खरीदी गई हैं। बुजुर्गों के लिए हर महीने के तीसरे शनिवार को विशेष ओपीडी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग, खुद को स्वस्थ रखने की प्राचीनतम पद्धति है। यह प्रिवेंटिव वे ऑफ लाइफ है।

## 10 घंटे की पूछताछ में...

दरअसल रांची के चेशायर होम रोड की जमीन विष्णु अग्रवाल ने सत्ता के पावर ब्रोकर कहे जाने वाले प्रेम प्रकाश के करीबी पुनीत भार्गव से खरीदी थी। जमीन के फर्जी कागजात अफसर अली ने कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर बनाए थे। इस मामले में विष्णु अग्रवाल की भूमिका भी सामने आयी। मई महीनें में भी ईडी ने विष्णु अग्रवाल को समन किया था, लेकिन तब स्वास्थ्य कारणों से उनसे पूछताछ नहीं हो पायी थी। **इजहार के नाम पर 12 शेल कंपनियां :** इजहार अंसारी के नाम पर 12 से अधिक शेल कंपनियां हैं। इन्हीं शेल कंपनियों के नाम पर कोयला तस्करी के पैसों को हवाला के जरिए इधर-उधर किया जाता था। इडी की टीम इजहार अंसारी की सभी शेल कंपनियों के दस्तावेज को हासिल कर जांच में जुट गई है। इजहार पिछले 40 वर्षों से कोयला के कारोबार से जुड़ा है।

## कम आबादी वाले गांव...

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य पर प्रमुखता के साथ फोकस रखें। ग्रामीण कार्य विभाग वैसे सड़क जो महत्वपूर्ण संस्थान जैसे प्रखंड मुख्यालय, सामुदायिक-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेलवे स्टेशन, बस डिपो, महाविद्यालय- विद्यालय, पंचायत कार्यालय, विभिन्न हाट बाजार, स्वास्थ्य उपकेंद्र इत्यादि को जोड़ती है, वैसे सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लायें। ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित किए जाने वाले सड़कों के लिये एक सॉफ्टवेयर वेस्ट मेकैनिज्म तैयार करें। ग्रामीण कार्य विभाग के साथ मिलकर पथ निर्माण विभाग नेटवर्क रोड बनाने तथा उनकी संख्या बढ़ाने एवं चिन्हितकरण के लिये एक सॉफ्टवेयर बेस्ड कार्यप्रणाली तैयार करे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग सड़कों पर स्थापित टोल टैक्स केंद्रों पर मैनुअल टोल टैक्स की प्रथा को बंद कर फास्टैग सर्विस अनिवार्य रूप से लागू करे। मौके पर संबंधित विभागीय अधिकारियों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तावित सहजानंद चौक के पास से जज कॉलोनी तक एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी रखी तथा मुख्यमंत्री को एलिवेटेड निर्माण कार्य की बिंदुवार प्रेजेंटेशन दी। बैठक में मंत्री आलमगीर आलम, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, वंदना दादेल, अजय कुमार सिंह, विनय कुमार चौबे, सुनील कुमार, मुरारी भगत, केके लाल, राजेश कुमार सिंह, ईसी, एनएच वाहिद कमर फरीदी, चीफ इंजीनियर, सीडीओ उमेश कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सियाचिन में सेना किया योग, सभी सीमाओं पर बनाई भारतमाला

## नौसेना के 9 युद्धपोतों ने 9 देशों में योग और वसुधैव कुटुम्बकम का दिया संदेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना और नौसेना ने बुधवार को नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया। सेना ने देश के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में योग सत्र आयोजित करके भारतमाला बनाई। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे दिल्ली कैंट के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में शामिल होकर योग को दैनिक आदत बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए सभी स्टेशनों, इकाइयों और जहाजों पर योग सत्रों का आयोजन किया। देश के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में योग का आयोजन करने के लिए बनाई गई भारतमाला का एक सिरा डोंग के पूर्वी छोर से शुरू हुआ, जहां सूर्य की पहली किरणें भारत में पड़ती हैं। भारतमाला का दूसरा सिरा पश्चिम क्षेत्र में राजस्थान के लोंगेवाला के रेत के टीलों तक गया, जहां 1971 का भीषण युद्ध हुआ था। इसी प्रकार सियाचिन की बर्फ से लदी चोटियों से कन्याकुमारी के दक्षिणी सिरे और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तक भारतमाला बनाई गई।



सैनिकों के परिवारों और स्थानीय लोगों को भी योग गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल किया गया।थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे दिल्ली कैंट के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। सेना प्रमुख की भागीदारी ने सभी को योग को दैनिक आदत बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मिशन क्षेत्रों और विदेशों में तैनात भारतीय सेना की टुकड़ियों के माध्यम से अफ्रीकी देशों में भी आउटरीच का आयोजन किया गया। सैनिकों की तैनाती के स्थान की परवाह किए बिना भारतीय सेना योग प्रोटोकॉल को अपनी दैनिक गतिविधियों का हिस्सा बनाने में हमेशा सबसे आगे रही है। भारतीय सेना ने दूर दराज के सीमावर्ती क्षेत्रों में योग का प्रसार करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया। पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) ने सभी स्टेशनों, इकाइयों और जहाजों पर योग सत्रों का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 13 हजार से अधिक नौसेना कर्मियों, रक्षा सुरक्षा कोर, रक्षा नागरिकों और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। पूर्वी समुद्र तट के पार तैनात पूर्वी नौसेना कमान के जहाजों ने भी समुद्र और पूर्वी तट पर विभिन्न बंदरगाहों पर योग किया।

नौसेना के जहाज आईएनएस किल्टन ने चट्टोग्राम (बांग्लादेश), आईएनएस चेन्नई ने सफागा (मिस्र), आईएनएस शिवालिक ने जकार्ता (इंडोनेशिया), आईएनएस सुनयना ने मोम्बासा (केन्या), आईएनएस त्रिशूल ने तोमासिना (मेडागास्कर), आईएनएस तरकश ने मस्कट (ओमान), आईएनएस वागीर ने कोलंबो (श्रीलंका), आईएनएस सुमित्रा ने फुकेत (थाईलैंड) और आईएनएस ब्रह्मपुत्र ने दुबई (यूएई) में योग और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया।



आइएनएस विक्रांत पर सैनिकों के संग योग करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

# मोदीमय हुआ न्यूयॉर्क

## प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए लंबी यात्रा कर पहुंचे कई भारतवंशी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल प्रवासियों को करेंगे संबोधित**

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर भारतीय मूल के नागरिकों में खासा आकर्षण देखा जा रहा है। लंबी यात्रा कर पहुंचे लोग अपने प्रिय नेता से मिलने हाथों में तिरंगा लिए और मोदी-मोदी के नारे लगाते हुए सड़कों के किनारे देखे गए।



पीएम मोदी ने भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट पर और सड़कों के किनारे भारतवंशी लोगों की लंबी लाइन देखी गई। पीएम मोदी से मिलने पहुंचे 69 वर्षीय हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भोलानाथ रामा और उनकी पत्नी सुनीता रामा न्यूयॉर्क पहुंचे थे। यह दंपति पीएम मोदी से मिलने के लिए ओहायो से नौ घंटे की यात्रा तय कर यहां पहुंचा था। डॉ. भोलानाथ ने कहा कि पीएम मोदी भारत के लिए सबसे अच्छे व्यक्ति हैं। वह देश की प्रगति के लिए सबकुछ कर रहे हैं। रामा ने कहा कि मोदी का समर्थन किया जाना चाहिए।

रामा ने भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार की कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो नेताओं को दंडित कर रहे हैं। भारतवंशी रश्मिन एस मास्टर ने गुरुवार को वाशिंगटन डीसी में प्रधानमंत्री के स्वागत समारोह को देखने के लिए उत्साह के साथ अपना प्रवेश टिकट दिखाया। मास्टर (70) मोदी को भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने का श्रेय देते हैं। उन्होंने कहा कि मैं 1975 से अमेरिका में हूं। मोदी जो बदलाव लाए हैं, मैंने उसे देखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जून को प्रवासियों की एक सभा को संबोधित करेंगे।

इस कार्यक्रम में 1,000 लोग ही शामिल हो सकते हैं। इस बीच, कई लोग वाशिंगटन डीसी में दक्षिण लॉन में प्रधानमंत्री के औपचारिक स्वागत का निमंत्रण प्राप्त करने के प्रयास में जुटे हैं। मास्टर ने अपने मोबाइल पर टिकट दिखाते हुए कहा कि मैं भाग्यशाली हूं। शास्त्रीय नृत्यांगना दिशा पांड्या लॉन्ग आइलैंड से दो घंटे की ट्रेन यात्रा के बाद दो बच्चों के साथ होटल पहुंचीं। उनकी एकमात्र इच्छा मोदी की एक झलक पाने की है और उन्हें भरोसा है कि उनका सपना पूरा होगा। मोदी जिस होटल में ठहरेंगे, उसके बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच भारतीय अमेरिकियों के उत्साही समूह ने दिल खोलकर उनके समर्थन में नारे लगाए। अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा के लिए मोदी मंगलवार को न्यूयॉर्क पहुंचे हैं।

### मोदी ने एलन मस्क को दिया भारत में निवेश का आमंत्रण

**नयी दिल्ली/न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से मुलाकात की और उन्हें भारत में इलेक्ट्रिक कार क्षेत्र और वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। दोनों के बीच ऊर्जा से लेकर अध्यात्म जैसे विविध विषयों पर बातचीत हुई। मुलाकात के बाद श्री मोदी ने ट्वीट किया कि एलन मस्क से मुलाकता बेहद शानदार रही। हमें ऊर्जा से लेकर आध्यात्म जैसे विविध विषयों पर बहुआयामी बातचीत की। टेस्ला कंपनी के सीईओ एलन मस्क ने भी ट्वीट कर कहा ह्व प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी से बहुत शानदार बातचीत हुई। इस बैठक के बाद श्री मस्क ने कहा कि मैं भारत के भविष्य को लेकर बेहद उत्सुक हूं। भारत में अन्य देशों की अपेक्षा अधिक संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री मोदी वास्तव में भारत की चिंता करते हैं क्योंकि वह हमें भारत में महत्वपूर्ण निवेश करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, हम निवेश करने की इच्छा भी रखते हैं । भारत में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावना है ।



# हैदराबाद में तीन हजार दिव्यांगों ने एक साथ योग कर बनाया रिकॉर्ड



**इंटरनेशनल वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में बनायी जगह**

एजेंसी

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक सामूहिक योग कार्यक्रम में देश भर से 3,000 से अधिक दिव्यांगजनों ने भाग लिया। आयोजकों ने दावा किया है कि इस कार्यक्रम को कई बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से मान्यता मिली है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पूरे भारत में दिव्यांगजनों के सामूहिक योगाभ्यास ने इंटरनेशनल वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाई है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पहली बार देश भर में विभिन्न स्थानों पर 20,000 दिव्यांगजनों ने योग कार्यक्रमों में भाग लिया, जबकि उनमें से 3,000 लोगों ने हैदराबाद में योगाभ्यास किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2015 में भारत द्वारा पेश किए गए एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसके बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया था।

## स्पीड न्यूज

### पाक : शिक्षण संस्थानों में होली मनाने पर रोक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में होली मनाने पर रोक लगा दी गयी है। पाकिस्तान के विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में होली का उत्सव बेहद खास माना जाता है। 12 जून को ही इस्लामाबाद स्थित कायदे-ए-आजम विश्वविद्यालय में होली का महोत्सव आयोजित हुआ था। अब पाकिस्तान के उच्च शिक्षा आयोग ने आदेश जारी कर विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के परिसरों में होली का उत्सव मनाने पर पाबंदी लगा दी है।

### पूर्व सांसद निहाल सिंह जैन का निधन

**आगरा।** पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता निहाल सिंह जैन का लम्बी बीमारी के बाद यहां मंगलवार देर रात एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि मंगलवार देर रात उन्होंने आखिरी सांस ली। उनके परिवार में पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री है।

### संजय राउत के करीबी के घर पर इडी के छापे

**मुंबई।** इडी ने उद्योगपति सुजीत पाटकर और अन्य के खिलाफ कथित कोविड केंद्र घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बुधवार को मुंबई में 15 स्थानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पाटकर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के करीबी माने जाते हैं। अधिकारी ने कहा कि कथित अस्पताल प्रबंधन ठेका घोटाले के सिलसिले में युवा सेना (ठाकरे) की कोर समिति के सदस्य सूरज चव्हाण के आवास पर और बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के कुछ अधिकारियों और आईएएस अधिकारी संजीव जायसवाल सहित अन्य लोगों के परिसरों पर यह छापेमारी की।

### उद्धव के काफिले से अतिरिक्त वाहन हटा

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, उनकी पत्नी रश्मि और बेटे आदित्य ठाकरे के सुरक्षा काफिले से अतिरिक्त वाहन हटा लिए हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। शिवसेना (यूबीटी) के एक अधिकारी ने दावा किया कि उपनगर बांद्रा में स्थित ठाकरे परिवार के आवास मातोश्री के बाहर भी सुरक्षाकर्मियों की तादाद कम कर दी गई है, लेकिन पुलिस ने कहा कि सुरक्षा प्राप्त किसी भी व्यक्ति की सुरक्षा का स्तर कम नहीं किया गया है।

### बंगाल में वज्रपात से सात लोगों की मौत

**इंग्लिश बाजार।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में बुधवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से तीन बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुराने मालदा में बिजली गिरने से एक जबकि कालियाचक इलाके में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान कृष्ण चौधरी (65), उम्मे कुलसुम (छह), देबोश्री मंडल (27), सोमित मंडल (10), नजरूल एसके (32), रोबिजोन बीबी (54) और एसा सरकार (आठ) के रूप में हुई है।
बोल बच्चन गिरोहह्व का भंडाफोड़ कर चार सदस्यों को किया गिरफ्तार

### 'बोल बच्चन' गिरोह का भंडाफोड, चार गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एटीएम से पैसे निकालने में मदद करने के बहाने लोगों को ठगने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। कुरार थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बोल बच्चन गिरोह के चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस बोल बच्चन शब्द का इस्तेमाल उन अपराधियों के लिए करती है जो किसी व्यक्ति को बातचीत में उलझाकर धोखा देते हैं। धर्मवीर महतो , विवेक पासवान , बिरलाल साहा व किशोर महतो को उपनगर भांडुप से पकड़ा गया।

# एनडीए में शामिल हुए मांझी

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने बुधवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात के बाद हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने की घोषणा की।मांझी ने शाह के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि आज से हम राजग के सहयोगी हैं। हम राजग को समर्थन देने के लिए सहमत हो गए हैं और राजग भी हमारे साथ रहने के लिए तैयार है। हमने आज इसी पर चर्चा की। यह पूछे जाने पर कि क्या बैठक में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में सीटों के बंटवारे का मुद्दा उठा, उन्होंने कहा कि समय आने पर ऐसी कोई भी चर्चा होगी।उन्होंने कहा कि



फिलहाल हम राजग के साथ चलने पर सहमत हुए हैं और राजग भी हमारे साथ चलने को तैयार हो गया है। बैठक में हमने केवल इसी पर चर्चा की। मांझी ने अपने बेटे संतोष कुमार समुन के साथ शाह से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी उपस्थित थे। शाह से मुलाकात के बाद सुमन ने कहा कि मुलाकात हुई है और बहुत अच्छे वातावरण में बातें हुई हैं। सभी मुद्दों पर बात करने के बाद एक सहमति बनी है।

## शी जिनपिंग पर भड़के बाइडन, बताया तानाशाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने का नाम नहीं ले रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की चीनी राष्ट्रपति शी जिनिपंग से मुलाकात के अगले ही दिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन चीन के राष्ट्रपति पर भड़क उठे।

बाइडन ने जिनपिंग को तानाशाह करार दिया है।अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन यात्रा के दौरान सोमवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। मंगलवार की रात कैलिफोर्निया में एक शिलान्यास समारोह में बाइडेन ने कहा कि हाल ही में एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारा अमेरिका में घुस गया था, जिसे अमेरिकी लड़ाकू जेट ने उसे मार गिराया था।

# गायक हनी सिंह को गैंगस्टर बरार ने दी धमकी, प्राथमिकी

**नयी दिल्ली।** गायक हनी सिंह ने बुधवार को दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर आरोप लगाया कि उन्हें कनाडा में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी बरार से धमकियां मिली हैं।



सिंह ने कहा कि उन्हें यह धमकियां वॉइस नोट (ऑडियो संदेश) और कॉल के माध्यम से दी गई हैं। गायक ने पत्रकारों से कहा कि मेरे कर्मचारियों और मुझे गोल्डी बरार के नाम से फोन कर धमकी दी गई है। मैंने दिल्ली के पुलिस आयुक्त से आग्रह किया है कि मुझे सुरक्षा प्रदान की जाए और मामले की जांच की जाए। सिंह ने कहा कि मुझे ज़िदंगी में पहली बार धमकी मिली है और मैं डरा हुआ हूं। हमें कुछ वॉइस नोट भी मिले हैं। हमें ये धमकियां अंतरराष्ट्रीय नम्बर से आई हैं। सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बरार लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य है। उसने शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। मूसेवाला हत्याकांड में दायर आरोप पत्र के मुताबिक, बरार हत्या का मास्टरमाइंड है।

### गैंगस्टर बिश्नोई के प्रमुख साथी धराया

**नयी दिल्ली।** एनआईए ने बुधवार को कहा कि उसने पिछले साल पंजाब पुलिस की खुफिया शाखा के मुख्यालय पर आरपीजी हमले में शामिल एक आतंकी गिरोह के सदस्यों को पनाह देने में कथित संलिप्तता के मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के एक प्रमुख साथी को गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी आरोपी विकास सिंह ने फैजाबाद के दीपक सुरखपुर और दिव्यांशु को पनाह दी थी जिन्होंने मई 2022 में मोहाली में रॉकेट से ग्रेनेड हमला किया था। सिंह ने खुलासा किया है कि उसने सुरखपुर और दिव्यांशु को अयोध्या के गांव देवगढ़ में अपने घर में और गोमती नगर विस्तार, लखनऊ में अपने फ्लैट में कई बार पनाह दी है।

# पहली पत्नी के साथ नजर आए धर्मेंद्र

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र और अभिनेता सनी देओल के बेटे करण देओल ने 18 जून को बड़ी धूमधाम से शादी की। इस शादी की तस्वीरें और वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। करण और दिशा की शादी और रिसेप्शन में बॉलीवुड के कई कलाकार शामिल हुए थे, लेकिन हेमा मालिनी और उनकी बेटियां करण की शादी और दूसरे कार्यक्रमों में मौजूद नहीं रहीं।

पहली पत्नी से सनी और बॉबी धर्मेन्द्र के बच्चे हैं। उनकी पहली पत्नी का नाम प्रकाश कौर है। पोते करण की शादी में धर्मेन्द्र और प्रकाश कौर ने एक साथ फोटो खिंचवाई। करण अपनी फैमिली फोटोज शेयर करते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। प्रकाश कौर और धर्मेन्द्र, पूजा और सनी देओल पोज देते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में कई सालों बाद करण की शादी से पूजा देओल भी नजर आई।तस्वीरों में आचार्य और देओल परिवार पोज देते नजर आ रहे हैं।



### विद्या बालन की फिल्म नीयत का टीजर आउट

बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन फिल्म इंडस्ट्री का जाना माना नाम है। उन्होंने हमेशा ऐसी फिल्में की हैं, जहां अभिनेत्री का किरदार कहानी का हीरो बन जाता है। डर्टी पिक्चर, कहानी जैसी फिल्में इसका अच्छा उदाहरण हैं। कई ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद अब विद्या बालन एक बार फिर फिल्म नीयत से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। नीयत अनु मेनन द्वारा निर्देशित एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है। विद्या बालन फिल्म में जासूस मीरा राव की भूमिका में नजर आएंगी, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सुलझाएंगी।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Verma's Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

स्पीड न्यूज

## स्वास्थ्य कर्मियों को नहीं मिला 5 माह से वेतन

**धनबाद।** सदर अस्पताल में डीएमएफटी के तहत बहाल हुए लगभग 147 स्वास्थ्य कर्मचारियों को पिछले पांच महीने से वेतन नहीं मिला है। फिलहाल यह सभी कर्मी सदर अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों में काम कर रहे हैं। बुधवार को सदर अस्पताल में डीएमएफटी की टीम जब अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंची, तो स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखने का प्रयास किया। परंतु डीएमएफटी टीम के सदस्य इनकी बातों को सुने बगैर वहां से निकल गए। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में मायूसी है। अभी जिला प्रशासन की ओर से डीएमएफटी फंड के तहत इन स्वास्थ्य कर्मियों को वेतन दिया जाता है।

## दिव्यांग बच्चों के साथ सुदेश महतो का जन्मदिन मनाया

**धनबाद।** धनबाद शहर के सराय ढेला स्थित जैन विद्यालय में बुधवार को आजसू पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष मंटु महतो के नेतृत्व में दिव्यांग स्कूल पहला कदम में दिव्यांग बच्चो के साथ आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो का जन्मदिन के शुभ अवसर पर कैक काटकर मनाया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष हलधर महतो, कोयलांचल प्रभारी हिरालाल महतो, विश्वविद्यालय अध्यक्ष विशाल महतो, छात्र नेता विकास कुमार, बिनोद पासवान, शेखर महतो आदि उपस्थित थे।

## प्रज्वला महिला समिति ने ग्रामीणों के बीच मछरदानी बांटे

**कतरास।** बुधवार को दीक्षा महिला मंडल के अंतर्गत संचालित प्रज्वला महिला समिति, सीजुआ क्षेत्र के सदस्यों ने गड़ेरिया दुर्गा मंदिर के समीप रहने वाले महिलाओं, ग्रामीणों और बच्चों के बीच बरसात को देखते हुए चुकी डेंगू का प्रकोप कोयलांचल में बराबर होने की आशंका रहती है इसलिए मच्छरदानी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा काकोली राय, रत्ना गुप्ता, सुनीता सिंह, विमला मिश्रा, संटू झा, अर्पणा चौधरी अनीता कुमार आदि उपस्थित थी।

## स्वस्थ रहने के लिए योग करें : दीप नारायण सिंह

**कतरास।** बुधवार को श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने योग दिवस के अवसर पर योग किया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने क्षेत्र वासियों को योग दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रखने के लिए योग करना चाहिए। योग दिवस के अवसर पर यूथ फोर्स अपिल करती है कि स्वस्थ समाज निर्माण करने और स्वास्थ्य रहने के लिए योग करें।

## जगन्नाथ जी के पूजन को उमड़े श्रद्धालु



**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के सपाहीटांड व मधुकरपुर में भगवान जगन्नाथ बलभद्र, एंव सुभद्रा जी की रथ को दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र महतो समेत अन्य श्रद्धालुओं द्वारा मौसी बाड़ी पहुंचाने के पश्चात उनके पूजन व दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर गोमिया विधायक लंबोदर महतो, प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी, जिप सदस्य अमरदीप महाराज, सिकंदर कपरदार, शेर ए आलम, रवि शंकर मेहता, समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

## मैथन छठ घाट में योग शिविर का आयोजन

**कुमारधुबी।** बुधवार 21 जून को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है' इसी के उपलक्ष में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एग्यारकुंड प्रखंड प्रशासन द्वारा बुधवार की सुबह मैथन छठ घाट में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एग्यारकुंड प्रखंड के सभी लोग शामिल हुए। जिसमें प्रखंड के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित प्रखंड कर्मी मौजूद हुए। एग्यारकुंड प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मैथन छठ घाट में मनाया जा रहा है।

# योग दिवस पर सिंदरी में कई संगठनों ने किया योगाभ्यास

योग करने से इनसान निरोग और दीघार्यु बना जा सकता है

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को सिंदरी के कल्याण केंद्र सहित विभिन्न स्कूलों व शिक्षण संस्थानों में योगाभ्यास किया गया। इस मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी द्वारा कल्याण केन्द्र, बीआइटी सिंदरी में लेक्चर हॉल काम्प्लेक्स के समीप, सिंदरी कॉलेज सिंदरी, डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी सहित बलियापुर प्लस टू हाई स्कूल ग्राउंड में लोगों ने योग कर निरोग रहने की कामना की।

कल्याण केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ की प्रखंड प्रमुख इंदु बाला व वंदना ने संधि योग व्यायाम व आसन के गुणों को बताते हुए अभ्यास कराया। बतौर मुख्य अतिथि सिंदरी विधायक पत्नी तारा देवी ने कहा कि सभी लोगों को 20 से 45 मिनट प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। इससे निरोगी काया व दीघार्यु बना जा सकता है। प्राचार्य सुनील पाठक ने कहा कि योग परम लक्ष्य मोक्ष तक पहुँचाने व जीवन में गति देने में सहायक है। कार्यक्रम में फायर स्टेशन सिंदरी के प्रभारी सुमंत सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर योग क्रियाओं का अभ्यास किए। बीआइटी सिंदरी में आयोजित कार्यक्रम में बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड सचिव पप्पू पंडित, रिक्की कुमार साहू, मिथिलेश कुमार, पतंजलि योगपीठ की महिला पदाधिकारी प्रीति सिंह और पुतुल देवी द्वारा योग के विभिन्न आसन कराए गए। इन आसनों में पादहस्तासन, अर्द्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन योग क्रियाओं के साथ प्राणायाम कराए गए। शिविर का उद्घाटन निदेशक डॉ डी के सिंह ने किया। डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में खेल शिक्षक अमित कुमार व शिवानी सिंह ने छात्रों सहित शिक्षकों को योगाभ्यास कराया। विद्यालय के बच्चों ने 154 वीं वाहनी सीआरपीएफ मुख्यालय में आयोजित योग समारोह में शिक्षकों सहित भाग लिया। मौके पर विद्यालय प्राचार्य अशुतोष कुमार ने कहा कि योग हमारे मन और विचारों की एकात्मकता में वृद्धि कराता है।

कल्याण केन्द्र के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी प्रबंध कारिणी समिति उपाध्यक्ष प्रो सुधीर कुमार सिंह, सचिव शशि भूषण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव, शैलेंद्र द्विवेदी, शैलेश सिंह, विजय सिंह, कामख्या सिंह, अरविंद खत्री, सिंदरी चेंबर सदस्य, गायत्री परिवार सदस्य व सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी और मदर टेरेसा स्कूल के छात्र, छात्रा व शिक्षक उपस्थित थे। वहीं बीआइटी सिंदरी के शिविर में निदेशक डॉ डी के सिंह, टीओपी हेड डा घनश्याम, डा पंकज राय, प्रो नरेश प्रसाद चौधरी, शिविर संयोजक डॉ राजीव वर्मा, प्रो जे एन महतो, प्रो बी डी यादव, प्रो चैतन्य शर्मा, प्रो एम के भगत, प्रो अरविंद कुमार, प्रो अनिल कुमार रजक, प्रो धनेश्वर महतो, प्रो राजीव रंजन, प्रो रविशंकर प्रसाद, सीताराम प्रसाद सहित शिक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की आधारभूत संरचना समीक्षा बैठक

बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता जैसे कई योजनाओं चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 1 एवं 2, झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, (जुडको लिमिटेड) एवं झमाडा के तहत कार्यान्वित योजनाओं के विकास की समीक्षा की।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने परियोजनावार अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी ली। उपायुक्त ने मामले में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाई करते हुए मामले के निष्पादन करने की बात कही। उन्होंने समय से परियोजना पूरी करने का भी निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, पीएचइडी 1 एवं 2 अभियंता, पथ प्रमंडल, विद्युत विभाग, जुडको, झमाडा के प्रतिनिधि समेत कई अन्य मौजूद रहें।

# टोटो रिक्शा और बाइक में हुयी टक्कर, एक की मौत, दर्जनों घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिले के तेतुलमारी रेलवे स्टेशन के शक्ति चौक के समीप बुधवार को बाइक और इलेक्ट्रिक रिक्शा (टोटो) में टक्कर हो गई। जिससे टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में एक की मौत और दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है।

बताया जाता है कि रानीगंज पश्चिम बंगाल से कुछ लोग तेतुलमारी पहुंचे थे। जहां से वह लोग एक टोटो रिक्शा पर सवार होकर रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी दौरान एक बाइक से टोटो रिक्शा की टक्कर हो गई। जिसके बाद टोटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया।

घटना में एक युवक मधु बाउरी की मौत और लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। वही कुछ घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जबकि कुछ लोग वहां के स्थानीय नर्सिंग होम में इलाजरत बताए जाते है।

# बाल विवाह को रोकने के लिए छात्राओं ने ली शपथ



**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के स्कूल चौक में स्थित कम्प्यूटर रेव्यूलेशन सेंटर में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व सहयोगिनी के बैनर तले बाल विवाह रोकने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें आरसीपीपी रांची के रीजनल इंचार्ज अरशद अली, सेवानिवृत्त शिक्षक दुर्गा प्रसाद प्रजापति व जमील अख्तर मुख्य रूप से मौजूद थे। अरशद अली ने कहा कि बाल विवाह अशिक्षा का मुख्य कारण एवं पूरी तरह कानूनी अपराध है। सेवानिवृत्त शिक्षक दुर्गा प्रसाद प्रजापति ने कहा कि बाल-विवाह जैसी सामाजिक बुराई का पूरी तरह अंत के लिए सभी को एक मंच पर आना होगा। जमील अख्तर ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही इस कुप्रथा का अंत किया जा सकता है। मौके पर सभी ने शपथ लेते हुए बाल विवाह रोकने का संकल्प लिया। कार्यशाला में विकास गोस्वामी, पम्मी कुमारी, काजल कुमारी, रितिका कुमारी, तस्लीम रजा, रमजान अंसारी, मोहम्मद सोहेल, अनीश रजा सहित सैकड़ों बच्चे मौजूद थे।

# युवा बेरोजगार मंच ने रोजगार के मांग को लेकर किया वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**केंदुआ।** बीसीसीएल कुसुंडा एरिया 6 के महाप्रबंधक कार्यलय में युवा बेरोजगार मंच के द्वारा कई मुद्दों को लेकर वार्ता किया गया। मंच के अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह उर्फ गुड्डु सिंह ने बताया कि धनसार कोलियरी पैच ₹स्त्र' में आने वाले नये आउटसोर्सिंग कम्पनी में स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन देने,ओर धनसार के तालाब में प्रति वर्ष कई लोगो की डूबने से मौत हो गई है। इस कारण तालाब को सुरक्षित करे। पिट वाटर का पानी को कई स्थानों में स्टैंड देकर पानी की समस्या को दूर करे ,धनसार क्षेत्र के कई कॉलोनियों में बिजली सप्लाई नियमित करने ।सदभावना आउटसोर्सिंग कम्पनी में नया टेंडर के द्वारा काम चालू होने जा रहा है। जिसमे स्थानीय लोगो को नियोजन देने का आग्रह किया गया। वार्ता मे महाप्रबंधक ने सभी पहलुओं पर सकारात्मक वार्ता किया तथा इसे पुरा करने की आश्वासन दी। इस दौरान मंच के अध्यक्ष ने कहा कि अगर हमारी मांगो को बीसीसीएल के महाप्रबंधक पूरा नही किये तो आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे। मौके पर बीसीसीएल के महाप्रबंधक वी के गोयल, परियोजना पदाधिकारी जी के मेहता व भाजपा युवा मोर्चा के राजेश गुप्ता, मंच के अनूप सिंह, राणा सिंह, वरुण ढिबर, उपेंद्र चौहान, दीपक सिंह, श्याम ठाकुर,बालेश्वर चौहान, नरेश राम,रामबाबू कुम्हार,सुनील पासवान, मोहित सिंह, प्रदीप राम आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# व्यवहार न्यायालय में योग शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** तेनुघाट कोर्ट - झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो, सुश्री कुमारी रंजना अस्थाना के निदेर्शानुसार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर जिला एवं जज प्रथम राजेश कुमार सिन्हा, कुटुंब न्यायालय राजीव रंजन, जिला जज दितीय अनिल कुमार, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी विशाल गौरव, अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम दीपक कुमार साहू, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी साक्षी श्रीवास्तव, रूपम स्मृति टोपनो एवं विभिन्न न्यायालयों के न्यायाधीशग, कर्मचारीगण, पीएलवि आदि उपस्थित थे। जिला जज प्रथम राजेश सिन्हा ने बताया की योग दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय बेरमो स्थित तेनुघाट में योग दिवस का आयोजन करते हुये उपस्थित व्यक्तियों को योगाभ्यास प्रति जागरूक किया गया। आमजन को योग से होने वाले लाभ से अवगत कराते हुए योग के प्रति जागरूक फैलायी जा रही है। आज के समय में हमारे जीवन में योग करना और भी बहुत जरूरी हो गया है। हमें अच्छे स्वास्थ के लिए योग करना अति आवश्यक हो गया है। एसडीजेएम दीपक कुमार साहू ने कहा कि योग का हमारे जीवन में काफी महत्व है। स्वस्थ शरीर के लिए सामान्य से बैठाने के लिए योग आज के युग में काफी आवश्यक है। इसलिए हम सभी को प्रतिदिन समय निकालकर योग जरूर करना चाहिए।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डीपीएस बोकारो में योगाभ्यास




**बोकारो।** बोकारो डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सहयोग से डीपीएस बोकारो में नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ एएस गंगवार के नेतृत्व में विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पूरे मनोयोग से योगाभ्यास किया। बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एवं बोकारो डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गंगवार ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, तनाव-मुक्ति एवं पढ़ाई में एकाग्रता के लिए उन्होंने योग को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। मौके पर विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन टीचर निभा कुमारी ने मुरली की मधुर तान के बीच छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को भुजंगासन, वृक्षासन, शशांकासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।

# योग व्यक्ति के समग्र विकास में सहायक होता है : दुर्गेश नंदन सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** बुधवार को अपने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगासन एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, समिति सदस्य उत्तम गयाली, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, विद्यालय के योग शिक्षक अजय कुमार पांडे, आचार्य श्री गिरिवर धारी राय एवं आभासी माध्यम से विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शरीर संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, वीरभद्रासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास सामूहिक रूप से हुआ। विद्यालय के योग शिक्षक अजय कुमार पांडे ने योग के महत्व को बताते हुए कहा कि शरीर, प्राण, मन, बुद्धि एवं आत्मा का एकीकरण ही योग है। अष्टांग योग हमारे जीवन से जुड़ा है। योग शरीर को कांतिमय बनाता है, चारित्रिक -नैतिक एवं आध्यात्मिक गुणों का विकास करता है। उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने कार्यक्रम की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग ही वह साधन है जो हमारा समग्र विकास कर सकता है। मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद ने आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर ही हम अपने जीवन में कामयाब हो सकते हैं और भारत को पुनः विश्व गुरु बना सकते हैं।

एक नजर में

## टासरा प्रोजेक्ट के विस्थापित रैयत चिंतामणी मंडल की ईलाज के दौरान हुई मौत

**सिंदरी।** सेल के टासरा प्रोजेक्ट के विस्थापित रैयत के डी 127 व 28 निवासी चिंतामणी मंडल की मंगलवार की देर रात धनबाद के जे पी अस्पताल में मौत हो गई। सरायढेला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है। के डी कालोनी के लोगों ने बताया कि मृतक को दो पुत्र हैं। बडा बेटा कोलकाता में नौकरी करता है। वहीं छोटा पुत्र मृतक पिता चिंतामणी मंडल के साथ ही रहता है। दोनों विवाहित हैं। इसके वाबजूद परिवार में बराबर कलह होता रहता था। कलह से तंग आकर चिंतामणी मंडल ने रविवार की देर रात घर में ही जहर खा लिया था। परिजनों को जानकारी मिलते ही उसे लेकर धनबाद के जे पी अस्पताल ले गए। जहाँ ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पड़ोसियों ने बताया कि चिंतामणि शांत विचार का व्यक्ति था लेकिन घर में पारिवारिक कलह के कारण वह जिंदगी की जंग हार गया। बताते चलें कि टासरा के विस्थापित रैयतों को विस्थापन के तौर पर एफसीआईएल सिंदरी के केडी कालोनी में सेल द्वारा अन्य विस्थापन की जगह पर अस्थायी तौर पर आवास मुहैया कराया गया है।

## नीलकंठ रवानी के नेतृत्व में चला महाजनसंपर्क अभियान



**राजगंज।** भाजपा राजगंज मंडल की ओर से और डाटा मैनेजमेंट के जिला संयोजक नीलकंठ रवानी के नेतृत्व में डोमनपुर गांव में महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत गांव के सभी घरों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा , सुशासन ओर गरीब कल्याण के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा चलाए गए और चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही गिरिडीह में होने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकताओं को सम्मिलित होने का आग्रह किया गया। मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेश चंद्र रवानी, युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री विक्रम ठाकुर, आशीर्वाद महतो , छोटेलाल रवानी, सुरेश महतो सुभाष रवानी, चरकु महतो, भगवान दास महतो, भीम रवानी,रुनिया देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स.शि.वि.मंदिर, बाघमारा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**बाघमारा।** स.शि.वि.मंदिर, बाघमारा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना व महर्षि पतंजलि के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार झा द्वारा मंचासीन अधिकारियों का परिचय करवाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धनबाद जिला के मा. जिला संघचालक विशु रवानी, धनबाद जिला के जिला बौद्धिक प्रमुख मुरारी प्रसाद, प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पांडे उपस्थित होकर योग कार्यक्रम सम्मिलित हुए। प्रचार्य महोदय ने योग दिवस की महत्ता को स्पष्ट करते हुए कहा 21जून को उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है और इस दिन सबसे अधिक ऊर्जा की प्राप्ति होती है । इसी वजह से 21जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। सभी को अपने जीवन मे योग अपनाना चाहिए।

## डीपीएस चास में विश्व योग दिवस का आयोजन

**बोकारो।** डीपीएस चास के प्रांगण में विद्यार्थियों को योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के बारे में बताया गया। शिक्षकों ने बच्चों को पद्मासन, वज्रासन, ताड़ासन, सुखासन, भ्रामरी आसन, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम सहित कई आसन तथा योग कराए और इसके माध्यम से सेहतमंद रहने के फायदे भी बताए। विद्यार्थियों के साथ-साथ कार्यवाहक प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे, खेल शिक्षक निखिल दत्ता सहित अन्य शिक्षकों ने भी योग कार्यक्रम में भाग लिया। चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि योग को हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। कार्यवाहक प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के विवरण की विस्तारपूर्वक चर्चा की।

## बीएसएल में कार्यकारी डीआई बीके तिवारी ने योग दिवस का किया उद्घाटन

**बोकारो।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बोकारो क्लब परिसर में बीएसएल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बीएसएल के कार्यकारी निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, ईडी (प्रोजेक्ट) चित्त रंजन मोहापात्रा, ईडी (एफ एंड ए) सुरेश रंगानी, ईडी (एम एम) अमिताभ श्रीवास्तव, ईडी (पी एंड ए) राजन प्रसाद, ईडी (माइंस) जयदीप दासगुप्ता तथा बोकारो संयंत्र के वरीय अधिशासी, कर्मचारी गण सहित उनके परिवार जनों के साथ बीएसएल स्कूल के छात्र व छात्राएं तथा योग केन्द्र सेक्टर-4 बोकारो के योग गुरु कृष्ण बंधु मिश्रा उपस्थित थे। योग गुरु श्री मिश्रा ने प्रतिभागियों को योग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और विभिन्न प्रकार के प्रयोगात्मक आसन तथा प्राणायाम का प्रदर्शन किया। उपस्थित समूह ने योग गुरु के मार्गदर्शन में विभिन्न आसनों का अभ्यास किया और इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यकारी निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने योग गुरु को शाल से अलंकृत किया। बीएसएल के विभिन्न स्कूलों में भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। कोलियरीज डिविजन तथा झारखण्ड ग्रुप ऑफ माइंस में भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कर्मियों सहित उनके परिवार जनों ने हिस्सा लिया।

## श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में योग दिवस का आयोजन

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में योग आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। योग दिवस पर पूरे विद्यालय परिसर को योग के अनुसार छात्रों के द्वारा बनाई गई पेंटिंग तथा योग आधारित आकर्षक नारों से सजाया गया था। विद्यालय के निदेशक, प्राचार्य, उप प्राचार्य तथा प्रभारियों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि बोकारो जिला ओलंपिक संघ के महा सचिव गोपाल ठाकुर को पौधा एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। योग की महत्ता का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में योग हमारा सर्वांगीण विकास करने में सहायक साबित हो रहा है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पी राजगोपाल ने कहा कि योग समस्त युवाओं के लिए संजीवनी के समान है। विद्यालय के निदेशक डॉ एसएस महापात्रा ने कहा कि योग तन और मन को स्वस्थ रखता है। योग प्रशिक्षकों के नेतृत्व में शिक्षकों, छात्रों प्रभारियों, बस चालकों, उप-चालकों, आयाओं तथा कर्मचारियों ने योगासन किया। छात्र/छात्राओं के समूह ने योग नृत्य के माध्यम से योग के विभिन्न मुद्राओं को प्रदर्शित किया।

## चंद्रपुरा : शिक्षण संस्थानों में मना गया

**चन्द्रपुरा** – अंतरराष्ट्रीय योग दिवश के अवसर पर दुग्दा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवश योगा कर मनाया गया। जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर दुग्दा पूर्वी पंचायत के दुग्दा बस्ती में, राजकीय प्लस टू हाई स्कूल दुग्दा , तेलो,चंद्रपुरा भंडारी दह समेत कई जगहों पर छात्रोंओ एवं पंचायत प्रतिनिधियों के अलावे आमजनों ने भाग लेकर योग किया। जहां दुग्दा पूर्वी पंचायत के मुखिया रीतलाल रजक ने बताया कि योग मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। योगा से कई बीमारियों की चपेट में आने से बचा जा सकता है। वहीं उप मुखिया वीरेंद्र यादव ने कहा कि अपनी दिन चर्चा के 24 घंटे में कम से कम एक घंटा योग के लिए अवश्य निकालना चाहिए। जो शरीर के लिए अति लाभदायक होता है। मौके पर दुग्दा पूर्वी पंचायत के मुखिया रीतलाल रजक, उप मुखिया वीरेंद्र यादव, पंचायत सचिव मधुसूदन महतो, विद्यालय अध्यक्ष पंचानंद पांडे, विद्यालय प्रिंसिपल महावीर कुमार, पतंजलि के योग प्रशिक्षक जानकी महतो समेत कई मौजूद थे।